आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 29°C | 24°C |

इनसाइड न्यूज

कानून के छात्रों के लिए सुनहरा अवसर: सार्वजनिक क्षेत्र में...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शनिवार 04 अक्टूबर, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 347 | www.janexpresslive.com/epaper



बिहार चुनाव की अधिसूचना से पहले... 12

# पाकिस्तान में 300 किलोमीटर भीतर हमला किया : एपी सिंह

## आईएएफ चीफ बोले, भारतीय जेट गिराने के दावे मनोहर कहानियां, पाकिस्तान के पास अगर सबूत है तो दिखाए, भारत ने पाक के एफ16 और जे17 गिराए

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान की तरफ से भारत के जेट गिराने के दावे सिर्फ मनोहर कहानियां जैसे हैं। अगर उनके पास कोई सबूत हैं तो दिखाएं। भारत ने उनके पांच फाइटर जेट तबाह किए हैं, जिसमें एफ16 और जे17 भी शामिल है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एपी सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुसकर हमला किया। पहलगाम अटैक के बाद हमने तय किया कि उन्हें इसकी कीमत चुकानी ही होगी। सेना को खुली छूट दी गई थी। हमने सटीकता से हमला किया। बाद में पाकिस्तान खुद युद्धविराम के लिए आगे आया। यह दूसरी बार है, जब एयरफोर्स चीफ ने पाकिस्तान के हुए नुकसान की जानकारी दी। इससे पहले 9 अगस्त को उन्होंने बताया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 5 लड़ाकू विमान गिराए गए थे। इसके अलावा एक सर्विलांस एयरक्राफ्ट को लगभग 300 किलोमीटर की दूरी से मार गिराया। यह सतह से हवा में टारगेट हिटिंग का अभी तक का रिकॉर्ड है।

### पाकिस्तान में नए आतंकी अड्डे बन रहे

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आतंकियों के नए अड्डे बनाने की खबरों पर एपी सिंह ने कहा, जाहिर है, यह होना ही था। हमें भी खबर मिल रही है वे शायद बड़े ढांचे बनाने की बजाय छोटे-छोटे ढांचे बना रहे हैं। लेकिन फिर भी हम उन्हें और उनके ठिकानों को नष्ट कर सकते हैं। इसलिए, हमारे विकल्प नहीं बदले हैं।



### पाक के दावों पर मैं बात क्यों करूं

अगर उन्हें लगता है कि उन्होंने हमारे (भारत) 15 जेट मार गिराए हैं, तो उन्हें सोचने दीजिए। मैं इसके बारे में बात क्यों करूं? आज भी, मैं इस बारे में कुछ नहीं कहूंगा कि क्या हुआ, कितना नुकसान हुआ, कैसे हुआ, क्योंकि उन्हें पता करने दीजिए। क्या आपने एक भी तस्वीर देखी है जहां हमारे किसी एयरबेस पर कुछ गिरा हो, हमें कोई टक्कर लगी हो, कोई हैंगर तबाह हुआ हो, या ऐसा कुछ?

### ये उनकी मनोहर कहानियां हैं

हमने उन्हें उनकी जगहों की इतनी सारी तस्वीरें दिखाईं। लेकिन, वे हमें एक भी तस्वीर नहीं दिखा पाए। ये उनकी मनोहर कहानियां है। उन्हें खुश रहने दीजिए, आखिरकार, उन्हें भी अपनी इज्जत बचाने के लिए अपने लोगों को कुछ तो दिखाना ही है। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

### पाकिस्तान को काफी नुकसान पहुंचाया

जहां तक पाकिस्तान के नुकसान का सवाल है। हमने बड़ी संख्या में उनके हवाई अड्डों और प्रतिष्ठानों पर हमला किया। इन हमलों के कारण, कम से कम चार स्थानों पर रडार, दो स्थानों पर कमांड और कंट्रोल सेंटर, दो जगह पर रनवे क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अलावा तीन हैंगर भी नष्ट किए और कम से कम 4 से 5 लड़ाकू विमान भी तबाह किए गए।

### हमने लक्ष्य के साथ युद्ध खत्म किया

भारतीय सेना को स्पष्ट संदेश दिया गया था। यह एक सबक है जो इतिहास में दर्ज होगा कि यह एक ऐसा युद्ध था जो एक लक्ष्य के साथ शुरू किया गया था और इसे बिना बढ़ाए तुरंत खत्म कर दिया गया।हम देख रहे हैं कि दुनिया में क्या हो रहा है, जो दो युद्ध (रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास) चल रहे हैं, उन्हें खत्म करने की कोई बात नहीं हो रही है, लेकिन हमने अपनी लड़ाई को उस स्थिति तक पहुंचाया, जहां दुश्मन युद्धविराम की मांग करने लगा। मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जो दुनिया को हमसे सीखने की जरूरत है।

### भारत ने पाक में 300 किलोमीटर भीतर तक हमला किया

नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत करते हुए वायुसेना प्रमुख एपी सिंह ने कहा कि वायुसेना प्रमुख ने कहा कि हमारी सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल ने पाकिस्तान के लड़ाकू विमानों को उनके ही क्षेत्र में भी उड़ने नहीं दिया था। ये इतिहास में दर्ज होगा कि हमने पाकिस्तान में 300 किलोमीटर भीतर तक हमला किया। इसके चलते पाकिस्तान कोई हिमाकत नहीं कर सका। वायुसेना प्रमुख बोले हम देख रहे हैं कि दुनिया में क्या हो रहा है। दो युद्ध चल रहे हैं और हाल-फिलहाल उनके खत्म होने की कोई चर्चा नहीं है, लेकिन हमने पाकिस्तान को उस स्थिति में पहुंचा दिया, जहां वह संघर्षविराम के लिए गिड़गिड़ाए और हमले रोकने की मांग करे। हमने एक राष्ट्र के तौर पर फैसला करते हुए हमले रोके क्योंकि हम जो चाहते थे, हम वो कर चुके थे। मुझे लगता है कि ये कुछ ऐसा है, जो दुनिया को हमसे सीखना चाहिए।

### एस-400 की तारीफ में कही ये बात

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान रूस से खरीदे गए एस-400 सिस्टम ने अहम भूमिका निभाई थी और पाकिस्तान के हर हवाई हमले को नाकाम कर दिया था। जब इसे लेकर सवाल किया गया तो वायुसेना प्रमुख ने कहा कि जाहिर है, इसने अच्छा प्रदर्शन किया। इसलिए, ऐसे और अधिक सिस्टम की जरूरत है। ये कितनी संख्या में खरीदे जा सकते हैं, इसकी कोई सीमा नहीं है। यह एक अच्छी हथियार प्रणाली साबित हुई है। हमारी अपनी प्रणाली भी विकसित हो रही है, इसलिए हम इस पर हर तरह से विचार करेंगे। उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान के बारे में एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा, जहां तक मैं समझता हूं, यह इसी दशक में उड़ान भरेगा। करीब 2028 में इसकी पहली उड़ान की योजना है और 2035 तक, इसे भारतीय वायु सेना में शामिल किया जाना है। मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि अगर हम वास्तव में चाहें, तो इसे समय-सीमा से पहले हासिल किया जा सकता है। यह संभव है। और जहां तक तकनीक का सवाल है, एएमसीए तकनीक हमारे दिमाग में बिल्कुल स्पष्ट है कि हमें क्या चाहिए और क्या जरूरी है और यह कहां और कैसे उपलब्ध है।

### एलसीए मार्क2 हमारी योजना में बहुत अहम

भारतीय वायु सेना प्रमुख ने कहा, जहां तक एलसीए एमके2 का सवाल है, मेरे हिसाब से, एलसीए एमके2, एमके1ए का ही विस्तार है। दोनों एक ही श्रेणी के विमान हैं, लेकिन एमके2 ज्यादा हथियार ले जाने में सक्षम होगा। यह रेंज और सहनशक्ति के मामले में भी बेहतर प्रदर्शन कर पाएगा। यह बड़े हथियार ले जाने में सक्षम होगा। इसलिए यह हमारी योजना में बहुत महत्वपूर्ण है। एसयू-57 के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि हमें सभी विकल्पों पर विचार करना होगा, और रक्षा मंत्रालय और भारतीय वायु सेना में किसी भी हथियार प्रणाली को शामिल करने की एक निश्चित प्रक्रिया है, और उसी प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। इसलिए जो भी आएगा वह इस बात पर निर्भर करेगा कि कौन सी जरूरतें पूरी होती हैं और हमारे लिए क्या सबसे अच्छा है।

### पाकिस्तान को हुए नुकसान की दी पूरी जानकारी

ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को हुए नुकसान की जानकारी देते हुए वायुसेना प्रमुख ने कहा कि जहां तक ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को हुए नुकसान की बात है, हमने उनके कई एयरफील्ड और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। हमारे हमलों के चलते उनके कम से कम चार रडार्स, दो कमांड और कंट्रोल सेंटर, दो जगहों पर रनवे, तीन अलग-अलग जगहों पर स्थित उनके हैंगर्स को नुकसान पहुंचाया। हमारे पास सबूत हैं कि उनका एक सी-130 श्रेणी का विमान, कम से कम चार से पांच लड़ाकू विमान, जिनमें एफ-16 शामिल हैं, इनके साथ ही एक एसएएम सिस्टम को भी तबाह किया गया। हमारे पास इसके पुख्ता सबूत हैं और हमारे सिस्टम से ये जानकारी मिली है।

# मस्जिद में जुमे की अंतिम नमाज अदा

## फिर सरकारी जमीन पर तैयार किया गया धार्मिक स्थल तोड़ने लगे सभी लोग



जन एक्सप्रेस। संभल

असमोली ब्लॉक के गांव रायाबुजुर्ग में दूसरे दिन मुस्लिम समाज के लोगों ने मस्जिद तोड़ने का काम जारी रखा। इससे पहले यहां जुमे की अंतिम नमाज अदा की गई। इसकी वजह चार दिन की अवधि की भीतर मस्जिद को ध्वस्त करना है। नमाज पढ़ने की सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई थी। हालांकि जब तक पुलिस पहुंची तब तक नमाज अदा की जा चुकी थी। यह मस्जिद तालाब की भूमि पर निर्माण कर ली गई है। इसके चलते इसको ध्वस्त किया जाना है। बृहस्पतिवार को मदरसा और मैरिज हॉल को बुलडोजर से ढा दिया गया था। डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई मौके पर पहुंचे थे। जुमे की नमाज से पहले कुछ लोग मस्जिद तोड़ते दिखाई दिए। दोपहर में लोग एकत्र हुए और नमाज अदा की गई। करीब 250 लोग मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करने के लिए पहुंचे। पड़ोसी गांव के मौलाना नमाज अदा कराने के लिए पहुंचे थे। पुलिसकर्मियों के सामने ही मस्जिद को तोड़ने के लिए कई लोग लग गए। शाम तक दीवारों को तोड़ने का काम चलता दिखाई दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिली थी लेकिन जब पुलिस गांव पहुंची तो मस्जिद को तोड़ने का काम चल रहा था। जांच कराई जा रही है।

### प्रशासन तानाशाह तरीके से काम कर रहा: सांसद बर्क

सपा के संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि मेरी लोकसभा क्षेत्र के गांव रायाबुजुर्ग में मदरसा और मस्जिद को गैर कानूनी बताकर बुलडोजर चलाना नफरत भरा अमल है। यह हमारे लोकतंत्र और संविधान पर सीधा हमला है। हर समाज का अपना आस्था का केंद्र होता है। मेरी लोकसभा में हमेशा से भाईचारा, मोहब्बत और आपसी सम्मान कायम रहा है। लेकिन इस सरकार का मकसद रहा है कि मजहब के नाम पर सियासत करके समाज में नफरत और फूट डालो। प्रशासन का काम जनता का भरोसा जीतना और संविधान की हिफाजत करना होता है लेकिन आज प्रशासन भी सरकार के इशारे पर तानाशाह तरीके से काम कर रहा है।

### धर्म के नाम पर राजनीति बंद हो: पिंकी यादव

असमोली विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक पिंकी यादव ने भी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है कि गांव रायाबुजुर्ग में बुलडोजर चलाना सरकार का द्वेषपूर्ण किया गया कृत है। क्या यह न्यायसंगत है? यह कृत्य अत्यंत निंदनीय है। ये खुलेआम तानाशाही है। पीडीए समाज के लोगों को परेशान किया जा रहा है। हर एक समाज का अपना-अपना आस्था का केंद्र होता है। आगे लिखा है कि तानाशाही सरकार धर्म के नाम पर राजनीति करना बंद करे। मैं प्रशासन के लोगों से भी कहना चाहूंगी प्रशासन लोक कल्याण के लिए सरकार जनहित के कल्याण के लिए होती है, लेकिन यहां केवल नफरत फैलाने का कार्य भाजपा के इशारे पर किया जा रहा है। घोर निंदनीय है। विधायक ने अंत में लिखा है इंकलाब जिंदाबाद।

# खाटू श्याम मंदिर जा रहीं मां-बेटी को डंपर ने कुचला

जन एक्सप्रेस। शाहजहांपुर



शाहजहांपुर यूपी के शाहजहांपुर स्थित चौक कोतवाली क्षेत्र में बरेली मोड़ स्थित खाटू श्याम मंदिर के पास शुक्रवार दोपहर दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। पति के दोस्त के साथ खाटू श्याम बाबा के दर्शनों को जा रही आरसी मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला दलेलगंज निवासी हिमांशु की 40 वर्षीय पत्नी स्वाति गुप्ता व उनकी दस वर्षीय बेटी आरना डंपर की कुचलकर मौत हो गई। कपड़े फंसने से महिला का शव करीब 20 मीटर तक सड़क पर घसीटा चला गया। भीड़ को आता देख चालक डंपर छोड़कर भागने लगा, लेकिन लोगों ने उसे पकड़कर चप्पल से पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया है। हिमांशु गुप्ता रूई-बत्ती का कारोबार करते हैं। शुक्रवार दोपहर एकादशी के चलते हिमांशु गुप्ता की पत्नी स्वाति गुप्ता और उनकी बेटी आरना बरेली मोड़ स्थित खाटू श्याम बाबा के दर्शन करने के लिए जा रही थीं। इस बीच हिमांशु का दोस्त मोहल्ला रोशनगंज निवासी प्रदीप उनके घर पहुंचा। उसने बताया कि वह भुगतान लेने के लिए बरेली मोड़ की ओर जा रहा था। दोस्ती में प्रदीप से पारिवारिक रिश्ते अच्छे होने के चलते हिमांशु गुप्ता की पत्नी और बेटी आरना उसके साथ खाटू श्याम बाबा के दर्शन के लिए चल दीं। मंदिर के पास पहुंचते ही कांट की ओर जा रहे डंपर की टक्कर लगने से बाइक पर बैठी स्वाति व उनकी बेटी गिर गईं। डंपर के पहिये के नीचे आने से कुचलकर मां-बेटी दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। स्वाति का शव डंपर में फंसकर करीब 20 मीटर सड़क पर घसीटता चला गया। पीछे से भीड़ को आता देख चालक डंपर छोड़कर भागा, लेकिन पब्लिक ने घेरकर पकड़ लिया। चौक कोतवाली इंस्पेक्टर अश्वनी सिंह ने प्रदीप से फोन नंबर लेकर मृतक महिला के परिजनों को सूचना दी।

### पत्नी और बेटी का शव को देख बिलख पड़ा हिमांशु

परिवार के लोगों के साथ मौके पर पहुंचे हिमांशु पत्नी और बेटी का शव को देख बिलख पड़े। साथ में आए लोगों ने उन्हें संभाला और घर लिए गए। इंस्पेक्टर अश्वनी सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर डंपर चालक पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# 'सहारा शहर' में कर्मचारियों का फूटा गुस्सा

## वेतन और पीएफ न मिलने पर दिया धरना



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सहारा समूह के कर्मचारियों ने मंगलवार को गोमती नगर स्थित सहारा शहर में वेतन और पीएफ (भविष्य निधि) जैसे लंबित भुगतान की मांग को लेकर कामकाज ठप कर धरना प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में एकत्रित कर्मचारियों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अपनी वर्षों की मेहनत के बदले बकाया भुगतान की मांग की। कर्मचारियों का आरोप है कि साल 2014 से अब तक उनका पीएफ नहीं जमा किया गया है। महीनों से वेतन का भी भुगतान नहीं हो रहा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उन्होंने अपना पूरा जीवन सहारा समूह में सेवा देकर गुजारा, लेकिन अब जब उन्हें सबसे अधिक जरूरत है, तो कंपनी ने उनका पैसा रोक रखा है।

### हमारा भविष्य अंधकारमय हो गया है

धरने में शामिल एक वरिष्ठ कर्मचारी ने कहा, हमने पूरी जिंदगी सहारा को दे दी, अब हमारी जिंदगीभर की कमाई फंसी हुई है। पहले हमारा पैसा दो, फिर कंपनी को बंद करो या जो करना है करो। लेकिन हमारे साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगे पूरी नहीं की गईं तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन छेड़ेंगे और कानूनी कार्रवाई के लिए बाध्य होंगे।

### प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं

धरने के दौरान सहारा समूह की ओर से कोई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, न ही अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी किया गया है। इससे कर्मचारियों में और भी नाराजगी देखी गई।

### सरकार और श्रम विभाग से हस्तक्षेप की मांग

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने राज्य सरकार और श्रम विभाग से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनका वेतन और पीएफ क्लियर नहीं किया जाता, वे पीछे हटने वाले नहीं हैं।

# आज बरेली जाएगा सपा का प्रतिनिधिमंडल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल आज बरेली जाएगा। वहां पर सपा नेता पुलिस के लाठीचार्ज में घायल लोगों के परिवारीजनों से मिलेंगे। उनसे बात करके घटना की जानकारी लेंगे। इसके बाद प्रदेश कार्यालय को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। सपा की तरफ से जारी कार्यक्रम में कहा गया कि 26 सितंबर को बरेली में जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोग समस्याओं को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जा रहे थे। रास्ते में पुलिस और पीएसी ने उन पर लाठीचार्ज किया।

# चारधाम यात्रा 2025 का समापन 25 नवंबर को

जन एक्सप्रेस। गढ़वाल

उत्तराखंड के प्रसिद्ध चारधामों- केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री-तथा पंचकेदारों के कपाट बंद होने की तिथियाँ घोषित कर दी गई हैं। पंचांग गणना और परंपराओं के अनुसार इस वर्ष चारधाम यात्रा का विधिवत समापन 25 नवंबर को बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के साथ होगा। इससे पहले अन्य सभी धामों के कपाट क्रमशः अक्टूबर और नवंबर में शीतकाल के लिए बंद हो जाएंगे।



### केदारनाथ धाम

**23 अक्टूबर को सुबह 8:30 बजे होंगे कपाट बंद**

केदारनाथ धाम के कपाट भैया दूज के पावन अवसर पर 23 अक्टूबर को सुबह 8:30 बजे बंद किए जाएंगे। इसके तुरंत बाद बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ के लिए प्रस्थान करेगी।

### डोली यात्रा का कार्यक्रम

**23 अक्टूबर:** रामपुर में रात्रि विश्राम
**24 अक्टूबर:** गुप्तकाशी के श्री विश्वनाथ मंदिर में विश्राम
**25 अक्टूबर:** ऊखीमठ पहुंचकर शीतकालीन गद्दीस्थल में विराजमान

### बदरीनाथ धाम: 25 नवंबर को दोपहर 2:56 बजे होंगे कपाट बंद

बदरीनाथ धाम के कपाट 25 नवंबर को दोपहर 2:56 बजे शीतकाल के लिए बंद होंगे। इससे पहले 21 से 24 नवंबर तक विशेष पंच पूजाएं आयोजित होंगी।

**पंच पूजाओं का कार्यक्रम**

**21 नवंबर:** गणेश पूजा और गणेश मंदिर के कपाट बंद
**22 नवंबर:** आदि केदारेश्वर व शंकराचार्य मंदिर के कपाट बंद
**23 नवंबर:** खड़क-पुस्तक पूजन
**24 नवंबर:** मां लक्ष्मी को विशेष भोग अर्पण
**26 नवंबर:** उद्धव, कुबेर और आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी पांडुकेश्वर और नृसिंह मंदिर, ज्योतिर्मठ के लिए प्रस्थान करेगी

बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने इस अवसर पर 2026 की यात्रा की तैयारियों की शुरुआत करते हुए हक-हकूकधारियों को पारंपरिक पगड़ी भेंट की।

### गंगोत्री धाम: 22 अक्टूबर को दोपहर 11:36 बजे होंगे कपाट बंद

गंगोत्री धाम के कपाट अन्नकूट पर्व के शुभ अवसर पर 22 अक्टूबर को दोपहर 11:36 बजे बंद किए जाएंगे। इसके बाद मां गंगा की शीतकालीन पूजा मुखबा गांव में की जाएगी।

### यमुनोत्री धाम: 23 अक्टूबर को दोपहर 12:30 बजे होंगे कपाट बंद

भैया दूज के अवसर पर 23 अक्टूबर को दोपहर 12:30 बजे यमुनोत्री धाम के कपाट बंद होंगे। मां यमुना की डोली अपने शीतकालीन प्रवास खरसाली गांव को प्रस्थान करेगी। विशेष धार्मिक परंपराओं के तहत शनिदेव की डोली बहन यमुना को लेने पहले पहुँचेगी।

### मदमहेश्वर मंदिर (द्वितीय केदार): 18 नवंबर को कपाट बंद

18 नवंबर को शुभ मुहूर्त में श्री मदमहेश्वर मंदिर के कपाट बंद होंगे। इसके साथ ही डोली यात्रा गद्दीस्थल ऊखीमठ के लिए प्रस्थान करेगी।

डोली यात्रा का कार्यक्रम

**18 नवंबर:** गोंडार **19 नवंबर:** राकेश्वर मंदिर
**20 नवंबर:** गिरिया
**21 नवंबर:** ऊखीमठ (मदमहेश्वर मेला भी इसी दिन)

### तुंगनाथ मंदिर (तृतीय केदार): 6 नवंबर को सुबह 11:30 बजे होंगे कपाट बंद

शीतकालीन गद्दीस्थल मक्कूमठ में तय की गई तिथि के अनुसार 6 नवंबर को सुबह 11:30 बजे तृतीय केदार तुंगनाथ के कपाट बंद होंगे।

**डोली यात्रा का कार्यक्रम**

**6 नवंबर:** चोपता
**7 नवंबर:** भनकुन
**8 नवंबर:** मक्कूमठ (शीतकालीन गद्दीस्थल)

### तीर्थयात्रियों की ऐतिहासिक संख्या

बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि इस वर्ष आपदा के बावजूद तीर्थयात्रियों की संख्या ऐतिहासिक रही

**केदारनाथ:** 16,02,420 दर्शनार्थी
**बदरीनाथ:** 14,20,357 दर्शनार्थी
**कुल मिलाकर:** 30,22,777 श्रद्धालु

द्विवेदी ने भक्तों से आह्वान किया कि कपाट बंद होने से पूर्व वे इन तीर्थस्थलों के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करें। उपाध्यक्ष विजय कप्रवाण और ऋषि प्रसाद सती सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी सभी को शुभकामनाएं दीं। सभी तीर्थ यात्रियों से अपील की जाती है कि वे यात्रा से पहले मौसम और मार्ग की स्थिति की जानकारी लेकर ही यात्रा करें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# धामी ने किया वन्य जीव प्राणी सप्ताह का शुभारंभ, कहा जानवरों के हमले में मौत पर मिलेंगे 10 लाख

जन एक्सप्रेस। देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को देहरादून जू में वन्य जीव प्राणी सप्ताह का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रदेश में वन्य जीवों के हमले में होने वाली जनहानि पर मिलने वाली सहायता राशि को बढ़ाकर 10 लाख रुपए किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वन्यजीव हमारी आस्था, संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग हैं, हमारे देवी - देवताओं ने भी इनके साथ सह-अस्तित्व का संदेश दिया है। मां दुर्गा का वाहन शेर, गणेश जी का वाहन मूषक, मां सरस्वती का हंस, भगवान कार्तिकेय का मोर, लक्ष्मी जी का उल्लू और देवाधिदेव महादेव के कंठ पर विराजमान नागराज और साथ बैठे नंदी हमारी सनातन संस्कृति में मानव और जीव-जगत के बीच एकात्म भाव के प्रतीक हैं। यही कारण है कि आदिकाल से वन्यजीवों का संरक्षण भारत की जीवन पद्धति का स्वाभाविक हिस्सा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की लगभग 14.77 प्रतिशत भूमि, 6 राष्ट्रीय उद्यानों, 7 वन्यजीव विहारों और 4 संरक्षण आरक्षित क्षेत्रों के रूप में संरक्षित है, जबकि पूरे देश में ये अनुपात मात्र 5.27 प्रतिशत ही है। ये अंतर हमारे राज्य की पर्यावरणीय प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की हरियाली और इसमें स्वच्छंद विचरण करते वन्य जीव वर्ष भर देश-विदेश से आने वाले लाखों पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। पर्यटकों की सुविधाओं का ध्यान रखने के साथ - साथ राज्य सरकार वनों के प्राकृतिक स्वरूप को अक्षुण्ण बनाए रखने और वन्य जीवों को सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

# कालिंजर किला, बृहस्पति कुंड जलप्रपात व शैल चित्राशय का विशेषज्ञों ने किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



यूनेस्को ग्लोबल जियो पार्क विशेषज्ञ डॉ. अलीरेजा अमरी काजमी के नेतृत्व में आए विशेषज्ञों के दल ने मंगलवार को भू-पुरातात्विक और प्राकृतिक धरोहरों का गहन निरीक्षण किया। यह दौरा पहली अक्तूबर तक चलेगा, जो चित्रकूट को यूनेस्को ग्लोबल जियो पार्क के रूप में मान्यता दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

यूनेस्को की टीम ने कालिंजर किला, नरैनी का टनटना पहाड़ (रिंगिंग बेल रॉक), बृहस्पति कुंड जलप्रपात व बृहस्पति कुंड शैल चित्राशय का निरीक्षण किया। यह स्थल चित्रकूट क्षेत्र की भूवैज्ञानिक और सांस्कृतिक विविधता को दर्शाते हैं और जियो पार्क की स्थापना के लिए महत्वपूर्ण हैं।कालिंजर किले के निरीक्षण के दौरान डॉ. अनिल साहू ने बताया कि किले की संरचनाएं जियो पार्क के लिए आदर्श है, क्योंकि ये भूवैज्ञानिक इतिहास को जीवंत रूप से दर्शाती हैं। दल ने स्थानीय अधिकारियों से चर्चा कर संरक्षण और पर्यटन विकास के लिए सुझाव दिए। नरैनी के टनटना पहाड़ (रिंगिंग बेल रॉक) को डॉ. अलीरेजा अमरी कसजमी ने इसे भू-संगीत की संज्ञा दी और कहा कि यह पर्यटकों के लिए अनोखा अनुभव होगा। डॉ. अश्वनी अवस्थी ने सुझाव दिया कि ट्रैकिंग पथ विकसित कर इसे पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन स्थल बनाया जाए हालांकि, पहुंच की कमी और संरक्षण की आवश्यकता चुनौतियां हैं।

बृहस्पति कुंड जलप्रपात को डॉ. अनिल साहू ने सतत विकास का प्रतीक बताया, क्योंकि यहां जल और वन्यजीव संरक्षण का संतुलन है। बृहस्पति कुंड आश्रम शैलाश्रय के निरीक्षण के दौरान विशेषज्ञों के दल ने पाया कि यहां प्राकृतिक गुफाओं और शैल आश्रय हैं। स्थानीय लोग इसे पिकनिक स्पॉट मानते हैं, लेकिन जियो पार्क का दर्जा इसे वैश्विक पर्यटन स्थल बनाएगा।

निरीक्षण के बाद डॉ. अली रेजा अमरी काजमी ने चित्रकूट की ये संरचनाएं यूनेस्को ग्लोबल जियो पार्क के सभी मानदंडों को पूरा करती हैं। इसके लिए वह यूनेस्को में जियो पार्क दर्जे के लिए सिफारिश करेंगे।

# 'महात्मा गॉधी ने समाज को छुआछूत से निजात दिलाने के साथ ही महिलाओं के हक और सम्मान के लिये आवाज उठाई'

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस के मौके पर पूरे जिले में सभी सरकारी संस्थानों, स्कूल और कॉलेजों में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर साइकिल रेस, पैदल चाल , फुटबॉल मैच, महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण, दांडी यात्रा की याद में पदयात्रा, स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, सभी धर्मों की प्रार्थना और रामधुन का मिलाजुला गायन, सफाई कार्यक्रम, मरीजों को फल वितरण, गांधी दर्शन पर सवाल जवाब का आयोजन, नुक्कड़ नाटक, कन्या जन्मोत्सव, रंगोली, मेंहदी, चित्रकला प्रतियोगिता, प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम **हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान** की थीम पर आयोजित किये गये। इस मौके पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री सहित संविधान निर्माता डॉ भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने कहा कि गांधी सिर्फ नाम नहीं, बल्कि एक विचारधारा के साथ ही सत्य और अहिंसा के प्रतीक हैं।इस दिन को हम ही नहीं, बल्कि पूरा मुल्क अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मना रहा है। ये दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के भारत की स्वतंत्रता में योगदान, उनके सत्य, अहिंसा, और सादगी के सिद्धांतों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए है।

गांधीजी ने सत्य और अहिंसा के मूल्य अपनाने के साथ-साथ समाज में छुआछूत और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठायी। गांधी ने नारी सशक्तिकरण, स्वदेशी को बढ़ावा और आत्मनिर्भर भारत बनाने पर भी बल दिया।गांधीजी के विचारों को अपने जीवन में उतारने और उनके आदर्शों पर चलकर हम शांतिपूर्ण और समतामूलक समाज का निर्माण कर सकते हैं। साथ ही कहा कि हमारे अंदर लोगों के प्रति सिर्फ सहानुभुति ही नहीं, बल्कि समानुभूति भी होनी चाहिए। हम अपनी कार्यशैली से अपने देश के विकास में अपना योगदान दे सकते हैं। इस मौके पर एडीएम वित्त, राजस्व विजय शंकर तिवारी, एडीएम न्यायिक रिजवाना शाहिद ने गांधी और शास्त्री के व्यक्तित्व पर रौशनी डाली, डिप्टी कलेक्टर पैगाम हैदर, उपनिदेशक कृषि डॉ प्रमोद कुमार, सूचना अधिकारी सतीश कुमार मौजूद रहे।

### पिछले दिनों जेल में बंद युवक का पीट-पीट कर किया गया था कत्ल

# सपा प्रतिनिधिमण्डल ने मृतक के परिवार वालों से मुलाकात कर हर मुमकिन मदद का किया वादा

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



पिछले दिनों जेल में बंद युवक का पीट-पीट कर कत्ल किये जाने के मामले में सपा प्रतिनिधिमण्डल ने मृतक के परिवार वालों से मुलाकात कर हर मुमकिन मदद का दिया भरोसा।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार हमीरपुर में सूरजपुर निवासी कृष्ण द्विवेदी के पुत्र स्व अनिल द्विवेद्वी की जेल में पीट पीटकर हत्या करने के मामले में समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी घनश्याम मीणा अपनी 4 सूत्रीय मागों का ज्ञापन सौंपा गया। इसके बाद अनिल द्विवेदी के निवास सूरजपुर पहुंचकर उसकी हत्या के बारे में जानकारी ली गई, इसके साथ ही दुखी परिवार से मिलकर उनकी हर मुमकिन मदद करने का भरोसा दिलाया। **प्रतिनिधि मंडल में:** मुहम्मद इदरीस खान जिलाध्यक्ष, अजेंद्र सिंह लोधी सांसद, कृष्णा पटेल सांसद, बादशाह सिंह पूर्व मंत्री, दद्दू प्रसाद पूर्व मंत्री, डॉ इमरान राष्ट्रीय अध्यक्ष छात्र सभा, पुष्पेन्द्र यादव पूर्व अध्यक्ष कोऑपरेटिव बैंक, राज बहादुर पाल पूर्व जिलाध्यक्ष, शुभकरण सिंह परिहार पूर्व ब्लॉक प्रमुख, रामप्रकाश प्रजापति पूर्व प्रत्याशी हमीरपुर, युगांक मिश्रा पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद, अरुण यादव विधानसभा अध्यक्ष हमीरपुर, राघवेन्द्र यादव लकी नगर अध्यक्ष, जिला मीडिया प्रभारी सपा। इसके साथ ही घनश्याम साहू प्रदेश सचिव, नन्द किशोर शिवहरे प्रदेश सदस्य सपा, सौरभ यादव सांसद प्रतिनिधि, हरनारायण निषाद जिला उपाध्यक्ष, विवेक यादव जिला उपाध्यक्ष व्यापार सभा, सलीम सिद्दीकी, अवधेश प्रताप यादव नगर महासचिव राठ, लाला प्रधान पूर्व प्रधान, मो जुनैद नगर अध्यक्ष अल्प संख्यक सभा, रिज़वान खान जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, सैय्यद उमर जिला सचिव, सरफराज खान, तबरेज खान, दीपक वर्मा, अभय प्रताप सिंह परिहार, लालता सिंह खंगार जिलाध्यक्ष मजदूर सभा, बीटू यादव प्रदेश सचिव युवजन सभा, मानवेन्द्र सिंह, राम कृपाल सहित बड़ी तादाद में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने किया थाना बिसंडा का आकस्मिक निरीक्षण




**जन एक्सप्रेस । बांदा**

दिनांक 02 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा थाना बिसंडा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान थाना अभिलेखों एवं रजिस्टरों का अवलोकन कर उन्हे अद्यावधिक करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अपराधों की समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया गया कि वांछित व्यक्तियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए साथ ही लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें ताकि प्रभावी पैरवी के माध्यम से अभियुक्तों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जा सके। लम्बित प्रार्थना पत्रों की जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए साथ ही निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय, अभिलेख, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष तथा थाने की साफ-सफाई आदि का गहन अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने तहसीलों व कस्बों में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थलों का किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । बांदा**

दिनांक 02अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा थाना अतर्रा, बिसंडा और बबेरु क्षेत्रों में हो रहे दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया गया तथा लगाए गए पुलिस बल को चेक किया गया। दिनांक 01अक्टूबर को शहर क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन को सकुशल सम्पन्न कराया गया। जनपद में कई अन्य स्थानों पर मूर्ति विसर्जन हो रहा है जिसके दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए गए पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा विसर्जन स्थलों का निरीक्षण कर लगाए गए पुलिस बल को सतर्क रहकर विसर्जन को सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

# बाइक में बोलेरो ने मारी टक्कर, एक की मौत

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

देवी दर्शन के बाद बाइक से घर जा रहे दो युवकों को बोलेरो ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। पीछे बैठा युवक गंभीर घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में कानपुर ले जाया गया है।

अतर्रा कोतवाली क्षेत्र के पचोखर गांव के जनकपुरवा निवासी विनोद ने बताया कि उसके बड़े भाई रवि कुमार (30) अपने पड़ोसी पप्पी पांडे (30) के साथ मंगलवार को खड़ी पहाड़ देवी दर्शन के लिए गए थे। रात में दोनों लोग बाइक से वापस घर लौट रहे थे। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के पल्हरी गांव के पास पीछे से आई बोलेरो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर घायल हो गए।

दोनों को सीएचसी अतर्रा में पहुंचाया गया। वहां दोनों को डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बाद में जिला अस्पताल से भी उन्हें कानपुर रेफर किया गया। परिजनों ने कानपुर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने रवि कुमार को मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर बुधवार को गांव आए। यहां पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। वह चार भाइयों में बड़ा था। केरल में स्थित समुद्र में नाव चलाने का काम करता था। पांच दिन पहले गांव आया था। घर में पत्नी पूनम व दो पुत्र हैं। अतर्रा कोतवाली इंस्पेक्टर ऋषिदेव सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में मौत हुई थी।

# 07अक्टूबर को होगा जनपद कब्बड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के द्वारा होने वाली 49वीं जूनियर बालक (जोन बी)ओपन स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप मेरठ 2025/26 के संदर्भ में प्रत्येक जिले में उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के संबंध में जिला सचिवों को एक निर्देश प्राप्त हुआ है कि यह चैंपियनशिप दिनांक 11 से 12 अक्टूबर तक गांधी स्मारक इंटर कॉलेज दबथुआ मेरठ में आयोजित होगी।जिसके क्रम में जनपद में कबड्डी खिलाड़ियों के ट्रायल हेतु दिनांक 07 अक्टूबर को स्थान पंडित जे0एन0 डिग्री कॉलेज ग्राउंड में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है।जिस पर खिलाड़ियों का चयन करते हुए 11से12अक्टूबर को मेरठ में आयोजित होने वाली (जोन बी)ओपन स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए चयन कर 14 सदस्यीय टीम को भेजा जाएगा।सभी प्रतिभागियों को अपना आधार कार्ड एवं आधार कार्ड की छाया प्रति एवं दो पास पोर्ट फोटो के साथ दिनांक 07 अक्टूबर दिन मंगलवार को प्रातः 11ः00 बजे उपस्थित होना अनिवार्य है।

सभी आने वाली टीमों से आग्रह है कि 6 अक्टूबर को निम्नलिखित मोबाइल नंबर पर अपने आने की एंट्री अवश्य करवा दें जिससे 07 तारीख को खिलाड़ियों को ट्रायल प्रतियोगिता में शामिल किया जा सके।सचिव कमल सिंह यादव व सलाहकार मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना ने बताया कि इसी प्रतियोगिता में छोटे बच्चों की कबड्डी प्रतियोगिता भी शामिल है जिसका आयोजन 07 तारीख दिन मंगलवार को ही ऊपर लिखित पंडित जे एन कॉलेज मैदान में होगा जिसमें दो कैटेगरी में मैच का आयोजन कराया जाएगा जिसमें वजन 38 किलोग्राम और दूसरा 45 किलोग्राम तक वजन वाले खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले पाएंगे।इस प्रतियोगिता के लिए भी प्रत्येक खिलाड़ी को अपना आधार कार्ड की छाया प्रति और ओरिजिनल लाना और साथ में अगर कोई टीम हैं तो अपनी संस्थाएं अपने विद्यालय से लेटर पैड या विद्यालय की मोहर एवं हस्ताक्षर के द्वारा लिस्ट बनाकर टीम की एंट्री की सूचना 6अक्टूबर को मीडिया प्रभारी या सचिव कमल सिंह यादव के पास भिजवा दें।

# थाना नरैनी की मिशन शक्ति टीम ने अवैध सूखे गांजे के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना नरैनी की मिशन पुलिस टीम द्वारा अवैध सूखे गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है।

गौरतलब हो कि कल दिनांक 01अक्टूबर की शाम को थाना नरैनी की मिशन टीम एंटी रोमियों चेकिंग में भ्रमणशील थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध सूखे गांजे के साथ ग्राम नसेनी मोड़ के पास खड़ा है। सूचना पर तत्काल मिशन शक्ति टीम द्वारा मौके पर जाकर अभियुक्त को पकड़ लिया गया तथा उसके हाथ में लिए गए प्लास्टिक की बोरी को चेक किया गया तो उसमें से अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ। अभियुक्त को तत्काल गिरफ्तार करते हुए थाना नरैनी में अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया।

बरामद-2.9 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा गिरफ्तार अभियुक्त-रामलखन लोध पुत्र चन्द्रशेखर निवासी नन्दनपुर, धरमपुर जनपद पन्ना (म0प्र0)। गिरफ्तारी करने वाली टीम-उ0नि0 रक्षा देवी, म0का0 शिक्षा राठौर, म0का0 प्रिया यादव, का0 जितेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# महिला पीआरडी जवानों को दिया गया आत्मरक्षा प्रशिक्षण, हॉकी किट पाकर खिलाड़ी खुश



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

शहर के स्टेडियम में मिशन शक्ति फेज 0.5 के अंतर्गत जनपद की समस्त महिला पीआरडी जवानों एवं महिला मंगल दलों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया। स्टेडियम में हॉकी खेलने वाले खिलाड़ियों को एसडीएम पूजा साहू ने किट देकर हौसला बढ़ाया। जिला पुलिस ने भी कॉलेज व डिग्री कालेज में जाकर छात्राओं को जागरूक किया।

प्रशिक्षण में ट्रेनर/आत्मरक्षा प्रशिक्षक श्रीकेशन ने महिला पीआरडी जवानों/ महिला मंगल दलों को आकस्मिक परिस्थिति में अपनी सुरक्षा स्वयं करने के लिए छोटे-छोटे हुनर अभ्यास के माध्यम से बताए गए।

उन्हें विभिन्न महिला हेल्पलाइन नंबरों से भी अवगत कराया गया। एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि कोतवाली पुलिस टीम ने कई कॉलेज व डिग्री कॉलेज में जाकर छात्राओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी। जननी से जन शक्ति एवं मिशन शक्ति केन्द्र के तहत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन व अपराधों पर त्वरित कार्रवाई आदि विषयों पर जानकारी दी।

इसके अलावा स्टेडियम में एसडीएम ने हॉकी टीम के बालक-बालिका वर्ग की टीम को किट प्रदान की। इससे खिलाड़ियों में उत्साह दिखा। जिला क्रीड़ा अधिकारी अरविंद सोनकर, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी उदय भान एवं अखंड प्रताप यादव तथा कनिष्ठ सहायक सिद्धार्थ निगम, प्रेमशंकर शुक्ला, श्यामसुंदर आदि मौजूद रहे।

# विसर्जन जुलूस की तैयारी में पटाखा लेकर जा रहे युवक के गिरने से फटा पटाखा, युवक का हाथ हुआ जख्मी

**जन एक्सप्रेस/हमीरपुर।** मौदहा में पटाखा लिये कुऐं के फर्श पर खड़े युवक के जमीन पर गिरने से पटाखा फटा, पटाखा लिये युवक का हाथ हुआ जख्मी। इलाज के लिये जिला अस्पताल में हुआ एडमिट। विसर्जन जुलूस में जाने की तैय्यारी में था युवक। मौदहा पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के तिंदुही निवासी रोहित पुत्र शिव शंकर हाथ में पटाखा लिए हुए कुएं के फर्श पर खड़ा था। फर्श पर काई जमी होने की वजह से वो हाथ के बल फिसलकर गिर गया, जिसके बाद उसके हाथ में पकड़ा पटाखा फट गया, जिसके बाद उसके बाएं हाथ में चोट आ गई। पूरा मामला मौदहा पुलिस की जानकारी में है, जिस पर जरुरी कार्यवाही की जा रही है।

# थाना बबेरु पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ भ्रमण कर रहे युवक को किया गया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना बबेरु पुलिस द्वारा अवैध तमंचे के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब हो कि दिनांक 02अक्टूबर को थाना बबेरु पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान बबेरु-औगासी रोड पर एक युवक संदिग्ध रुप से दिखाई दिया पुलिस द्वारा तत्काल युवक को रोककर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस बरामद हुआ।

बरामदगी-01 अवैध तमंचा 315 बोर,01 जिन्दा कारतूस 315 बोर

गिरफ्तार अभियुक्त-जुगरात उर्फ अमित पुत्र इन्द्रजीत निवासी मियां बरौली थाना बबेरु।

गिरफ्तारी करने वाली टीम- उ0नि0 देवीदीन,उ0नि0 कल्बे अब्बास खाँ,कां0 नीलेश कुमार,कां0 अवनीश पाठक आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 : जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों के स्कूल, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों, ग्राम सचिवालयों में जागरुकता अभियान

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में दिनांक 03 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में सघन जागरुकता अभियान चलाया गया।

अभियान के अन्तर्गत स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों, ग्राम सचिवालयों में बालिकाओं/महिलाओं/बच्चों को एकत्रित कर/चौपाल लगाकर उन्हे शासन द्वारा टेम्पलेट वितरित कर उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, कानूनों सहित अन्य सभी सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। छात्राओं/बालिकाओं/महिलाओं को मुख्यमंत्री हेल्पालाइन-1076,वीमेन हेल्पलाइन-1090, चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, आपाताकालीन पुलिस सेवा- डायल यूपी 112 जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। मिशन शक्ति 5.0 जागरुकता अभियान के क्रम में थाना तिन्दवारी की मिशन शक्ति टीम द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कस्बा तिन्दवारी में,थाना कोतवाली नगर की मिशन शक्ति टीम द्वारा महोबा रोड स्थित प्राइवेट बस स्टैंड पर,थाना गिरवां की मिशन शक्ति टीम द्वारा इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल मझगवां में, थाना मटौन्ध की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा मटौंध में, थाना फतेहगंज की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम फतेहगंज में, थाना जसपुरा की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम जसपुरा में चौपाल लगाकर, थाना कोतवाली देहात की मिशन शक्ति टीम द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय ग्राम जौरही में, थाना मरका की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम पिंडारन में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत वृहद रुप से जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं/ बालिकाओं/ छात्राओं को जागरूक किया गया।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive




**दुनिया के नक्शे में रहना है तो रोकें...**

राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ में शुक्रवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे अपनी धरती पर आतंकवाद को प्रायोजित... पढ़ें पेज 12 पर...



# निजी स्कूल खोलना हुआ मुश्किल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



सरकार ने तय किए नए मानक, अब ज़मीन से लेकर स्मार्ट क्लास और सीसीटीबी तक अनिवार्य - लेकिन लखनऊ पब्लिक स्कूल आनंद नगर आलमबाग खुलेआम तोड़ रहा नियम

### शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अलग नियम

नए प्रावधानों के तहत शहरी क्षेत्रों में कम से कम 3000 वर्ग मीटर और ग्रामीण क्षेत्रों में 6000 वर्ग मीटर भूमि होना अनिवार्य होगा। इसके अलावा शहरी क्षेत्र के विद्यालय में 1000 वर्ग मीटर और ग्रामीण विद्यालय में 2000 वर्ग मीटर का खेल मैदान जरूरी होगा।

### स्मार्ट क्लास और तकनीकी सुविधाएं अनिवार्य

हर स्कूल में स्मार्ट क्लास, ऑडियो-वीडियो प्रोजेक्टर, बड़ी स्क्रीन एलईडी टीवी और कंप्यूटर लैब होना अनिवार्य किया गया है। शिक्षकों और कर्मचारियों की उपस्थिति के लिए बायोमीट्रिक मशीन और पूरे कैंपस में वॉइस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने होंगे। साथ ही हाई स्पीड इंटरनेट और वाई-फाई भी जरूरी है।

### पारदर्शिता पर सरकार सख्त

हर स्कूल की अपनी वेबसाइट होना जरूरी है, जिस पर फीस, रिजल्ट और अन्य सूचनाएं अपलोड करनी होंगी। इतना ही नहीं, स्कूल भवन, कक्षाओं और खेल मैदान की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कराकर परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

### मान्यता अब केवल शर्तों पर

निजी स्कूलों को पहले 3 साल की मान्यता दी जाएगी, इसके बाद मानकों पर खरे उतरने पर ही 5 साल के लिए नवीनीकरण होगा। छात्र-शिक्षक अनुपात 40:1 से अधिक नहीं होना चाहिए और हर विषय के लिए अलग शिक्षक होना अनिवार्य है।

### सुरक्षा जमा राशि भी बढ़ी

सरकार ने मान्यता के लिए सुरक्षा जमा राशि कई गुना बढ़ा दी है। यानी अब निजी विद्यालय खोलना केवल उन्हीं के लिए संभव होगा जो सभी शर्तें पूरी कर सकें। बड़ा सवाल यह है कि जब बड़े-बड़े नामचीन स्कूल ही नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं तो सरकार के कड़े मानक आखिर किसके लिए हैं? क्या छोटे विद्यालयों पर सख्ती और बड़े विद्यालयों को छूट—यही है शिक्षा सुधार?

### लखनऊ पब्लिक स्कूल आनंद नगर आलमबाग पर गंभीर आरोप

- सरकार भले ही मानकों को लागू करने का दावा कर रही हो, लेकिन हकीकत कुछ और है। लखनऊ पब्लिक स्कूल आनंद नगर आलमबाग जैसे बड़े संस्थान इन मानकों को खुलेआम ताक पर रखकर काम कर रहे हैं।
- स्थिति यह है कि स्कूल प्रबंधन कॉलोनीवासियों की दिक्कतों की परवाह किए बिना अपनी वैन सीधे लोगों के घरों के सामने खड़ी कर देता है। आए दिन जाम की स्थिति बनती है और स्थानीय लोगों को आवाजाही में गंभीर परेशानी झेलनी पड़ती है। कई बार विवाद की नौबत तक आ चुकी है।
- कॉलोनीवासियों का आरोप है कि उन्होंने इस संबंध में कई बार प्रशासन और नगर निगम अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन किसी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अधिकारियों की चुप्पी और उदासीनता ने स्कूल प्रबंधन को और बेलगाम बना दिया है।

### स्थानीय निवासियों की शिकायत

सुबह-सुबह जब बच्चों को स्कूल छोड़ने वाली वैन हमारी गली में आकर खड़ी हो जाती है तो बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार हम नौकरी या जरूरी काम के लिए देर से पहुंचे हैं।
– एक स्थानीय निवासी

हमने बार-बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन स्कूल प्रबंधन इतना रसूखदार है कि किसी की हिम्मत नहीं होती कार्रवाई करने की।
– कॉलोनी की महिला निवासी

स्कूल तो बच्चों की पढ़ाई के लिए है, लेकिन यहां तो आस-पड़ोस के लोगों का जीना दूभर कर दिया है। जाम, शोर-शराबा और गाड़ियां गली के बीचों-बीच खड़ी—यह कौन सा नियम है?
– वरिष्ठ नागरिक निवासी

# कानून के छात्रों के लिए सुनहरा अवसर: सार्वजनिक क्षेत्र में करियर की संभावनाओं पर विशेष व्याख्यान

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



टी एस मिश्रा लॉ स्कूल, टी एस मिश्रा विश्वविद्यालय, लखनऊ में आज एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसका विषय था कानून के क्षेत्र और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम करियर के अवसर और चुनौतियाँ। इस अवसर पर ऑयल एंड नेचरल गैस कमीशन के मुख्य कानूनी सलाहकार भारत भूषण पांडे ने छात्रों को संबोधित किया।

### सार्वजनिक क्षेत्र में कानून पेशेवरों की बढ़ती भूमिका

अपने वक्तव्य में पांडे ने बताया कि कैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में कानून के जानकार पेशेवरों की मांग निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कानूनी विशेषज्ञ इन उपक्रमों के संचालन, अनुबंध प्रबंधन, विवाद समाधान, और नीति निर्माण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी भूमिका निभाकर संस्थागत विकास में योगदान कर सकते हैं।

### आवश्यक कौशल और तैयारी पर दिया जोर

उन्होंने कानून के छात्रों को सलाह दी कि वे अनुशासन, शोध क्षमता, विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण, और नैतिक मूल्यों को विकसित करें। साथ ही यह भी कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं, इंटर्नशिप और व्यावहारिक अनुभव का विशेष महत्व है।

### छात्रों को दिया मार्गदर्शन

कार्यक्रम में विधि संकाय के अधिष्ठाता चंद्र प्रकाश सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विधि के क्षेत्र में अपार संभावनाएँ हैं—इतनी जितनी शायद किसी अन्य क्षेत्र में नहीं। उन्होंने छात्रों को LinkedIn जैसे प्रोफेशनल प्लेटफॉर्म से जुड़ने की सलाह दी और नियमित कक्षा उपस्थिति पर बल देते हुए कहा, क्लास अटेंडेंस का कोई विकल्प नहीं हो सकता।

### आयोजन में रहा उत्साहपूर्ण माहौल

इस व्याख्यान में लॉ स्कूल के छात्रों और फैकल्टी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर शिप्रा मिश्रा द्वारा वक्ता के परिचय से हुआ, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर अन्नपूर्णा त्रिवेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर उपेंद्रनाथ तिवारी, डॉक्टर श्रद्धा शुक्ला और डॉक्टर प्रतीक त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। इस प्रकार यह व्याख्यान छात्रों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि उन्हें सार्वजनिक क्षेत्र में संभावित करियर विकल्पों की ओर भी प्रेरित किया।

# लखनऊ की सरकारी ज़मीनें माफिया के कब्ज़े में

## आर्यन होटल का साम्राज्य, 1289 पर निर्माण, 15 दिन बाद भी बुल्डोज़र खामोश

जन एक्सप्रेस | लखनऊ








लखनऊ की सरकारी ज़मीन अब सिर्फ़ रिकॉर्ड में नहीं, बल्कि माफिया और भ्रष्ट अफसरों की मिलीभगत का ठोस प्रमाण बन चुकी हैं। गाटा संख्या 696 (0.2910 हेक्टेयर) पर आर्यन फैमिली रेस्टोरेंट, होटल और लॉन का साम्राज्य निर्बाध खड़ा है। नगर निगम और एलडीए के अधिकारी सिर्फ़ कागज़ों में कार्रवाई दिखा रहे हैं, असल में ज़मीन पर कब्ज़ा माफिया के हाथ में है। यही नहीं, सुरेन्द्र पाल ने गाटा संख्या 1289 (0.5315 हेक्टेयर) पर तीन मंजिला आलीशान इमारत का निर्माण शुरू कर दिया है। सरकारी अभिलेख साफ़ बताते हैं कि यह ज़मीन राज्य संपत्ति विभाग की है, लेकिन हक़ीक़त में यह माफिया और अफसरों की मिलीभगत का नंगा सच है।

### आदेश का बदमाशी भरा दुरुपयोग

25 अगस्त 2021 को तहसील खुशहालगंज ने गाटा 692, 693 और 694 के हिस्सों को सुरेन्द्र पाल की पत्नी गुड़िया के नाम कर दिया। इस आदेश का सहारा लेकर निजी और सरकारी ज़मीन को मिला कर होटल खड़ा किया गया। यानी, सरकारी नियम कानून का मज़ाक उड़ाया गया और माफिया ने खुलेआम अपना साम्राज्य बना लिया। स्थानीय अधिकारियों ने न केवल चुप्पी साधी बल्कि ऐसे आदेशों को औपचारिकता में बदल कर माफिया की मदद की। यह मामला सीधे-सीधे सरकारी मशीनरी के भ्रष्टाचार की जीवित तस्वीर पेश करता है। जब अभिलेख साफ़ बताते हैं कि यह ज़मीन राज्य सरकार की है, तो होटल और लॉन कैसे खड़ा हुआ? मुख्यमंत्री तक शिकायतें पहुँचने के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या माफिया-अफसर गठजोड़ इतना मजबूत है कि पूरी सरकार भी बेबस है? जनता अब सवाल उठा रही है कि क्या सरकारी ज़मीनें और सरकारी मशीनरी सिर्फ़ माफिया के लिए काम कर रही हैं? आम आदमी का विश्वास सिस्टम पर कम होता जा रहा है। यह सिर्फ़ होटल और लॉन का मामला नहीं है। यह पूरे सिस्टम की नाकामी, अफसरों की मिलीभगत और भ्रष्टाचार की जीवित तस्वीर है। जब तक दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं होगी, लखनऊ और पूरे प्रदेश की सरकारी ज़मीनें इसी तरह माफिया के कब्ज़े में रहेंगी। यह मामला प्रशासन के डर, कानूनी कमजोरी और माफिया के प्रभाव का प्रत्यक्ष उदाहरण है। जनता अब चुप नहीं रहेगी और सवाल उठाने का हक़ रखती है।

### 696 पर होटल और लॉन, 1289 पर निर्माणधीन इमारत—बुल्डोज़र सो रहा है

नगर निगम, एलडीए और राजस्व विभाग की खामोशी सीधे-सीधे अफसर-माफिया गठजोड़ की गवाही है। करोड़ों रुपये की सरकारी ज़मीनें हड़पी जा रही हैं, लेकिन बुल्डोज़र की आवाज़ तक नहीं उठ रही। जनता देख रही है कि सरकारी तंत्र सिर्फ़ माफिया के इशारे पर काम कर रहा है। निर्माणाधीन इमारत के काम में कोई रुकावट नहीं डाली गई, जबकि नियम स्पष्ट हैं। यह सिर्फ़ कानूनी उल्लंघन नहीं, बल्कि सरकारी सिस्टम की विफलता और भ्रष्टाचार की पुष्टि है।

# गांधी एवं शास्त्री जयंती पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का सफल समापन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, जिन्होंने जीवनभर स्वच्छता और सत्य को समान महत्व दिया, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, जिन्होंने सादगी और ईमानदारी से राजनीति को नई दिशा दी,उनकी जयंती के अवसर पर प्रदेशभर में ÷स्वच्छता ही सेवा अभियान÷ का भव्य समापन किया गया। लखनऊ में कार्यक्रम में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस17 सितंबर से सेवा पखवाड़ा की शुरुआत के साथ ही 2 अक्टूबर तक अभियान एक जन आंदोलन के रूप में चलाया गया।नगर विकास मंत्री ने इस अवसर पर सफाई मित्रों का सम्मान करते हुए कहा कि गांधी जी का स्वच्छ भारत का सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में साकार हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि शास्त्री जी का जय जवान, जय किसान का मंत्र और गांधी जी का स्वच्छता का संदेश आज नई पीढ़ी को प्रेरित कर रहा है।




# राज्य सूचना आयुक्त ने किया रक्तदान शिविर का उद्घाटन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

डॉ जगदीश कुमार पालीवाल जी की 75 वीं जयंती के अवसर पर बलरामपुर अस्पताल के ब्लड बैंक में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने कैम्प का उदघाटन किया। डॉ जगदीश जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि डॉ पालीवाल ने अपने जीवन में सामाजिक एवं चिकित्सीय सेवा कार्यो में उच्च आयाम स्थापित किये। उनका जीवन हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर बलरामपुर अस्पताल की निदेशिका डॉ सुनीता आर्या भी उपस्थित थी। कैम्प के संयोजक भूपेन्द्र प्रताप सिंह रहे। उन्होंने बताया कि विगत बीस साल से रक्तदान शिविर आयोजित कर रहे है। इसके मूल में डॉ जगदीश पालीवाल जी की प्रेरणा है। इस अवसर पर भूपेंद्र सिंह,अनुराग द्विवेदी, सौरभ अग्निहोत्री, अभिषेक द्विवेदी तेज प्रताप, शुभम, भानु, सतीश,इत्यादि ने रक्तदान किया।

# दुर्वासा ऋषि आश्रम बनेगा पूर्वांचल का प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने धार्मिक पर्यटन स्थलों के उन्नयन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आजमगढ़ स्थित प्राचीन दुर्वासा ऋषि आश्रम के पर्यटन विकास की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों के विकास के अंतर्गत इस परियोजना के लिए 1 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह कदम न केवल प्रदेश के धार्मिक पर्यटन को नई पहचान देगा, बल्कि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था और स्थानीय रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। पर्यटन मंत्री ने बताया दुर्वासा ऋषि आश्रम के आसपास पर्यटक सुविधाओं के विकास से आगंतुकों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। पर्यटकों के लिए न केवल आस्थामय वातावरण तैयार होगा बल्कि पूर्वांचल क्षेत्र में पर्यटन को नया आयाम मिलेगा।

# 9 अक्टूबर को मनाया जायेगा विश्व डाक दिवस

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

भारतीय डाक विभाग छह अक्टूबर से नेशनल पोस्टल वीक मनायेगा। उत्तर प्रदेश परिमंडल में राष्ट्रीय डाक सप्ताह 2025 का आयोजन 6 से 10 अक्तूबर तक किया जायेगा।9 अक्तूबर 1874 को विश्व डाक संघ की स्थापना एक विश्व, एक डाक प्रणाली की अवधारणा को साकार करने के उद्देश्य से की गई थी ताकि विश्वभर में एक समान डाक व्यवस्था लागू हो सके। वर्ष 1969 में इस दिवस को विश्व डाक दिवस के रूप में घोषित किया गया, तबसे इस दिन यानि 9 अक्टूबर को प्रतिवर्ष विश्व डाक दिवस के रूप में मनाया जाता है।चीफ पोस्ट मास्टर जनरल प्रणव कुमार ने बताया कि मकसद डाक विभाग की भूमिका के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम है÷ ÷पोस्ट फॉर पीपल÷ लोकल सर्विस, ग्लोबल रीच÷। उत्तर प्रदेश डाक परिमंडल द्वारा राज्य के हर कोने में सेवाएं इसी थीम के अनुरूप उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस वर्ष राष्ट्रीय डाक सप्ताह 6 अक्टू बर से 10 अक्टू बर तक मनाया जाएगा।जनमानस में डाक सेवाओं के प्रति रूचि बढाने हेतु अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।सीपीएमजी प्रणव कुमार ने बताया कि 6 अक्तूबर टेक्नोलॉजी दिवस प्रदेश के डाकघरों में आरएमएस कार्यालयों में एडवांस पोस्टल टेक्नोलॉजी (आईटी 2.0/एपीटी) पर क्विज का आयोजन,7 अक्तूबर वित्तीय सशक्तिकरण दिवस ÷ सम्पूर्ण सुकन्या ग्राम पहल के अंतर्गत प्रत्येक उप-मंडल में एक गांव का चयन कर पात्र बालिकाओं के लिये सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसए), ग्रामीण, आदिवासी क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता शिविर, डाक चौपाल, विशेष कर पीएलआई प्रोक्योरमेंट अभियान और सम्पूर्ण बीमा ग्राम योजना के अंतर्गत गतिविधियां होंगी,8 अक्तूबर फिलेटली दिवस फिलेटली को बढ़ावा देने के लिये कार्यशालाएं, सेमिनार संग्रहालय भ्रमण आयोजित होंगे। 9 अक्तूबर विश्व डाक वदिस एक पेड़ माँ के नाम पहल के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम तथा राष्ट्रव्यापी पैदल मार्च का आयोजन होगा। 10 अक्तूबर ग्राहक दिवस ग्राहकों के साथ व्यवहार पर नुक्कड नाटक किया जायेगा। चीफ पोस्टमास्टर जनरल ने सभी नागरिकों से अपील की है इन कार्यक्रमों में बढ-चढ कर हिस्सा लें और डाक सेवाओ के प्रति जागरूक हो और लाभ प्राप्त करें।




# आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, सैरपुर से 365 बोतल अवैध विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ़्तार





जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन सैरपुर थाना क्षेत्र में आबकारी विभाग लखनऊ के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर सैरपुर थाना प्रभारी मनोज कुमार कोरी मय पुलिस बल व आबकारी स्पेक्टर की टीम ने अवैध शराब के कारोबारी पर बड़ा शिकंजा कसा हैं। आबकारी निरीक्षक सेक्टर 6 शिखर कुमार मल्ल और आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4 अभिषेक सिंह ने अपने स्टाफ के साथ मिलकर यह कार्रवाई की है। मुखबिर खास की सूचना पर आबकारी टीम ने थाना सैरपुर क्षेत्र के अंतर्गत मुबारकपुर चौराहे के पास छापेमारी की, तलाशी के दौरान विभिन्न महंगी विदेशी ब्रांड की कुल 365 बोतलें व केन बरामद की गईं। जब्त की गई शराब में बॉम्बे सैफ़ायर, जैगरमिस्टर, जैक डैनियल्स, रेड लेबल, टीचर्स, ब्लैक डॉग, ब्लैक एंड व्हाइट, 100 पाइपर, बडवाइजर, और ब्रीज़र जैसे ब्रांड शामिल थे।वहीं सैरपुर पुलिस ने मौके से आरोपी नवनीत गुप्ता उर्फ़ गोपाल गुप्ता उम्र 32 वर्ष पुत्र सतीश चंद्र गुप्ता, निवासी सदाबहार कॉलोनी मुबारकपुर को गिरफ़्तार कर लिया। वहीं नवनीत गुप्ता के विरुद्ध थाना सैरपुर में आबकारी अधिनियम की धारा 60 के साथ-साथ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की विभिन्न कठोर धाराओं 61 2, 318 4, 336 3, 338, 340 2, 350 के तहत अभियोग पंजीकृत कराया गया है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है। आबकारी विभाग की इस कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। वहीं आपको बता दें कि जानकारी के अनुसार बीते 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के दिन पूरे देश के शराब के ठेके बंद थे, लेकिन लखनऊ जिले के इटौंजा,अर्जुनपुर कुंम्हरावां, बख्शी का तालाब सैरपुर समेत अवैध एक तरीके से शराब बेची गई। शराब के निर्धारित रेट से ज्यादा ब्लैक में रेट बढ़ाकर शराब बेची गई,लेकिन स्थानीय पुलिस व आबकारी विभाग के अधिकारियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

# गोमती नदी में विसर्जन करने के दौरान युवक की डूबकर मौत

- मां चंद्रिका देवी मंदिर के पास स्थित गोमती नदी में मूर्ति विसर्जन करने के दौरान हुआ हादसा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन बीकेटी थाना क्षेत्र कठवारा चौकी अंतर्गत कठवारा गांव में स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर के पीछे गोमती नदी के घाट पर विसर्जन करने गए युवक की डूब कर मौत हो गई। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश करने का प्रयास किया,लेकिन शव नहीं मिला। जहां बीकेटी पुलिस ने एसडीआरएफ और पीएसी के गोताखोरों द्वारा तलाश जारी की। वहीं बाराबंकी के पडरी गांव निवासी बख्शी का तालाब क्षेत्र के कठवारा गांव में स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर के पास गोमती नदी में मूर्ति विसर्जन करने आए थे, तभी गुरुवार की शाम को मूर्ति विसर्जन करने जहां वह पहले मंझी घाट गए,भीड़ अधिक होने के चलते सभी लोग मां मंदिर के पीछे गोमती नदी के मझौवा घाट विसर्जन करने के लिए गए। जहां पांच लोग मूर्ति विसर्जन करने गोमती नदी में बीच धारा में पहुंच गए और डूबने लगे तभी नाव चला रहे लोगों ने शिवम ,शनि , बृजेश और नितिन को बचा लिया और बाहर निकाल लिया। वहीं एक युवक जिसका नाम अभय उम्र लगभग 20 वर्ष डूब गया। वहीं क्षेत्रीय गोताखोरों के द्वारा युवक की तलाश गई,लेकिन नहीं ढूंढ सकें, तभी इसकी सूचना पीएसी और एसडीआरएफ को दी गई। मौके पर पर पहुंचे एसडीआरएफ और पीएसी के गोताखोरों ने शव को ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी शव नहीं मिल सका। मौके पर पुलिस बल मौजूद रहें। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभय और उदय दो भाई थे। वहीं उसके छोटे भाई उदय ने बताया कि दोनों डी जे बजाने का काम करते हैं। उसके एक छोटी बहन है जो पढाई कर रही है। वहीं पिता प्लम्बर का काम करते हैं। उसने पहली बार मूर्ति स्थापना की थी और विसर्जन करने आया था। मूर्ति विसर्जन करने वाले घाटों पर पुलिस की तैनाती नहीं होने के चलते यह घटना हुई है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, आवास प्लस सर्वेक्षण की समय-सीमा 14 अक्टूबर तक

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिये हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत नये लाभार्थियों के चयन हेतु किये किये गये सर्वेक्षण कार्य की, जो समय सीमा 14 अक्टूबर तक बढ़ाई गयी है,अगर कहीं कोई पात्र व्यक्ति किसी कारण से छूट गया हो,तो इस अवधि मे उसे अनिवार्य रूप से सम्मिलित कर लिया जाय,इस बढ़े हुए समय को एक अवसर के रूप में सदुपयोग किया जाए। कार्य गम्भीरता व इमानदारी के साथ किया जाय।ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत पात्र परिवारों के सर्वेक्षण को लेकर तिथि बढ़ा दी गयी है। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को पक्का मकान देने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना -ग्रामीण के लिए सर्वे का काम तेजी से चल रहा है। पीएम आवास योजना-ग्रामीण के नये सर्वे का इरादा योजना के तहत हर पात्र परिवारों को पक्के मकान मुहैया कराना है। इसके लिए कर्मचारी घर घर जाकर सर्वे का काम कर रहे है। इसमें विशेष बात यह है कि पीएम आवास- ग्रामीण के लिए खुद भी अपने मोबाइल से पात्र व्यक्ति अप्लाई कर सकते हैं। अब सर्वेक्षण का कार्य 14 अक्टूबर तक पूरा किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के सर्वेक्षण का कार्य केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देश के क्रम में 27 दिसम्बर, 2024 से 15 मई 2025 तक सर्वेक्षण का कार्य किया गया था, और अब पुनः ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर ही 15 दिन के लिए नये लाभार्थियों का डाटा कैप्चर करने के लिए सर्वेक्षण का कार्य शुरू किया गया है।

# राप्ती नदी के सिसई घाट पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं को किया गया विसर्जित

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जनपद बलरामपुर मे दस दिवसीय शारदीय नवरात्रि के दौरान पूजा पंडालों में स्थापित की गई दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन बृहस्पतिवार को हर्षोल्लास संपन्न हो गया। विसर्जन शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। विसर्जन के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गए थे। जानकारी के अनुसार 2 अक्टूबर को नगर के वीर विनय चौराहे पर केन्द्रीय दुर्गा पूजा समन्वय समिति के कार्यक्रम में नगर की सभी मूर्तियां एकत्र हुईं। मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटू राम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, विशिष्ट अतिथि बृजानंन्द महाराज महंत गेल्हापुर, रवि मिश्रा जिलाध्यक्ष भाजपा, कुसुम चौहान पूर्व चैयरमैन, संस्थापक अध्यक्ष राज कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू चैयरमैन, कार्यकारी अध्यक्ष अविनाश मिश्रा, महामंत्री अंकुर चौहान मालू, डॉ तुलशीष दूबे व रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी सहित अन्य कई लोगों ने विसर्जन शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

शोभायात्रा में श्रद्धालु अबीर गुलाल उड़ाते हुए मां अंबे के गीतों पर थिरकते नजर आए शोभायात्रा नगर के परंपरागत मार्गो से होती हुई राप्ती नदी के सिसई घाट पहुंची इसके बाद लोगों ने श्रद्धा के साथ राप्ती नदी में मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन किया शोभायात्रा मार्ग पर नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू की तरफ से श्रद्धालुओं के लिए मिष्ठान व पेयजल की व्यवस्था की गई।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि व विशिष्ट आदित्य के साथ विनय वर्मा विधायक शोहरतगढ़, डॉक्टर कौशल्या गुप्ता,डॉ विशाल मिश्रा, डी पी सिंह बैस, डॉ अजय सिंह पिंकू, विजय गुप्ता, डीएन सिंह, पाटेश्वरी प्रसाद गुप्ता पट्टे भैया, लड्डू सिंह जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, डॉक्टर कुलदीप वर्मा, कृष्णा गोपाल गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय, सदर एसडीएम हेमंत कुमार गुप्ता, सीओ सिटी ज्योति श्री, नगर कोतवाल सुधीर कुमार सिंह, सभासद प्रतिनिधि संदीप मिश्रा, विनोद गिरि, सौरभ रतन पांडे, विकास मिश्रा, शिवम मिश्रा को चेयरमैन धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू द्वारा मंच पर सभी लोगों को पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया। विसर्जन के साथ ही नगर में दस दिवसीय शारदीय नवरात्रि महोत्सव का समापन हो गया नगरवासियों ने मां दुर्गा से सुख, समृद्धि और शांति की कामना की पूरे आयोजन में सामाजिक समरसता, धर्मिक श्रद्धा और भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को अभिभूत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## धू-धू कर जला अहंकारी रावण, एसपी ने राम-लक्ष्मण के स्वरूप की उतारी आरती

रायबरेली। विजय दशमी का पर्व गुरुवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। शहर व कस्बों में रावण दहन को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहा। शहर के सुरजूपुर में रावण दहन को देखने काफी संख्या शहर व आसपास के गांवों के ग्रामीण पहुंचे। भगवान राम ने जैसे ही रावण के पुतले में आग लगाई, पूरा रामलीला मैदान जय राम के जयकारे से गूंज उठा। इसके पूर्व पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने भगवान राम लक्ष्मण व सीता जी के स्वरूप का तिलक लगाकर उनकी आरती उतारी। शहर के सुरजूपुर में रावण दहन को देखने काफी संख्या शहर व आसपास के गांवों के ग्रामीण पहुंच। रावण दहन कार्यक्रम शुरू होने से पहले ही लोग मेले जाकर जम गए। भगवान राम ने रावण के 40 फुट ऊंचे पुतले को अग्निबाण मारा। अग्निबाण लगते ही रावण का पुतला धूं-धूं कर जलने लगा। रावण दहन होते ही मैदान में चारों ओर राम की जय-जयकार होने लगा।

# प्राचार्य ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री जी की जयंती पर किया नमन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में गुरुवार को एमएलके पीजी कॉलेज में गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान गांधी जी व शास्त्री जी के आदर्शों पर चलने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय व मुख्य नियंता प्रो0 वीणा सिंह ने गांधी जी व शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया। उपस्थित एन सी सी कैडेटों, एन एस एस के स्वयंसेवकों तथा महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य हमारे गांधी जी व शास्त्री जी के लिए सबसे बड़ी श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके आदर्शों को अपने आचरण में उतारें, सच बोलें, हिंसा से दूर रहें और देश व समाज की सेवा करें। आइए, इस गांधी जी व शास्त्री जी जयंती पर हम संकल्प लें कि हम सभी उन महापुरुषों के द्वारा दिखाये रास्ते पर चलकर देश और समाज को बेहतर बनाने के लिए हर सम्भव प्रयास करूंगा। मुख्य नियंता प्रो0 वीणा सिंह ने भी विद्यार्थियों को गांधी जी के सत्य अहिंसा और शास्त्री जी के जय जवान, जय किसान के नारे को आत्मसात करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर डॉ सद्गुरु प्रकाश, डॉ लवकुश पाण्डेय, डॉ रमेश शुक्ल, सुशील मिश्र, के के सिंह, आर पी सिंह व संतोष सहित कई लोग मौजूद रहे।

# संस्कृत कार्यक्रमों के बीच मनाया गया विजयदशमी दशहरा महोत्सव

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज में गुरुवार को दशहरा (विजयादशमी) पर्व धूमधाम से मनाया गया।

जानकारी के अनुसार 2 अक्टूबर, 2025 को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर में 'दशहरा (विजयादशमी), का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी एवं उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय सहित समस्त अध्यापक/अध्यापिकायें उपस्थित रहे। तत्पश्चात् विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि दशहरा (विजयादशमी व आयुध-पूजा) हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम ने इसी दिन रावण का वध किया था तथा देवी दुर्गा ने नौ रात्रि एवं दस दिन के युद्ध के उपरान्त महिषासुर पर विजय प्राप्त की थी। इसे असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है। इसलिए इस दशमी को 'विजयादशमी' के नाम से जाना जाता है। इस दिन लोग शस्त्र पूजा करते है और नया कार्य प्रारम्भ करते है जैसे-अक्षर लेखन का आरम्भ, नया उद्योग आरम्भ, बीज बोना आदि) ऐसा विश्वास है कि इस दिन जो कार्य आरम्भ किया जाता है उसमें विजय मिलती है। प्राचीन काल में राजा लोग इस दिन विजय की प्रार्थना कर रण-यात्रा के लिए प्रस्थान करते थे। इस दिन स्थान-स्थान पर मेले लगते है। रामलीला का आयोजन होता है। रावण का विशाल पुतला बनाकर उसे जलाया जाता है। दशहरा अथवा विजयदशमी भगवान श्री राम की विजय के रूप में मनाया जाता है अथवा दुर्गा पूजा के रूप में, दोनो ही रूपों में यह शक्ति-पूजा का पर्व है। दशहरा हर्ष और उल्लास तथा विजय का पर्व है। दशहरा का पर्व दस प्रकार के पापों-काम, क्रोध, लोभ, मोह मद, मत्सर, अंहकार, आलस्य, हिंसा, और चोरी के परित्याग की सद्प्रेरणा प्रदान करता है।

## आयोजित होगा विधायक खेल कंपटीशन, तैयारी को लेकर आयोजित हुई बैठक

बलरामपुर। युवा कल्याण एवं प्रा0 वि0 द0 विभाग द्वारा विधायक खेल स्पर्धा-2025 के आयोजन के संबंध में गठित समिति की बैठक जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने निर्देशित किया कि खेल प्रतियोगिताओं को सुचारु व भव्य रूप से सम्पन्न कराने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करें। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताएं विधानसभावार आयोजित की जाएं तथा इसके लिए शीघ्र कैलेंडर जारी किया जाए। डीएम ने खेल मैदानों की साफ-सफाई व आवश्यक तैयारियों के लिए सम्बन्धित खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही YUVA SATHI पोर्टल (http://yuvasatli.in) पर खिलाड़ियों के पंजीकरण की व्यवस्था हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सभी खंड विकास अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत सहित अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारगण उपस्थित रहे।

# बुराई पर अच्छाई की हुई जीत, श्रीराम के बाण से हुआ रावण के पुतले का दहन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में बुराई पर अच्छाई का प्रतीक दशहरा का त्योहार गुरुवार को बाद परेड ग्राउंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

जानकारी के अनुसार 2 अक्टूबर को सनातन धर्म सभा द्वारा 75 वां दशहरा महोत्सव बड़ा परेड ग्राउंड में मनाया गया। आदर्श नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू का विशेष रूप से मंच व परेड सजावट के साथ आतिशबाजी की व्यवस्था की गई। मेले में बच्चे उत्साहित नजर आएं। उधर, नगर के सिटी पैलेस रोड से भगवान श्रीराम सहित वानर सेना की शोभायात्रा निकाली गई। जो बड़ा पुल, चौक, सब्जी, सराय फाटक, वीर विनय चौराहा, पीपल तिराहे से होते हुए बड़ा परेड ग्राउंड पहुँची। जहां पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं सदर विधायक पलटूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी ज्योति राय, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, एसडीएम सदर हेमंत गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता राज कुमार श्रीवास्तव ने भगवान राम का तिलक लगाकर स्वागत किया तथा माल्यार्पण कर आरती उतरी। बड़ा परेड ग्राउंड में दशहरा पर राम रावण युद्ध का मंचन किया गया। देखते ही देखते राम के अग्निबाण से लंकापति रावण, कुम्भकर्ण, मेघनाद के पुतले का अहम धू-धूकर जलने लगा। रावण वध होते ही पूरा परेड ग्राउंड जय श्रीराम के नारों से गूंजायमान हो उठा। इस दौरान बड़ी की संख्या में लोग मौजूद रहे। आए हुए अतिथियों का नगर पालिका अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरु व सनातन धर्म सभा के महामंत्री संजय शर्मा ने माला पहनाकर अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। सनातन धर्म सभा के महामंत्री संजय शर्मा ने बताया कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा महोत्सव पिछले 75 वर्षों से मनाया जा रहा है, जिसमें बलरामपुर राज परिवार, सनातन धर्म सभा, रामलीला समिति, शिवनाथ कला मंडल एवं नगर पालिका परिषद बलरामपुर का विशेष सहयोग रहता है, उन्होंने बताया कि इस बार समिति के संरक्षक महाराजा जयेंद्र प्रताप सिंह अस्वस्थ होने के कारण कार्यक्रम में नहीं आ सके उन्होंने अपनी शुभकामनाएं भेजी है। दशहरा महोत्सव देखने के लिए शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोग इसे देखने आते हैं। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन का भी विशेष सहयोग रहता है, इस दौरान दशहरा देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कुसुम चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोमती प्रसाद त्रिपाठी, मंगल प्रसाद, रघुनाथ शुक्ला, प्रीतपाल सिंह, डॉ विशाल मिश्रा, डीपी सिंह, संजय शुक्ला, सुनील कसेरा, अविनाश मिश्रा, डॉ तुलसीष दुबे, अमर नाथ शुक्ला, लड्डू सिंह, गौरव मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# जिलाधिकारी ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जनपद में देश के दो महापुरुषों की जयंती गुरुवार को उत्साह पूर्वक मनाई गई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान सहित अन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिलाधिकारी ने कहा कि जहां गांधी ने हमें सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया, वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने सौम्यता एवं शालीनता का। इन दो महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करने के पश्चात विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में कई वक्ताओं द्वारा अपने-अपने विचार प्रस्तुत करने के उपरांत विद्यालय की छात्राओं द्वारा महात्मा गांधी जी का प्रिय भजन **रघुपति राघव राजा राम** सहित अन्य भजनों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। विद्यालय की छात्राओं को जिलाधिकारी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को अंगवस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि गांधी एक व्यक्ति नहीं विचार थे, और विचार कभी मरते नहीं, उनके विचार आज भी जिंदा है, और हम सब उनके विचारों, आदर्शों पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के पावन अवसर पर एकत्र हुए हैं यह दिन हम सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है क्योंकि यह हमें दो महान व्यक्तियों के जीवन, विचारों और आदर्शों को स्मरण करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में अद्भुत नेतृत्व प्रदान करते हुए देशवासियों को एक सूत्र में पिरोया। जिलाधिकारी ने उनके जीवन व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला और सभी को उनसे प्रेरणा लेने का आवाहन किया। डीएम ने कहा लाल बहादुर शास्त्री का जीवन सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है। शास्त्री जी ने अपने कर्म से यह सिद्ध किया कि सच्चा नेतृत्व विनम्रता, निष्ठा और जन सेवा में निहित होता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी ने भी गांधी व शास्त्री के जीवन संघर्ष, उनकी देश सेवा, उनके जीवन मूल्य पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही गांधी जयंती के अवसर पर जनपद के अन्य सभी कार्यालयों, विद्यालयों वृद्धाश्रम में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला सूचना अधिकारी शिव दर्शन यादव सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, छात्र- छात्राएं व जन सामान्य मौजूद रहे।

## एनटीपीसी ऊंचाहार में जला सत्तर फुट ऊंचा रावण

रायबरेली। एनटीपीसी ऊंचाहार में दशहरा महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न हुआ। मेला परिसर में सत्तर फुट ऊंचा रावण का पुतला दहन किया गया। परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव और प्रियदर्शिनी लेडीज़ क्लब की अध्यक्षा अनुपमा श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न विशाल मेले में रावण दहन रिमोट बटन दबाकर परियोजना प्रमुख ने किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक आशुतोष बिस्वास, दिलीप कुमार साहू, एस यू हरिदास, सभी विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महासचिव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं डी सी, सी आई एस एफ अजय त्रिपाठी, थानाध्यक्ष ऊंचाहार एवं बड़ी संख्या में लोगों ने रावण दहन समारोह का आनंद लिया। इस अवसर पर विशाल आतिशबाजी हुई तथा राम और रावण के बीच अंतिम युद्ध सम्पन्न हुआ। अतिथियों ने भगवान राम तथा सीता जी का पूजन एवं आरती किया। पर्व आयोजन समिति के मुख्य सचिव चंद्रजीत सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला आयोग की डॉ प्रियंका मौर्या ने किया कन्या पूजन

जन एक्सप्रेस । अमेठी



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर तहसील परिसर गौरीगंज में मिशन शक्ति 5.0 अभियान थीम **सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश** के अन्तर्गत कन्या पूजन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में डॉ प्रियंका मौर्या ने 87 बालिकाओं का कन्या पूजन कर उन्हें चुनरी पहनाई गई तथा स्टेशनरी किट, थाली, चम्मच, फल और पूड़ी- हलवा का लंच प्रदान किया गया। इस अवसर पर माहौल श्रद्धा और उत्साह से सराबोर रहा। इसके साथ ही महिला कल्याण विभाग द्वारा महिला एवं बालिका सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। इसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना तथा निराश्रित महिला पेंशन योजना से जुड़े पम्पलेट वितरित कर जनजागरूकता बढ़ाई गई। डॉ.प्रियंका मौर्या ने कहा कि कन्या पूजन भारतीय संस्कृति का एक सशक्त प्रतीक है,जो हमें 'नारी सम्मान' और 'नारी शक्ति' का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य केवल महिलाओं की सुरक्षा ही नहीं, बल्कि उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है।जब हमारी बेटियां शिक्षित और सशक्त होंगी, तभी प्रदेश और देश समृद्धि की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर अनुश्री त्रिपाठी नायब तहसीलदार गौरीगंज, गायत्री देवी सेंटर मैनेजर, वन स्टॉप सेंटर अमेठी सहित तहसील स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले तीन शातिर अपराधी गिरफ्तार

### पुलिस ने बरामद किए 16 एटीएम कार्ड, 38,350 नकद, चोरी की बाइक और बोलेरो गाड़ी

जन एक्सप्रेस । अमेठी




जनपद पुलिस ने एटीएम बूथ पर कार्ड बदलकर ठगी करने वाले अन्तरजनपदीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से विभिन्न बैंकों के 16 एटीएम कार्ड, 38,350 रूपए नगद, चोरी की मोटरसाइकिल और बोलेरो गाड़ी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी नाजिम अली 40 वर्ष पुत्र समून खान निवासी ग्राम तिलौरी, थाना लीलापुर प्रतापगढ़ दिलशाद खान 26 वर्ष पुत्र निजामुद्दीन निवासी तिलौरी, थाना लीलापुर प्रतापगढ़, शादाब खाँ 21वर्ष पुत्र इरशाद खाँ निवासी ग्राम ननईया, थाना उदयपुर, प्रतापगढ़। पकड़े गए अपराधी एटीएम बूथ पर ग्राहकों को चकमा देकर उनका असली कार्ड बदलकर मिलते-जुलते कार्ड थमा देते थे।

पासवर्ड देख लेने के बाद खाते से नकदी निकाल लेते और फिर गाड़ियों से फरार हो जाते। ठगे गए रुपये चौबीस अगस्त बैंक ऑफ बड़ौदा गौरीगंज से 61,000 केनरा बैंक सगरा तिराहा अमेठी से 36,000, एसबीआई अमेठी से 80,000 बरामदगी 16 एटीएम कार्ड, 38, 350 रुपए नगद चोरी की मोटरसाइकिल यूपी 72 बीए 8229, बोलेरो गाड़ी यूपी 32 क्यूए 5277 तीनों अभियुक्त शातिर अपराधी हैं। जिन पर अमेठी, प्रतापगढ़ और प्रयागराज जिलों में हत्या का प्रयास, लूट, धोखाधड़ी और आर्म्स एक्ट सहित कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने इस सफलता पर पुलिस टीम को 10,000 रुपए नगद इनाम देने की घोषणा की है।

## साम्प्रदायिक फासीवाद को पराजित कर आजादी और लोकतंत्र की रक्षा करना ही गांधी जयंती का संदेश: विजय विद्रोही

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। आज भाकपा (माले) नगर कमेटी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर बापू के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए तथा उनके कृतित्व, व्यक्तित्व और आज की परिस्थितियों पर चर्चा की गई। भाकपा (माले) राज्य स्थाई समिति सदस्य और ऐक्टू प्रदेश अध्यक्ष विजय विद्रोही ने कहा कि गांधी जी ने भारत की गुलामी के बोझ तले दबी जनता को अंग्रेजो पर विजय पाने के आत्म विश्वास से भर दिया था और यह आत्म विश्वास उनके खुद के भीतर था। अफ्रीका के ट्रेन के डिब्बे के बाहर फेंके गए एक अदने से आदमी की उस संकल्प शक्ति और आत्म विश्वास की कल्पना नहीं की जा सकती, जिसने उसी समय अपने अंतर्मन में अंग्रेजों को अपने देश से ही नहीं दुनिया से उठाकर बाहर फेंक देने का संकल्प लिया और कर दिखाया। अकेले भारत से ही नहीं, पूरी दुनिया से अंग्रेजों को गांधी के रास्ते ने बर्मिंघम पैलेस में समेट दिया। कुछ लोग इस देश से बापू को बेदखल करने पर आमदा हैं।

# प्रभारी मंत्री पहुंचे अमेठी, जिला कोर कमेटी बैठक में विकास और संगठन पर मंथन

जन एक्सप्रेस । गौरीगंज,अमेठी



जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर जिले में पहुंचे।सुबह लगभग 10:30 बजे उनके आगमन पर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस गौरीगंज में जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक और मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया गया।इसकेबाद प्रभारी मंत्री ने भाजपा जिला कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में प्रदेश के स्वास्थ्य राज्यमंत्री एवं तिलोई विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, तिलोई ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, एएसपी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में अधिकारी व भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। करीब डेढ़ घंटे चली इस बैठक में जिले के विकास कार्यों, संगठनात्मक मुद्दों तथा प्रशासनिक समन्वय पर गहन चर्चा की गई।साथ ही आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर होने वाले विशेष आयोजनों की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक के उपरांत स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने दंगाइयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का संदेश देते हुए कहा कि **दंगाइयों पर ऐसी लाठियां बरसेंगी कि उनकी सात पुश्तें दंगा करना भूल जाएंगी।** यह बयान हाल ही में बरेली में हुए दंगों के संदर्भ में आया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## एडीएम ने यातायात नियमों का पालन करने की दिलाई शपथ

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह की अध्यक्षता परिवहन विभाग रायबरेली एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा आई0डी0टी0आर0 हरचंदपुर में महिलाओं और बच्चियों के लिए विशेष जागरूकता एवं ड्राइविंग लाइसेंस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान में बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चियों ने भाग लिया तथा ड्राइविंग लाइसेंस बनाने हेतु आवेदन किया। मौके पर लगभग पचास लाइसेंस जारी किए गए, जिससे प्रतिभागियों में उत्साह देखने को मिला। एडीएम अमृता सिंह ने उपस्थित महिलाओं और बच्चियों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया तथा यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना, उन्हें सुरक्षित यातायात नियमों की जानकारी देना और आत्मनिर्भर बनाना। अधिकारियों ने प्रतिभागियों को लाइसेंस प्रक्रिया की जानकारी दी और सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की।




**विजयदशमी और दुर्गापूजा का पर्व धूमधाम...**

जनपद में हर्षोल्लास के साथ विजयादशमी और दुर्गापूजा का त्यौहार शांति और सद्भाव के साथ मनाया गया। भारी बारिश और जल जमाव से नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा लेकिन आस्था एवं विश्वास के आगे कठिनाइयों से जनता बेपरवाह रही... पढ़ें पेज 12 पर...

# गायत्री साधना से होता है सद्विवेक का जागरण, गायत्री तीर्थ शांतिकुंज से जुड़े हैं विश्वभर के करोड़ों परिवार

जन एक्सप्रेस। चंद्रप्रकाश बहुगुणा



**उत्तरकाशी।** हमारे ऋषि मुनि कहते रहे हैं शक्तियां जब असंतुलित हो जाये और उसका दुरुपयोग किया जाने लगे तो उसका शमन करना आवश्यक हो जाता है। रावण जो इस पृथ्वी का सबसे विद्वान शक्तिशाली माना जाता था, जिसकी मृत्यु भी उसने अपने अंदर समाहित कर ली थी, जिसके एक इशारे पर सभी देवता, यक्ष, गन्धर्व, राक्षस आदि कार्य करते थे। उस रावण का भी आखिर अंत हो गया। रावण के अंदर अहंकार ने ही उसके अंदर दुश्चरित्रता, दुष्प्रवृत्तियों और अन्य सभी बुराइयों को जन्म दिया, जिसके कारण उस महान शक्तिशाली का भी विनाश हो गया।

रावण के दस सिर मनुष्य के भीतर छिपी काम, क्रोध, मोह, लोभ, अहंकार जैसी दस बुराइयों के प्रतीक हैं। मनुष्य के अंदर भी जब इन बुराइयों का जन्म होने लगता है, तो उसका पतन होना शुरू हो जाता है। मनुष्य जब अपनी गलतियों को समझ नहीं पाता, सही गलत में अंतर नहीं कर पाता, अपने अंहकार में वह अपनी क्षमताओं,अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने लग जाता है, तब उसका मानसिक पतन शुरू होता है।

ऐसी स्थिति में मनुष्य में विवेक और प्रज्ञा के जागरण हेतु उचित मार्गदर्शन, सकारात्मक शक्तियों की आवश्यकता होती है। रावण जैसी राक्षसी वृत्ति के विनाश हेतु साधक के लिए नवरात्र साधना का विशेष महत्त्व होता है। महाशक्ति माँ गायत्री की उपासना नवरात्र के दिनों में साधक के आंतरिक क्षमता को पोषित करने में विशेष फलदायी होता है, क्योंकि सद्बुद्धि और सद्विवेक की अधिष्ठात्री देवी माता गायत्री है, जिनकी उपासना से साधक में सद्विवेक का जागरण होता है।

साधक अपनी इन्हीं क्षमताओं के माध्यम से अपने भीतर छिपी बुराइयों को मिटा पाने में समर्थ होता है तथा सांसारिक बाधाओं से पार कर स्व को जानने की दिशा में आगे बढ़ता है। आदिशक्ति माँ गायत्री साधक के अस्तित्व बोध कराती हैं। इस दिशा में पूज्य तपोनिष्ठ युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्यश्री द्वारा स्थापित गायत्री तीर्थ शांतिकुंज से पूरे विश्व में एक शानदार अभियान चलाया जा रहा है, जिससे करोड़ों परिवार जुड़ा है।

## चकराता ग्राम प्रधानों में नाराजगी

जन एक्सप्रेस। विकासनगर

**चकराता।** नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान वित्त आयोग की धनराशि से विकास कार्य शुरू न होने पर नाराज हैं। पंचायत चुनाव के तीन महीने बीत चुके हैं, लेकिन चकराता ब्लॉक में अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्राम पंचायत डेरियो के प्रधान सुरेन्द्र सिंह चौहान और डेरसा के प्रधान सुरेश चौहान ने चेतावनी दी है कि यदि एडीओ पंचायत द्वारा नई डीएसी जल्द नहीं गठित की गई, तो वे सामूहिक रूप से धरना प्रदर्शन करेंगे और देहरादून स्थित पंचायती राज निदेशालय का घेराव करेंगे। प्रधानों का कहना है कि सरकार द्वारा भेजे गए फंड का सही उपयोग तभी संभव है जब प्रक्रियाएं समय पर पूरी हों। उन्होंने प्रशासन को चेताया है कि इस लापरवाही के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# हरिद्वार स्थित देसंविवि और लिथुआनिया मारोविवि के बीच अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक समझौता

जन एक्सप्रेस। चंद्रप्रकाश बहुगुणा



**हरिद्वार।** हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय (देसंविवि) ने वैश्विक शैक्षणिक सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए लिथुआनिया स्थित माईकोलस रोमैरिस विश्वविद्यालय (मारोविवि) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह शैक्षणिक समझौता देसंविवि के प्रतिकुलपति युवा आइकॉन डॉ. चिन्मय पण्ड्या एवं मारोविवि के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर युवा आइकॉन डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने इस अवसर पर कहा कि यह समझौता दो विश्व विद्यालयों, दो सभ्यताओं के मध्य ज्ञान, संस्कृति और नैतिक मूल्यों के आदान-प्रदान की एक अद्भुत पहल है। हमें विश्वास है कि यह साझेदारी आने वाले वर्षों में वैश्विक शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगी। विश्वविद्यालय की 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना को विस्तार करने के साथ ही भारत को वैश्विक शिक्षा जगत में एक सशक्त भागीदार के रूप में प्रस्तुत करती है।

इस अवसर पर मारोविवि के उप कुलपति डॉ. एग्ले मलीनाउसकिएने, अंतरराष्ट्रीय साझेदारी विभाग के प्रमुख डॉ. अलीना युस्किएने, अंतर राष्ट्रीय संबंध विभाग के प्रमुख डॉ. ऑड्रा बुरोकिएने आदि वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच शोध, संकाय एवं छात्र विनिमय, संयुक्त सेमिनारों, कार्यशालाओं एवं शैक्षणिक परियोजनाओं में सहयोग को बढ़ावा देगा।

# पौड़ी पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर टप्पेबाज सतेंद्र उर्फ झपटी, करीब 20 से 22 लाख रुपए कीमत के मोबाइल फोन बरामद

जन एक्सप्रेस। पौड़ी




पुलिस कप्तान पौड़ी लोकेश्वर सिंह के द्वारा त्योहारी सीजन में जनपद के सभी थाना प्रभारीयो को अपने-अपने थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के साथ ही सतर्क दृष्टि रखने के निर्देश दिए गया है, बीते रोज में भगीरथ निवासी भारत साधु समाज स्वर्गाश्रम लक्ष्मणझूला द्वारा थाने पर लिखित तहरीर देकर बताया कि मेरी साधु समाज घाट स्थित रामझूला के पास में फूल ओर माला बेचने की दुकान है और कुछ दिन पहले किसी अज्ञात चोर द्वारा मेरा टेक्नो कंपनी का फोन चोरी कर लिया है, तथा अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरे फोन से साइबर धोखा धड़ी करते हुए खाते से 1,78000 रु. रुपए निकाल दिए है, सूचना पर थाना लक्ष्मणझूला पर अज्ञात चोर के विरुद्ध चोरी ओर धोखाधड़ी करने के संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया।

घटना के पश्चात पौड़ी पुलिस कप्तान लोकेश्वर सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी श्रीनगर अनुज कुमार को घटना के अनावरण हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर क्षेत्राधिकारी श्रीनगर अनुज कुमार द्वारा थाने पर साइबर यूनिट कोटद्वार के साथ दो अलग-अलग डेडीकेटेड टीमों का गठन किया गया, टीमों के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटनास्थल के आस-पास के साथ ही थाना क्षेत्र में मुखबिर तंत्र ओर पूर्व में ऐसे घटनाओं में शामिल रहे।

अपराधियों के विषय में जानकारी जुटाई गई साथ ही पुलिस टीम के द्वारा लक्ष्मणझूला ओर हरिद्वार क्षेत्र में दर्जनों सीसीटीवी कैमरो को खंगालते हुए मैन्युअल पुलिसिंग के साथ बेहतर सर्विलांस का प्रयोग करते हुए घटना में शामिल शातिर टप्पेबाज सतेंद्र उर्फ झपटी पुत्र कलवा सिंह निवासी ग्राम वासटा थाना चांदपुर जिला बिजनौर उ0प्र0 हाल निवासी कड़च मोहल्ला ज्वालापुर जिला हरिद्वार उम्र 29 वर्ष को बीती रात में चेकिंग के दौरान भीमगोड़ा बेराज तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 84 नाजायज मोबाइल फोन बरामद हुए है, इस अवसर पर थानाध्यक्ष संतोष पैथवाल ने बताया की अभियुक्त सतेंद्र उर्फ झपटी से जब सख्ती से पूछ ताछ की गई, तो मालूम चला की अभि युक्त मूल रूप से चांदपुर बिजनौर का रहने वाला है तथा वर्तमान में कड़छ मोहल्ला ज्वालापुर हरिद्वार क्षेत्र में रहता है और हर तीन महीने में अपने रुकने ठहरने के ठिकाने बदलता है। वही, अभियुक्त ने घटित घटनाओं के संबंध में बताया की उसके द्वारा हरिद्वार, ऋषिकेश देहरादून ओर बिजनौर क्षेत्र में गंगा घाटों, आश्रम, धर्मशालाओं तथा होटल में यात्रियों ओर पर्यटकों के कीमती मोबाइल फोन को झपट्टा मार कर, झांसा देकर ओर यात्रियों को पर्यटक क्षेत्र की जानकारी देने के नाम पर सुनसान जगह पर ले जाकर बातों में उलझाकर उनके बैग और कीमती मोबाइल फोन पर हाथ साफ करता है, साथ ही थानाध्यक्ष लक्ष्मणझूला ने बताया की अभियुक्त पहले भी हरिद्वार और ऋषिकेश क्षेत्र में ऐसी दर्जनों घटनाओं को अंजाम दे चुका है।

अभियुक्त के विरुद्ध हरिद्वार, देहरादून, जीआरपी हरिद्वार ओर बिजनौर जनपद के अलग अलग थानो पर आधा दर्जन से अधिक चोरी ओर झपट्टा मारने के साथ ही गैंगस्टर में मुकदमे दर्ज है, थाना लक्ष्मणझूला से संबंधित मामले में सतेंद्र उर्फ झपटी के द्वारा भागीरथ का मोबाइल फोन चोरी करने के पश्चात शिकायतकर्ता के अकाउंट से कुल 1,71000 की रकम PI के माध्यम से निकालने का प्रयास किया गया जिसमें जनपद साइबर यूनिट के द्वारा समय रहते 90000 को भगीरथ के बैंक अकाउंट में होल्ड कर दिया गया, बताते चले की अभियुक्त सतेंद्र उपरोक्त के कब्जे से करीब आईफोन 18, रेडमी 07, वीवी15, ओप्पो 05, टेक्नो 02, इनफिनिक्स 01, गुगल पिक्सल 01, आक्यू 02, सैमसंग 04, मोटोरोला 05, पोको 04, रेलमी 09, वनप्लस 01, किपैड 09 अन्य 01 बरामद है, अभियुक्त से बरामदा सभी 84 फोन की अनुमानित कीमत 20 से 22लाख रुपए आंकी गई है। अभियुक्त सतेंद्र उर्फ झपटी के ओर अधिक आप - राधिक इतिहास की जानकारी के लिए लक्ष्मणझूला पुलिस जनपद अपराध अभिलेख ब्यूरो के साथ ही राज्य अभिलेख ब्यूरो से भी संपर्क स्थापित कर मदद ले रही है थानाध्यक्ष संतोष पैथवाल ने बताया है की लक्ष्मणझूला पुलिस ऐसे घटनाओं में शामिल हो रहे अपराधियों के विरुद्ध आगे भी कड़ी कानूनी कार्यवाही करेगी,अभियुक्तगण को पुलिस द्वारा आज बरामदा माल के साथ पौड़ी न्यायालय में भेज दिया गया है लक्ष्मणझूला पुलिस द्वारा शातिर टप्पेबाज सतेंद्र उर्फ झपटी से बरामदा फोनों की शिनाख्त की कार्यवाही शुरू कर दी गई है और पुलिस अब फोन के माध्यम से उनके मालिक तक पहुंचने का प्रयास कर रही है जिससे बरामदा फोनों को उसके मूल मोबाइल स्वामी को लौटाया जा सके,पुलिस टीम में उप निरी0 राजेश असवाल चौकी प्रभारी चीला अभिनव शर्मा, अपर उप निरी0 भानु प्रताप हेड का0 नरेश पंवार तथा साइबर सेल से उप निरी0 कमलेश शर्मा अपर उप निरी0 दीपकअरोड़ा, हेडका0आशीष, विमल नेगी, अमरजीत ओर अरविंद राय शामिल रहे।

**पुलिस द्वारा अभि युक्त का अप - राधिक इतिहास खंगाला गया तो अभियुक्त सतेंद्र उर्फ झपटी पर**

1. मु0अ0सं0 252 /24 धारा 323, 325,50 आईपीसी थाना हरिद्वार।
2. मु0अ0सं0 59/24 धारा 379 आईपीसी थाना जीआरपी हरिद्वार।
3. मु0अ0सं060/24 धारा379/ 411आईपीस थाना जीआरपी हरिद्वार।
4. मु0अ0सं0 209/22 धारा 25 शस्त्र अधिनियम थाना ऋषिकेश देहरादून ।
5. मु0अ0सं0 07/25 धारा 305/317(2)/3ग बीएनएस थाना जीआरपी रेलवे हरिद्वार।
6. मु0अ0सं0 19/25 धारा 2/3 गैंगस्टर अधिनियम जीआरपी हरिद्वार, दर्ज है।

# ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट 23 अक्टूबर को शीतकाल के लिए बंद होंगे

- द्वितीय केदार मद्महेश्वर जी के कपाट शीतकाल को 18 नवंबर को बंद होंगे मद्महेश्वर मुख्य मेला 21नवंबर आयोजित होगा
- तृतीय केदारनाथ तुंगनाथ जी के कपाट शीतकाल हेतु 6 नवंबर को बंद होंगे

जन एक्सप्रेस। रूद्रप्रयाग



**उखीमठ/रूद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध 11वें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट 23अक्टूबर बृहस्पतिवार भैया दूज के पावन पर्व पर प्रातः 08:30 बजे शीतकाल के लिए बंद होंगे। कपाट बंद होने के बाद इसी दिन बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली पहले पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान करेगी।

श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने जारी संदेश में 11वें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ के कपाट बंद पश्चात पंच मुखी डोली प्रस्थान कार्यक्रम सहित श्री मदमहेश्वर तथा श्री तुंगनाथ जी के कपाट बंद होने की तिथि निश्चित होने प्रसन्नता जतायी श्रद्धालुओं से अपील की है कपाट बंद होने तर तीर्थस्थलों में दर्शन का पुण्य लाभ अर्जित करें। बीकेटीसी उपाध्यक्ष विजय कप्रवाण तथा उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती सहित मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल तथा केदारनाथ धाम प्रभारी अधिकारी यदुवीर पुष्पवान ने पंच केदारों में शामिल मंदिरों के कपाट बंद होने पर शुभकामनाएं दी हैं बताया कि अभी यात्रा निरंतर गतिमान है,बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि भैयादूज गुरुवार 23 अक्टूबर को कपाट बंद के बाद बाबा केदार की पंचमुखी देव डोली प्रथम पड़ाव रामपुर रात्रि विश्राम को पहुंचंगी। शुक्रवार 24 अक्टूबर रामपुर से प्रस्थान कर रात्रि विश्राम श्री विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी और शनिवार 25 अक्टूबर गुप्तकाशी से शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ पहुंचेगी। वहीं, द्वितीय केदार श्री मद्महेश्वर जी के कपाट मंगलवार 18 नवंबर को प्रातः शुभ मुहूर्त में बंद हो जायेंगे। श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में रावल गद्दी को साक्षी मानकर वेदपाठी आचार्योंकी उपस्थिति में द्वितीय केदार श्रीमद्महेश्वर के कपाट बंद होने की तिथि तय की गयी।

पुजारी शिवशंकर लिंग, वेदपाठी यशोधर मैठाणी वेदपाठी विश्व मोहन जमलोकी, प्रभारी दीपक पंवार, प्रेम सिंह रावत, सहित पंचगाई हकहकूक धारी मौजूद रहे। कपाट बंद होने के बाद श्री मद्महेश्वर जी की देवडोली 18 नवंबर को प्रथम पड़ाव गौंडार को पहुंचेगी दूसरे दिन 19 नवंबर को राकेश्वर मंदिर तीसरे दिन 20 नवंबर को गिरिया तथा चौथे दिन शुक्रवार 21 नवंबर को पंच केदार गद्दी स्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ पहुंचेगी इसी दिन मुख्य रूप से मद्महेश्वर मेला भी आयोजित होगा।

तृतीय केदार श्री तुंगनाथ जी के कपाट शीतकाल हेतु गुरूवार 6 नवंबर को पूर्वाह्न 11 बजकर 30 मिनट पर बंद होंगे। आज श्री तुंगनाथ जी के शीत कालीन गद्दीस्थल श्री मर्कटेश्वर मंदिर मक्कूमठ में मठापति रामप्रसाद मैठाणी की उपस्थिति में कपाट बंद होने की तिथि तय हुई।

इस अवसर पर प्रबंधक बलबीर नेगी, चंद्र मोहन बजवाल,पुजारी अतुल मैठाणी अजय मैठाणी, मुकेश मैठाणी, प्रकाश डिमरी, विनोद डिमरी सहित अधिकारी कर्मचारी हक हकूकधारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम अनुसार कपाट बंद होने के बाद 6 नवंबर श्री तुंगनाथ की विग्रह डोली प्रथम पड़ाव चौपता 7 नवंबर दूसरे दिन भनकुन तथा शनिवार 8 नवंबर तीसरे दिन गद्दी स्थल श्री मर्कटेश्वर मंदिर मक्कूमठ पहुंचेगी।

## रामलीला मंचन ने मोहा मन, रावण दहन के साथ मना विजय पर्व

जन एक्सप्रेस। हरिद्वार



देवसंस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज में विजयादशमी के अवसर पर आयोजित रामलीला मंचन और रावण दहन ने उपस्थित जनसमूह को भाव विभोर कर दिया। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को प्रस्तुत करते इस भव्य आयोजन में विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय ने सभी का मन मोह लिया।

अखिल विश्व गायत्रीपरिवार प्रमुखद्वय डॉ. प्रणव पण्ड्या व श्रद्धेया शैलदीदी ने अपने संदेश में कहाकि जिस प्रकार श्रीराम ने रावण का वध कर धर्म और संस्कृति की रक्षा की, उसी प्रकार हमें भी अपने भीतर की आसुरी प्रवृत्तियों का अंत करना चाहिए और दिव्यता का विकास करना चाहिए।

रामलीला मंचन में दशरथ, राम, सीता ,लक्ष्मण, हनुमान, रावण आदि पात्रों का अभिनय अत्यंत प्रभावशाली रहा। समापन पर 30 फीट ऊँचे रावण के साथ कुंभकरण व मेघनाथ के पुतलों का भी दहन किया गया, जिसे 'संस्कार एवं संस्कृति के विजय दिवस' के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम में देसंविवि के छात्र-छात्राओं, देश-विदेश से पधारे अतिथियों एवं निकटवर्ती क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सह भागिता की। इस अवसर पर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था। प्रमुख कलाकारों में डॉ नीलमणि, डॉ. देवाशीष गिरी, अंकित, राम प्रताप, फिरोज, नीरज, दूर बादल आदि कलाकारों के अभिनय को खूब सराहा गया।

## 15 अक्तूबर तक पूर्वांचल जाने वाली सभी ट्रेनें फुल

जन एक्सप्रेस। रुडकी

**लक्सर।** त्योहारों के दौरान घर लौटने वाले पूर्वांचल के लोगों के लिए ट्रेन की सीटें पूरी तरह भर गई हैं। इस साल 21 अक्तूबर को दीवाली, 23 को भैया दूज और 25 से 28 अक्तूबर तक छठ पूजा है। लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर और प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में स्लीपर क्लास की सारी सीटें पहले ही बुक हो चुकी हैं।

अधिकांश ट्रेनों में आरएसी (रिजर्वेशन अगेंस्ट कैंसिलेशन) भी फुल है और अब केवल वेटिंग पर ही टिकट मिल रही हैं। इस कारण त्योहारों पर लोगों को यात्रा की कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।

# गड्ढामुक्त सड़कें प्राथमिकता : मुख्यमंत्री के निर्देशों पर डीएम द्वारा विभागीय अधिकारियों को सख्त आदेश

- जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद की विभिन्न सड़कों पर उपजिलाधिकारियों का निरीक्षण, पैचवर्क शुरु
- सभी मार्ग होंगे गड्ढामुक्त, विभागीय अधिकारियों को तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश

जन एक्सप्रेस। पौड़ी



जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देशन में जनपद के सभी उप - जिलाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग एवं पीएमजीएसवाई द्वारा निर्मित सड़कों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उप जिलाधिकारियों ने संबंधित विभागों के अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिये कि सभी मार्गों पर कार्यों में तेजी लायी जाय और तय समय सीमा में सड़कों को गड्ढामुक्त करें। निरीक्षण के दौरान कहीं - कहीं पर कार्य प्रगति पर पाया गया, जबकि कुछ मार्गों पर कार्य अभी शुरू नहीं हुआ था।

इस पर उपजिलाधिकारियों ने अधि शासी अभियंताओं को तत्काल गति लाने के निर्देश दिये हैं। संयुक्त मजिस्ट्रेट दीक्षिता जोशी ने बुआ खाल-पौड़ी, घुड़दौड़ी-देवप्रयाग और गजा-जाजल मार्ग का जायज़ा लिया, जबकि उपजिलाधिकारी श्रीनगर ने खिर्सू- खेड़ाखाल तथा पौड़ी- देहल चौरी मार्ग का निरीक्षण किया।

एसडीएम चौबट्टाखाल ने नौगांवखाल -मुनाखाल और नौगांवखाल-चौबट्टा खाल मार्ग, उपजिलाधिकारी थलीसैंण ने चौरीखाल-नैणी मक और जल्लू-नैणी मार्ग, उपजिलाधिकारी धुमाकोट ने लिस्टियाखेत-खाल्यूडांडा और खाल्यूडांडा- भौन अपोला मार्ग, एसडीएम चाकीसैंण ने एनएच बुआखाल-पैठाणी-सलोनधार तथा पाबौ के चंगीन-कुचोली मार्ग का निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी सतपुली ने सतपुली -खैरासैंण-कांडाखाल और एकेश्वर -सतपुली मार्ग, एसडीएम बीरोंखाल ने शहीद संदीप सिंह रावत मोटर मार्ग, उप जिलाधिकारी यमकेश्वर ने नाली खाल -बनचूरी-नैल कपोलकाटल और विट्ठल आश्रम-लक्ष्मणझूला मार्ग तथा उपजिलाधिकारी लैंसडाउन ने रिखणी खाल-देवियोखाल और सिद्ध खाल-दुधारखाल मार्ग का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में सभी उपजिलाधिकारियों को जनपद की जिन सड़कों पर पैच वर्क का कार्य होना है, उनका निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने कहा कि सड़कों की ख़राब स्थिति आमजन की परेशानी का कारण है, ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के क्रम में सभी सड़कों पर पैचवर्क का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। विभागीय अभियंताओं द्वारा गड्ढों को भरने एवं सड़क की सतह को समतल करने का कार्य किया जा रहा है, ताकि आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। कई स्थानों पर मशीनरी और श्रमिकों को तैनात किया गया है तथा खराब हिस्सों की मरम्मत के साथ-साथ सड़क किनारे की जल निकासी व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि जहां कार्य प्रारंभ हो चुका है, वहां गुणवत्ता पूर्ण सामग्री का उपयोग हो। साथ ही निरीक्षण के दौरान उचित गुणवत्ता नहीं पाये जाने पर दुबारा कार्य करने हेतु निर्देशित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पैचवर्क इस प्रकार किया जाय कि आगामी बरसात में भी सड़कें सुरक्षित और मजबूत बनी रहें।

## बरामनगर : वन विभाग की कार्रवाई के खिलाफ परिवार का धरना

जन एक्सप्रेस। रामनगर

**बरामनगर।** मोहल्ला पंपापुरी निवासी संजय शर्मा अपने परिवार के साथ शुक्रवार को लखनपुर स्थित शहीद पार्क में धरने पर बैठ गए। उन्होंने आरोप लगाया कि वन विभाग ने उनके प्लॉट पर लगे तार-बाड़ को ध्वस्त कर भूमि अपने कब्जे में ले लिया, जबकि यह कार्रवाई बिना सर्वे रिपोर्ट के की गई।

संजय शर्मा ने बताया कि उनके पास प्लॉट का स्टांप मौजूद है और पार्क निर्माण उसी प्लॉट के पास किया जा रहा है। उन्होंने शासन-प्रशासन से न्याय दिलाने की मांग की। धरने में उनके परिवार के सदस्य—बच्चे, बुजुर्ग और अन्य लोग—जैसे विमला शर्मा, सुदामा लाल, मीनाक्षी और मदन भी मौजूद रहे। एसडीएम प्रमोद कुमार ने कहा कि परिवार कुछ घंटे धरने पर रहा और मामले की जानकारी ली जा रही है।

डीएफओ ध्रूव सिंह मर्तोलिया ने बताया कि वन विभाग ने नियमों के अनुसार कार्रवाई की है। वहीं, सभासद नवीन सुनेजा ने बताया कि जमीन का सर्वे किया गया था और यह वन विभाग की संपत्ति है, जिस पर पार्क का निर्माण किया जा रहा है।

धरने के दौरान संजय शर्मा और उनके परिवार ने न्याय की मांग को लेकर प्रशासन से जल्द कार्रवाई की अपील की और अपनी स्थिति स्पष्ट की।

# पौड़ी पुलिस के हत्थे चढ़े शातिर बाइक चोर

जन एक्सप्रेस। पौड़ी




पुलिस कप्तान पौड़ी लोकेश्वर सिंह के द्वारा लक्ष्मणझूला क्षेत्र में गंगा घाटों, आरती स्थलों तथा महत्वपूर्ण मठ, मंदिरों, आश्रम ओर धर्मशाला में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने ओर सतर्कता बरतने के लिए थानाध्यक्ष लक्ष्मण झूला को निर्देशित किया गया है साथ ही उनके द्वारा ऐसे स्थानों पर घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने केभी निर्देश दिए गए है जिस पर थानाध्यक्ष लक्ष्मण झूला संतोष पैथवाल के द्वारा थाना क्षेत्र में ऐसे स्थानों पर नजर रखने के लिए दो डेडीकेटड टीमों का गठन किया गया है, 30 अक्टूबर को शिकायतकर्ता अवि कुमार निवासी गली न0 32 शीशम झाड़ी मुनि की रेती टिहरी गढ़वाल द्वारा लिखित तहरीर के आधार पर अवगत कराया की मेरी बुलेट हंटर 350 रजि0 न0 UK14 J9444 स्वर्गाश्रम गद्दी के पास पार्क कर रखी थी, जिसको मैने पार्किंग जगह पर देखा तो वहां पर मेरी बुलेट बाइक नहीं मिली, किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई है सूचना पर थाने में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। घटना के पश्चात उप निरी0 अभिनव शर्मा के नेतृत्व में दो अलग-अलग डेडीकेटेड टीमों का गठन किया गया। गठित टीमो के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटनास्थल के आस-पास सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, और साथ ही पुलिस टीम ने ऐसी घटनाओं में शामिल रहे पूर्व बाइक चोर अप - राधियों की भी कुंडली खंगालनी शुरू कर दी, जिसमें पुलिस दर्जनों सीसी टीवी कैमरो को खंगाला और बेहतर सर्विलांस का प्रयोग करते हुए पुलिस टीम ने बीते रोज में देर रात को अभि युक्तगण अक्षत पुत्र देवदत्त निवासी कस्बा खतौली थाना खतौली जिला मुजफ्फरनगर, अभिषेक पुत्र मोहन लाल निवासी कस्बा खतौली थाना खतौली जिला मु0नगर उम्र 24 वर्ष को चोरी की मोटरसाइकिल संख्या UK14 J9444 बुलेट हंटर तथा घटना में प्रयुक्त हीरो होंडा पेंशन UP15 BJ 0249 बाइक के साथ में स्पेक्ट्रम माल के सामाने गोल्फ सोसाइटी Gब्लॉक सेक्टर 50 नोएडा UP से गिरफ्तार किया गया है। इस अवसर पर थानाध्यक्ष संतोष पैथवाल ने बताया की अभियुक्त गुण मूल रूप से खतौली मु0 नगर जिले के रहने वाले हैं तथा दोनों आपस में दोस्त हैं और वह दोनों अपनी पैशन मोटर साइकिल से कुछ दिन पहले लक्ष्मण झूला क्षेत्र में घूमने आए थे जहां पर उनके द्वारा स्वर्गाश्रम स्थित गद्दी तिराह से बुलेट गाड़ी को चोरी कर दिया गया था पुलिस अभियुक्तगणों की अप - राधिक इतिहास की जानकारी के लिए जनपद अपराध अभिलेख ब्यूरो के साथही राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो से भी संपर्क स्थापित कर रही है वही लक्ष्मण झूला पुलिस के द्वारा लगातार टप्पेबाजी और चोरी की घटनाओं पर की जा रही प्रभावी कार्यवाही को स्थानीय संत और वसींदों द्वारा भी सराहा गया है।

थानाध्यक्ष संतोष पैथवाल ने बताया है की लक्ष्मणझूला पुलिस ऐसे घटनाओं में शामिल हो रहे अपराधियों के विरुद्ध आगे भी कड़ी कानूनी कार्य वाही करेगी, ओर ऐसे अपराधियों का अपराधिक डोजियर भी तैयार किया जा रहा है ,बीते रोज ही अभियुक्त गण को पुलिस द्वारा न्यायिक रिमांड के लिए न्यायालय पौड़ी भेज दिया गया जहा पर न्यायालय ने अभिषेक ओर अक्षत को न्यायिक अभिरक्षा में पौड़ी जेल भेज दिया है ,पुलिस टीम में उप निरी0 अभिनव शर्मा,अपर उप निरी0 सुरेंद सिंह,का0 चंद्रपाल तथा चंद्र शेखर शामिल रहे।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## बदला हुआ भारत: क्रिकेट और आत्मसम्मान का नया अध्याय

**2023 में एशिया कप को लेकर स्थान विवाद खड़ा हुआ, जहाँ भारत ने पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया और अंततः प्रतियोगिता संयुक्त रूप में आयोजित हुई। इन घटनाओं की पृष्ठभूमि में देखें तो 2025 की घटना कोई अलग-थलग घटना नहीं, बल्कि उसी लंबे सिलसिले का हिस्सा है जहाँ क्रिकेट हमेशा राजनीति के साए में खेला गया। इस घटना के दूरगामी परिणाम भी हो सकते हैं। एशियाई क्रिकेट परिषद का मुख्यालय भले ही दुबई में है, लेकिन पाकिस्तान लंबे समय से इसमें प्रभाव बढ़ाने की कोशिश करता रहा है।**

*एशिया कप 2025 का अंतिम मुकाबला केवल क्रिकेट का रोमांचक खेल नहीं था। यह खेल से कहीं अधिक एक कूटनीतिक और सांस्कृतिक संदेश बनकर उभरा। भारत ने पाकिस्तान को न सिर्फ़ मैदान पर हराया बल्कि मैच के बाद की औपचारिकताओं में भी ऐसा रुख़ अपनाया जिसने पूरी दुनिया का ध्यान खींच लिया। भारतीय खिलाड़ियों ने एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष, जो पाकिस्तान से हैं, से ट्रॉफी स्वीकार करने से साफ़ इनकार कर दिया। परिणाम यह हुआ कि पुरस्कार वितरण समारोह घंटों तक खिंचता रहा और अंततः अधूरा रह गया। यह घटना भारतीय क्रिकेट के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। सवाल केवल इतना नहीं है कि ट्रॉफी किसने थामी, बल्कि यह कि भारत ने यह कदम क्यों उठाया और इसके परिणाम क्या हैं। क्रिकेट को अक्सर जेंटलमैन का खेल कहा जाता है, लेकिन भारत और पाकिस्तान के संदर्भ में यह खेल कभी केवल खेल नहीं रहा। यह दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव, सांस्कृतिक टकराव और राष्ट्रीय पहचान का प्रतीक बन चुका है। जब भारतीय खिलाड़ियों ने ट्रॉफी लेने से इनकार किया, तो यह स्पष्ट संदेश था कि मैदान की जीत से आगे बढ़कर भारत अपने आत्मसम्मान को सर्वोपरि मानता है। एक तरह से यह ÷खेल और कूटनीति का उल्टा रूप÷ था। जहाँ खेल को आमतौर पर राजनीति को नरम करने का साधन माना जाता है, वहीं भारत ने खेल का मंच उपयोग करके राजनीतिक संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बार-बार यह दावा किया गया है कि भारत अब झुकता नहीं, बल्कि अपनी शर्तें तय करता है। इस संदर्भ में टीम इंडिया का रुख़ उसी मानसिकता का विस्तार माना जा रहा है। भारत के लिए ट्रॉफी लेना केवल एक औपचारिकता था, लेकिन जब देने वाला वही देश हो जिससे लगातार आतंकवाद, घुसपैठ और सीमा पर तनाव चलता रहा है, तो उस औपचारिकता का महत्व बदल जाता है। यह नया भारत केवल आर्थिक और सैन्य शक्ति की भाषा में नहीं बोलता, बल्कि खेल के मंच पर भी राजनीतिक संदेश देने में पीछे नहीं है। इसके साथ ही घरेलू राजनीति में भी इस घटना का गहरा असर पड़ा। समर्थक वर्ग इसे मोदी युग का साहसिक कदम बता रहा है, जबकि विपक्ष इसे खेल भावना पर चोट मानता है। हालांकि जनता में इसे व्यापक रूप से आत्मगौरव की जीत के रूप में देखा गया। हर साहसिक कदम के साथ आलोचना भी जुड़ती है। भारत के इस रुख़ को लेकर कई सवाल उठे। आलोचकों का कहना है कि क्रिकेट का मूल उद्देश्य देशों के बीच दोस्ती और सौहार्द बढ़ाना है। जब आप ट्रॉफी लेने से इनकार करते हैं, तो आप खेल की आत्मा पर चोट करते हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने इस घटना पर मिला-जुला रुख़ अपनाया। कुछ ने इसे भारत की दबदबा दिखाने की नीति कहा, तो कुछ ने इसे अहंकार बताया। सवाल यह है कि क्या इससे भारत की नरम शक्ति को नुकसान होगा। साथ ही यह भी बहस छिड़ी कि क्या खिलाड़ियों ने यह कदम अपनी इच्छा से उठाया या बोर्ड और सरकार के दबाव में? अगर खिलाड़ी राजनीतिक निर्णयों में केवल मोहरे बन जाएँ, तो उनकी स्वतंत्रता और खेल की पवित्रता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। भारत और पाकिस्तान के क्रिकेट में विवाद कोई नई बात नहीं है। 1987 में जब पाकिस्तान के राष्ट्रपति जयपुर टेस्ट देखने आए थे, तब इसे क्रिकेट कूटनीति कहा गया। 1999 में कारगिल युद्ध से पहले चेन्नई टेस्ट में पाकिस्तान की जीत और उसके बाद की राजनीतिक हलचल को भी आज तक याद किया जाता है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**भारत में बेंगलुरु जैसे शहरों में कुछ निजी संगठनों ने ऐसी पहल शुरू की है, लेकिन इसे राष्ट्रीय स्तर पर लागू करना जरूरी है। चौथा, तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देना होगा। ई-वेस्ट से सोना, चाँदी और ताँबा जैसी मूल्यवान धातुएँ निकालने के लिए नई तकनीकों का विकास संभव है। उदाहरण के लिए, 1 टन स्मार्टफोनों से 300 ग्राम सोना निकाला जा सकता है। यह न केवल आर्थिक लाभ देगा, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव भी कम करेगा। ई-वेस्ट का यह अंधेरा पक्ष हमें सिखाता है कि तकनीकी प्रगति की कीमत पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर नहीं पड़नी चाहिए। यह संकट एक अवसर भी है—टिकाऊ भविष्य के लिए नवाचार और जिम्मेदारी को अपनाने का।**


## ई-वेस्ट: 21वीं सदी का छिपा हुआ पर्यावरणीय बम



**प्रो. आरके जैन**

**भारत में दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु जैसे शहरों में अनौपचारिक रीसाइक्लिंग क्षेत्र में हजारों श्रमिक बिना सुरक्षा उपायों के इस कचरे को संभालते हैं। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 95 प्रतिशत ई-वेस्ट अनौपचारिक क्षेत्र द्वारा संसाधित होता है, जिससे पर्यावरण और श्रमिकों के स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान होता है। इस संकट की जड़ हमारी उपभोक्ता संस्कृति में भी है।**

तकनीकी प्रगति ने मानव जीवन को अभूतपूर्व सुविधाएँ प्रदान की हैं। स्मार्टफोन, लैपटॉप, टेलीविजन जैसे उपकरणों ने हमारे काम, संचार और मनोरंजन के तरीकों को क्रांतिकारी रूप से बदल दिया है। लेकिन इस डिजिटल युग की चमक के पीछे एक गहरा संकट छिपा है—इलेक्ट्रॉनिक कचरा (ई-वेस्ट)। यह न केवल पर्यावरण के लिए घातक है, बल्कि मानव स्वास्थ्य और सामाजिक-आर्थिक ढाँचे के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। तेजी से बढ़ता ई-वेस्ट और इसका अनियंत्रित निपटान 21वीं सदी की सबसे जटिल वैश्विक चुनौतियों में से एक है। ई-वेस्ट में पुराने मोबाइल, कंप्यूटर, बैटरी, रेफ्रिजरेटर जैसे बेकार इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र की ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में वैश्विक स्तर पर 62 मिलियन टन ई-वेस्ट उत्पन्न हुआ, जो 2010 की तुलना में 82प्रतिशत अधिक है और 2026 तक इसके 74 मिलियन टन तक पहुँचने का अनुमान है। भारत, जो इस सूची में चौथे स्थान पर है, ने 2022 में 3.2 मिलियन टन ई-वेस्ट पैदा किया। चिंताजनक बात यह है कि वैश्विक स्तर पर केवल 22.3प्रतिशत ई-वेस्ट ही औपचारिक रूप से रीसाइकिल होता है, बाकी अनौपचारिक क्षेत्रों या लैंडफिल में चला जाता है। ई-वेस्ट की सबसे बड़ी चुनौती इसके जहरीले तत्वों—सीसा, पारा, कैडमियम, आर्सेनिक और लिथियम—में निहित है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, इनके संपर्क से साँस की बीमारियाँ, कैंसर, त्वचा रोग और तंत्रिका तंत्र की समस्याएँ हो सकती हैं। खुले में जलाए जाने पर ई-वेस्ट जहरीली गैसें जैसे डाइऑक्सिन और फ्यूरान उत्सर्जित करता है, जो वायु प्रदूषण को बढ़ाता है। भारत में दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु जैसे शहरों में अनौपचारिक रीसाइक्लिंग क्षेत्र में हजारों श्रमिक बिना सुरक्षा उपायों के इस कचरे को संभालते हैं। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 95प्रतिशत ई-वेस्ट अनौपचारिक क्षेत्र द्वारा संसाधित होता है, जिससे पर्यावरण और श्रमिकों के स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान होता है। इस संकट की जड़ हमारी उपभोक्ता संस्कृति में भी है। हर साल नए स्मार्टफोन और गैजेट्स की लॉन्चिंग पुराने उपकरणों को तेजी से बेकार कर देती है। ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर के अनुसार, औसतन हर 2-3 साल में लोग स्मार्टफोन बदलते हैं। कंपनियाँ प्लांड ऑब्सोलेंस की रणनीति अपनाती हैं, जिससे उत्पाद कम टिकाऊ बनते हैं, और उपभोक्ता बार-बार नया सामान खरीदते हैं। भारत में 2024 में 150 मिलियन से अधिक स्मार्टफोन की बिक्री का अनुमान है, जिससे ई-वेस्ट का ढेर तेजी से बढ़ रहा है। यह न केवल पर्यावरणीय संसाधनों पर दबाव डालता है, बल्कि दुर्लभ धातुओं जैसे कोबाल्ट और लिथियम की माँग को भी बढ़ाता है। ई-वेस्ट का प्रभाव पर्यावरण तक सीमित नहीं है; यह सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को



**उदाहरण के लिए, दिल्ली के सीलमपुर और मुंडका जैसे क्षेत्रों में अनियंत्रित रीसाइक्लिंग के कारण मिट्टी और पानी में भारी धातुओं की मात्रा खतरनाक स्तर पर पहुँच चुकी है। यह न केवल स्थानीय समुदायों, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए भी गंभीर संकट है। इस चुनौती से निपटने के लिए तत्काल और समन्वित प्रयास जरूरी हैं। सबसे पहले, औपचारिक रीसाइक्लिंग प्रणाली को मजबूत करना होगा। भारत में ई-वेस्ट मैनेजमेंट नियम, 2016 के तहत उत्पादकों की जिम्मेदारी को लागू किया गया है, जो कंपनियों को अपने उत्पादों के जीवनचक्र के अंत में निपटान की जिम्मेदारी सौंपता है।**

भी गहरा करता है। भारत में अनौपचारिक रीसाइक्लिंग क्षेत्र में काम करने वाले ज्यादातर लोग गरीब और हाशिए पर रहने वाले समुदायों से हैं, जो निम्न मजदूरी में जोखिम भरी परिस्थितियों में काम करते हैं। ई-वेस्ट से निकलने वाले जहरीले तत्व—सीसा, पारा, कैडमियम—भूजल और मिट्टी को दूषित करते हैं, जिससे खाद्य शृंखला और मानव स्वास्थ्य खतरे में पड़ते हैं। उदाहरण के लिए, दिल्ली के सीलमपुर और मुंडका जैसे क्षेत्रों में अनियंत्रित रीसाइक्लिंग के कारण मिट्टी और पानी में भारी धातुओं की मात्रा खतरनाक स्तर पर पहुँच चुकी है। यह न केवल स्थानीय समुदायों, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए भी गंभीर संकट है। इस चुनौती से निपटने के लिए तत्काल और समन्वित प्रयास जरूरी हैं। सबसे पहले, औपचारिक रीसाइक्लिंग प्रणाली को मजबूत करना होगा। भारत में ई-वेस्ट मैनेजमेंट नियम, 2016 के तहत उत्पादकों की जिम्मेदारी को लागू किया गया है, जो कंपनियों को अपने उत्पादों के जीवनचक्र के अंत में निपटान की जिम्मेदारी सौंपता है। लेकिन इन नियमों का कार्यान्वयन कमजोर है। सरकार को आधुनिक रीसाइक्लिंग संयंत्रों को प्रोत्साहन देना चाहिए और अनौपचारिक क्षेत्र को औपचारिक प्रणाली में एकीकृत करना चाहिए। यूरोपीय संघ, जहाँ 65प्रतिशत ई-वेस्ट औपचारिक रूप से एकत्र होता है, इसका बेहतरीन उदाहरण है। भारत को ऐसी ही प्रभावी प्रणाली विकसित करनी होगी। दूसरा, उपभोक्ता व्यवहार में बदलाव लाना अनिवार्य है। रिपेयर एंड रीयूज़÷ की संस्कृति को बढ़ावा देना होगा। जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों में लोग पुराने उपकरणों की मरम्मत को प्राथमिकता देते हैं। भारत में भी स्थानीय स्तर पर मरम्मत केंद्र स्थापित किए जा सकते हैं, जो न केवल ई-वेस्ट को कम करेंगे, बल्कि स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ाएँगे। तीसरा, जनजागरूकता अभियान महत्वपूर्ण हैं। स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में ई-वेस्ट के खतरों और इसके सुरक्षित निपटान के बारे में जागरूकता फैलानी होगी। कई देशों में ई-वेस्ट ड्रॉप-ऑफ पॉइंट्स स्थापित हैं, जहाँ लोग पुराने उपकरण जमा कर सकते हैं। भारत में बेंगलुरु जैसे शहरों में कुछ निजी संगठनों ने ऐसी पहल शुरू की है, लेकिन इसे राष्ट्रीय स्तर पर लागू करना जरूरी है। चौथा, तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देना होगा। ई-वेस्ट से सोना, चाँदी और ताँबा जैसी मूल्यवान धातुएँ निकालने के लिए नई तकनीकों का विकास संभव है। उदाहरण के लिए, 1 टन स्मार्टफोनों से 300 ग्राम सोना निकाला जा सकता है। यह न केवल आर्थिक लाभ देगा, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव भी कम करेगा। ई-वेस्ट का यह अंधेरा पक्ष हमें सिखाता है कि तकनीकी प्रगति की कीमत पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर नहीं पड़नी चाहिए। यह संकट एक अवसर भी है—टिकाऊ भविष्य के लिए नवाचार और जिम्मेदारी को अपनाने का। सरकार, उद्योग और नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से हम इस चुनौती पर काबू पा सकते हैं। यह समय है कि हम डिजिटल युग की चमक को वास्तव में सार्थक बनाएँ और ई-वेस्ट के खिलाफ यह लड़ाई पर्यावरण, समाज और आने वाली पीढ़ियों की भलाई के लिए जीतें।

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वादशी 17:09 तक |
| नक्षत्रः | धनिष्ठा 09:09 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शनिवार |
| योगः | शूल, 21:45 तक |
| सूर्योदयः | 06:16 |
| सूर्यास्तः | 18:02 |
| चंद्रमाः | कुम्भ राशि में |
| राहुकालः | 09:13-10:41 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | अश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:46-12:33 |

## जन एक्सप्रेस

### ना लगाओ आग !

*हर तरफ़ है शांति ।*
*ना लगाओ आग ।।*
*जो हैं असली मुद्दे ।*
*रहे क्यों उससे भाग ।।*
*बेमतलब, बेवजह ।*
*आप रहे कुरेद ।।*
*देखकर जनमानस ये ।*
*करता व्यक्त खेद ।।*
*छोड़कर तकरार अब ।*
*राह सही अपनाओ ।।*
*उब गए हैं लोग ।*
*अब ना भय दिखाओ ।।*
*हो सही सलाह ।*
*लाओ ये बदलाव ।।*
*होगा तभी दूर ।*
*दिखता जो अभाव ।।*



**- कृष्णेन्द्र राय**

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## नाइट शिफ्ट में काम करने वालों को ज्यादा होता है किडनी स्टोन का खतरा

**नाइट** शिफ्ट में काम करना आपकी मजबूरी भी हो सकती है और आपकी पसंद भी। कुछ लोग दिन में ज्यादा एक्टिव महसूस करते हैं और कुछ लोग रात में। संभव है कि आप जानते हों या आपने खुद महसूस किया हो कि नाइट शिफ्ट में लंबे समय तक काम करना आपकी सेहत पर कई तरह से असर डालता है। इसके कारण आपकी नींद, भूख और पाचन तो प्रभावित होते ही हैं। लेकिन हाल में हुई एक स्टडी में एक नई बात सामने आई है।

**स्टडी में क्या आया सामने?:** इस रिसर्च के लिए 2,20,000 से ज्यादा लोगों का डेटा करीब 13.7 साल तक ट्रैक किया गया। स्टडी में सामने आया कि दिन के बजाय रात में काम करने और दिन में सोने से शरीर का आंतरिक संतुलन बिगड़ता है और इसका असर फ्लुइड इनटेक (तरल पदार्थ लेने की मात्रा) और बॉडी क्लॉक पर पड़ता है, जिसके कारण किडनी प्रभावित होती है। हालांकि इसी स्टडी में रिसर्चर्स को यह भी पता चला कि जो लोग बहुत लंबे समय से लगातार नाइट शिफ्ट में काम कर रहे हैं, उनमें ये खतरा कम होता है क्योंकि उनके शरीर ने उनकी दिनचर्या को स्वीकार कर लिया है। लेकिन जो लोग थोड़े समय नाइट शिफ्ट और फिर डे शिफ्ट में काम करते हैं, उनमें ये खतरा ज्यादा है।

**नाइट शिफ्ट कैसे सेहत पर असर डालता है?:** नाइट शिफ्ट का सेहत पर



क्या असर होता है, इस बारे में नवी मुंबई के फोर्टिस हीरानंदानी हॉस्पिटल के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी विभाग में कंसल्टेंट डॉ प्रशांत पवार ने ओनलीमायहेल्थ से एक अन्य लेख के संदर्भ में बताया है, ÷नाइट शिफ्ट वर्कर वे लोग होते हैं, जो सामान्य दिन के समय (सुबह से शाम) के बजाय रात में काम करते हैं, आमतौर पर शाम 6 बजे से सुबह 7 बजे तक। इस वजह से उनकी बॉडी की प्राकृतिक जैविक घड़ी (सर्केडियन रिद्म) बिगड़ जाती है, जिससे नींद का चक्र प्रभावित होता है और दिल की बीमारी, पेट की समस्या, कई तरह के कैंसर और प्रेग्नेंसी से जुड़ी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। नाइट शिफ्ट में काम करने वालों में अक्सर ÷नॉन-डिपिंग हाइपरटेंशन÷ देखा जाता है, यानी रात में ब्लड प्रेशर सामान्य रूप से कम नहीं होता। इसके अलावा, उनमें ट्राइग्लिसराइड्स (खून में फैट) का स्तर ज्यादा पाया जाता है और शुगर कंट्रोल करने की क्षमता घट जाती है, जिससे मेटाबॉलिक सिंड्रोम जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**बॉडी क्लॉक का बिगड़ना:** हमारे शरीर में जैविक रूप से ही अपनी एक क्लॉक यानी घड़ी है, जिसे बॉडी क्लॉक या सर्केडियन रिद्म कहते हैं। ये शरीर को दिन या रात का पता बताती है और उसी अनुसार शरीर के इंटरनल सिस्टम को काम करने के निर्देश देती है। इसका मुख्य काम शरीर में पानी, इलेक्ट्रोलाइट्स, बॉडी टेम्परेचर आदि का संतुलन है। जब आप रात में जागते हैं, तो यह घड़ी गड़बड़ हो जाती है और किडनी पर दबाव बढ़ जाता है।

**पानी कम पीना:** रात की ड्यूटी में अक्सर लोग पर्याप्त पानी नहीं पीते क्योंकि रात में ज्यादातर मौसम ठंडा होता है और कम प्यास लगती है। इससे डिहाइड्रेशन होता है, पेशाब ज्यादा कंसंट्रेटेड होता है और क्रिस्टल बनने की संभावना बढ़ जाती है।

**असंतुलित खान-पान:** यह भी देखा गया है कि नाइट शिफ्ट के दौरान आप अगर हैवी चीजें खाते हैं, खासकर प्रॉसेस्ड या पैकेटबंद स्नैक्स, जिनमें नमक, कार्बोहाइड्रेड और ऑयल की मात्रा ज्यादा होती है, तो ऐसे फूड्स भी किडनी को नुकसान पहुंचाते हैं।

**अनियमित नींद:** रात में जागने वाले दिन में सोकर नींद पूरी तो करते हैं, लेकिन ये नींद शरीर के सिस्टम के लिए वैसी नींद नहीं होती, जैसी रात में होती है। ऐसी नींद से हार्मोन्स को असंतुलन हो सकता है।

### एक्सप्रेस विशेष

## जातिवाद, वैचारिक विरोधी और संघ



**उमेश चतुर्वेदी**

**राष्ट्र हित के संदर्भ में वाम विचारधारा पर सवाल उठने जायज हैं। वाम विचारधारा भारतीयता की धारणा को तार-तार करती है। लेकिन उसे मानने वाले लोगों से संघ कभी घृणा नहीं करता, नहीं विद्वेषभाव रखता है। संघ प्रमुख तो अब बार-बार कहते हैं कि भारत में जो भी हैं, सब अपने हैं।**

**यह** संयोग ही है कि ठीक सौ साल पहले 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई, ठीक उसके कुछ ही महीने बाद छब्बीस दिसंबर 1925 को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना हुई। सौ साल की यात्रा को जब पीछे मुड़कर देखते हैं तो पता चलता है कि जोर-शोर से शुरू हुआ भारतीय कम्युनिस्ट आंदोलन भारत भूमि पर दम तोड़ता नजर आ रहा है, जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा लगातार आगे बढ़ रही है। सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और राजनीतिक मोर्चे पर संघ की वैचारिकी की प्रगति यात्रा जारी है। एक ही वक्त पर शुरू दोनों वैचारिकी में एक विशेष अंतर रहा। वाम आंदोलन के निशाने पर सदा संघ की विचारधारा और संगठन रहा। संघ के खिलाफ कभी सत्ता के सहयोग से तो कभी किसी और तरीके दुष्प्रचार खूब फैलाया गया। उसी में एक विचार ऐसा है कि संघ मुसलमानों के खिलाफ है। वैचारिक और सामाजिक मोर्चे पर यह भी स्थापित करने की कोशिश की गई कि संघ भारतभूमि से मुस्लिम धर्म का समूल खात्मा चाहता है। लेकिन हकीकत कुछ और है। संघ की प्रतिनिधि सभा के सदस्य और वरिष्ठ कार्यकर्ता इंद्रेश कुमार जी के संयोजन में साल 2002 से 'राष्ट्रीय मुस्लिम मंच' नाम का संगठन काम कर रहा है।

**गांधी जी उनसे कहा था कि वास्तव में उपयोगी होने के लिए, आत्म-बलिदान के साथ-साथ पवित्र उद्देश्य और सच्चे ज्ञान का भी समावेश होना आवश्यक है। संघ के जातिवादी होने के सवाल पर विज्ञान भवन के कार्यक्रम में भागवत जी ने कहा था कि अगर भारत में अंतररजातीय विवाहों की गणना किया जाए तो अंतरजातीय विवाह करने वालों में सबसे ज्यादा संख्या संघ के स्वयंसेवकों की होगी।**

इसका प्रमुख उद्देश्य इस्लाम मानने वाले भारतीय लोगों के बीच 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के संदर्भ में भारतीय राष्ट्रीयता के विचार को बढ़ावा देना है। संघ का कोई घोषित या अघोषित उद्देश्य नहीं है कि भारत भूमि मुस्लिम लोगों से मुक्त हो। संघ का प्रयास है कि भारत के मुसलमानों को लेकर स्थापित छवि बदले और राष्ट्र निर्माण में भी उनकी भूमिका हो। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर 'गुरू' जी रचित किताब 'ब्रंच ऑफ थॉट' का हवाला देकर अक्सर संघ को मुस्लिम विरोधी और सांप्रदायिक होने का प्रयास किया जाता है। वामपंथी विचारधारा के बुद्धिजीवियों को जब भी संघ पर हमला करना होता है, 1966 में प्रकाशित इसी किताब का वे हवाला देते हैं। संघ के मौजूदा सरसंघचालक मोहन राव भागवत जी इस बारे में अपनी राय खुलकर जाहिर कर चुके हैं। सात साल पहले सितंबर 2018 में दिल्ली के विज्ञान भवन में हुई तीन दिनों की विशेष व्याख्यान माला के आखिरी दिन 20 सितंबर को संघ प्रमुख ने श्रोताओं से आमंत्रित प्रश्नों का जवाब दिया था। उसमें 'ब्रंच ऑफ थॉट' को लेकर भी एक प्रश्न पूछा गया था। उस प्रश्न के जवाब में मोहन राव भागवत ने कहा था, 'रही बात, बंच ऑफ थॉट्स% की, तो बातें जो बोली जाती हैं वे परिस्थिति विशेष, प्रसंग विशेष के संदर्भ में बोली जाती हैं। वे शाश्वत नहीं रहतीं।' इसी सवाल के जवाब में भागवत जी ने आगे कहा था, ÷आरएसएस कोई संकीर्ण संगठन नहीं है. समय के साथ हमारे विचार और इनका प्रकटीकरण भी बदलता है। संघ प्रमुख मुसलमान समुदाय को लोगों को भी अपना ही मानते हैं। इसी व्याख्यान माला में उन्होंने कहा था कि, 'हम एक देश की संतान हैं, भाई-भाई जैसे रहें। इसलिए संघ का अल्पसंख्यक शब्द को लेकर रिज़र्वेशन है। संघ इसको नहीं मानता. सब अपने हैं, दूर गए तो जोड़ना है।' संघ को लेकर एक आरोप लगता है कि वह जातिवादी है। विशेषकर संघ विरोधी बुद्धिजीवी कहने से नहीं हिचकते कि संघ में उच्च जातियों का वर्चस्व है। के एस भारती द्वारा संपादित और 1988 में प्रकाशित 'इनसाइक्लोपीडिया ऑफ एमिनेंट थिंकर के सातवें खंड में दिए विवरण के अनुसार महात्मा गांधी 1934 में वर्धा में आयोजित संघ के एक शिविर का दौरा किया था। तब वे बगल में ही सेवाग्राम आश्रम में ठहरे हुए थे। संघ के शिविर का जिज्ञासावश दौरा करने पहुंचे गांधी जी को यह देखकर आश्चर्य हुआ था कि गांधीजी को इस बात से और भी आश्चर्य हुआ कि वर्धा शिविर में अस्पृश्यता, जातिगत उपेक्षा या अन्य भेदभावपूर्ण तौर-तरीके बिलकुल नहीं थे। गांधी जी के दौरे वक्त संघ के शिविर में अप्पाजी जोशी थे। इससे गांधी जी बहुत प्रभावित हुए थे। संघ और गांधी के संबंधों को लेकर भी बहुत कुछ लिखा जा चुका है। लेकिन गांधी वांग्मय में संग्रहीत तथ्यों से इससे जुड़े वैचारिक कुहासे से भी भी पर्दा उठता है। गांधी वांग्मय के 87वें खंड में मिलता है। इसके अनुसार अप्रैल 1947 में दिल्ली में हिंदू-मुस्लिम एकता के संदर्भ में हुई एक प्रार्थना सभा में, गांधीजी ने बताया था कि उन्हें संघ से एक पत्र मिला है, जिसमें इस बात से इनकार किया गया है कि हाल ही में गांधीजी द्वारा अपनी सभाओं में कुरान की आयतों को गीता की आयतों के साथ रखने के विरोध में संघ का कोई हाथ था। गांधीजी ने कहा कि उन्हें इस खंडन के बारे में सुनकर खुशी हुई, और आगे कहा कोई भी संगठन जीवन या धर्म की रक्षा नहीं कर सकता जब तक कि वह पूरी तरह से खुले तौर पर काम न करे।

# राम भरत मिलाप एवं राजगद्दी शोभायात्रा का भव्य आयोजन

■ हजारों श्रद्धालुओं ने लिया भाग, पुष्प वर्षा और भोग-आरती से हुआ स्वागत

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

स्थानीय रामलीला मैदान में आयोजित श्री राम भरत मिलाप एवं राजगद्दी शोभायात्रा में नगर के हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। रामलीला महोत्सव संचालन समिति, पीलीभीत द्वारा आयोजित इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम ने नगरवासियों को आध्यात्मिक आनंद और धार्मिक चेतना से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभु राम द्वारा विभीषण के राज्याभिषेक से हुई। इसके बाद भक्त हनुमान ने अविलंब अयोध्या पहुंचकर भरत को प्रभु राम के आगमन की सूचना दी। प्रभु राम पुष्पक विमान द्वारा अयोध्या पहुंचे और भरत से मिलकर उन्हें स्नेहपूर्वक गले लगाया। इस अद्भुत लीला का मंचन स्थानीय गोपाल बाबू की बगिया रामा कॉलेज के सामने किया गया। भरत मिलाप के पश्चात राजगद्दी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा मार्ग में नई बस्ती चौराहा, काला मंदिर, लेखराज चौराहा, जाटों का चौराहा, बजरिया, होली चौराहा, लोहा बाजार, बरेली दरवाजा, बड़ा गुरुद्वारा, जेपी रोड, चौक बाजार, इमली चौराहा, साहूकारा, जमनी चौराहा, चूड़ी वाली गली और मुख्य बाजार होते हुए परमठ मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। इस शोभायात्रा में प्रभु राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, भरत, शत्रुघ्न, विभीषण, सुग्रीव, अंगद और जामवंत को दिव्य सिंहासन पर शोभायमान किया गया। श्रद्धालुओं ने मार्ग में पुष्प वर्षा की, भोग-आरती कर प्रसाद वितरण किया। विशेष उपस्थितगण÷ महंत ओमकार नाथ, सुनील मिश्रा, अमरीश शर्मा अंबू, अंकुर गुप्ता, राकेश लोधी, संजीव मिश्रा, सुधीर पाल सिंह, नरेश शुक्ला, प्रेम सिंह, भीम सिंह चौहान, अमिताभ त्रिपाठी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी नरेश शुक्ला और आयुष सक्सेना ने बताया कि इस भव्य आयोजन का उद्देश्य रामकथा और लोकसंस्कृति के प्रति श्रद्धा बढ़ाना और समुदाय में भाईचारे व धार्मिक चेतना का संचार करना है।



# भारत बंद का आह्वान और जुमे की नमाज को लेकर अलर्ट रही पुलिस, पीएसी भी रही तैनात

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



बरेली में हुए बवाल के बाद मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड की ओर से तीन अक्टूबर को भारत बंद का आह्वान किए जाने को लेकर शुक्रवार को पुलिस प्रशासन बेहद चौकन्ना रहा।एहतियात के तौर पर जुमे की नमाज के समय मस्जिदों पर पुलिस से लेकर पीएसी का पहरा रहा।हालांकि मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड ने हिंदू त्योहारों का हवाला देते हुए बंद के आह्वान को वापस ले लिया था।इसके बावजूद शहर से लेकर जिले भर की मस्जिदों में पुलिस की मौजूदगी में नमाज अदा की गई।बरेली में हुए बवाल के बाद से जिले में भी चौकसी बरकरार है।उधर, मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड की ओर से जुमे के दिन भारत बंद का आह्वान होने से पुलिस प्रशासन से लेकर खूफिया विभाग अलर्ट हो गया।उधर,खीरी कस्बे में पुलिस के साथ पीएसी भी डेरा डाले है।इसकी वजह वक़्फ़ संशोधन कानून के विरोध में तीन अक्टूबर को मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड का भारत बंद का आह्वान था। हालांकि बोर्ड सदस्यों ने भारत बंद का स्थगित कर इंटरनेट मीडिया पर इसका प्रचार भी करना शुरू कर दिया था।बोर्ड सदस्यों के मुताबिक हिंदू त्योहारों को लेकर यह निर्णय लिया गया है।अगली तारीख बाद में घोषित होगी।

# 70वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, लखीमपुर खीरी द्वारा निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



शुक्रवार को सशस्त्र सीमा बल की 70वीं वाहिनी, लखीमपुर खीरी द्वारा अपनी ÷डी÷ समवाय के अंतर्गत ग्राम रघुनंदनपुरवा में एक दिवसीय निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर (ङ्क्ष्ट) का सफल आयोजन किया गया।70वीं वाहिनी, लखीमपुर खीरी द्वारा आयोजित इस जनकल्याणकारी शिविर में ग्रामीणों को बेहतर पशु स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 101 पशुओं का निःशुल्क उपचार किया गया तथा 34 पशुपालकों को आवश्यक दवाएँ प्रदान की गईं। इस पहल से आस-पास के 03 गाँवों के ग्रामीणों को सीधा लाभ मिला। यह पूरा उपचार कार्य डॉ. अनिरुद्ध सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी, बेहजम (लखीमपुर खीरी) द्वारा 70वीं वाहिनी के कार्मिको के सहयोग से संपन्न किया गया, जिनके सहयोग से शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर के दौरान ग्रामीणों को पशुपालन से संबंधित आवश्यक जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर मुख्य आरक्षी (पशु चिकित्सा) अजीत सिंह सहित 70वीं वाहिनी के बलकर्मी भी मौजूद रहे और उन्होंने शिविर के संचालन एवं व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई।70वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल समय-समय पर इस प्रकार की सामाजिक एवं जनहितकारी गतिविधियों के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को लाभान्वित कर रही है। यह शिविर भी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे न केवल ग्रामीणों को पशु स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त हुईं बल्कि बल और नागरिकों के बीच पारस्परिक सहयोग एवं विश्वास भी और अधिक मजबूत हुआ।

## एक्सप्रेस खबरें...

### पीड़ित को तैयार फसल काटने नहीं दे रहा प्रधान

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर-खीरी।** किशुनपुर परगना पैला तहसील मितौली जिला खीरी की भूमि गाटा संख्या 106 व 175 में गन्ना धान की बोई हुयी फसलें खड़ी है जिसमें धान की फसल पक कर तैयार हो चूकी है पीड़ितों ने जब उक्त फसल काटनें के लिये खेत पर जाते है तो मौजूदा प्रधान पुत्र सुनील पाण्डेय व दिवाकर पाण्डेय पुलिस को बुलाकर फसल नहीं काटने देते है तथा पुलिस से प्रताडित कराते है जबकि यही लोग अपने सम्बन्धी कास्तकारों से निरन्तर फसलें कटवा रहे है जिन पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गयी है पीड़ितों की खड़ी फसल बर्बाद हो रही है ऐसी दशा में पीड़ितों की खडी पकी फसल कटवाया जाना जरूरी है पीड़ितों ने तहसीलदार को शिकायती पत्र दे न्याय की गुहार लगाई है।

### सुरक्षा के बीच पढ़ी गई जुम्मे की नमाज

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** बरेली हिंसा को लेकर जुम्मे की नमाज सकुशल संपन्न कराने को लेकर बड़ी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी में संगीनों के साये में पढ़ने को मजबूर हो गए हैं। शुक्रवार को सीओ अरुण कुमार सिंह, एसडीएम, और निरीक्षक उमेश चौरसिया की संयुक्त टीम ने नगर को 4 जोन में बाटकर चप्पे चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती कर ड्रोन कैमरा से नगर की निगरानी की गई वहीं गांवों में बनी मस्जिदों पर पुलिस ने सतर्कता बरततें हुए लोगों को एक जगह एकत्र होने से मनाही करते रहे। जिसके चलते सड़क पर सन्नाटा बरस रहा है लोग घरों से निकाल कर सीधे मस्जिद पहुंचकर जुम्मे की नमाज अदा कर चुपचाप घर वापस लौटने को मजबूर हुए हैं।बड़ी संख्या में पुलिस बल सड़कों पर देखकर दूर दराज गांवों से आए लोग भय के साए में चुपचाप खरीदारी कर निकाले हैं।



### पहले दिन एक दाना धान की नहीं हो सकी खरीद

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** मोहम्मदी तहसील क्षेत्र में शासन ने किसानो के धान की फसल को सरकारी मूल्य पर खरीदने को लेकर एजेंसियों ने 17 क्रय केंद्र खोले गए हैं। जिसमें नवीन गल्ला मंडी में 14 केंद्र बनाए गए वहीं तीन केंद्र ग्रामीण क्षेत्र में आवंटित किया गए हैं। पहले दिन एक दाना धान की खरीद नहीं हो सकी है।मार्केटिंग ऑफिसर भूपेंद्र सिंह ने बताया छुट्टी के चलते 3 अक्टूबर से किसानों के धान की फसल को खरीदने के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। 14 केंद्र मंडी परिसर मे बनाए गए ग्रामीण क्षेत्र हरिहरपुर, ममरी पंचायत भवन और पिपरिया कप्तान के पंचायत घर को केंद्र बनाया गया है। सरकारी मूल्य 2369 निर्धारित किया गया है। धान में नमी का मानक 17 प्रतिशत रखा गया है। किसान मानक और ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन समेत तमाम दुश्वारियों के चलते औने पौने दाम में आढ़ती के यहां बेचने को मजबूर हो रहे हैं।



### हाईवे पर स्पीड ब्रेकर न होने से पलट रहे हैं वाहन

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** हाईवे पर स्पीड ब्रेकर न होने से लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। स्पीड ब्रेकर न वनाए जाने पर आये दिन राहगीरो को दुर्घटनाओं का शिकार होना पड रहा है।इसी मार्ग पर कुछ दिनों पहले तेज रफ्तार से आ रहा ट्रक पुलिया से टकरा गया था। जिसमें ट्रक मालिक को काफी हानि हुई थी। शीघ्र ही स्पीड ब्रेकर बनवाये जाने की मांग की है। पूरनपुर-बंडा हाइवे पर 24 घंटे वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। गांव घुंघचाई के मुख्य चौराहों और टर्निंग पॉइंट पर स्पीड ब्रेकर न बनाए जाने से हादसे लगातार हो रहे है। घुंघचाई गांव के बस स्टैंड चौराहे पर प्रतिदिन दुर्घटना का भय बना रहता। पूरनपुर-बंडा हाईवे पर कई मुख्य चौराहों पर स्पीड ब्रेकर नहीं बनाए गए हैं।इसके चलते आए दिन छोटे से लेकर बड़ी दुर्घटनाएं होना आम बात हो गई है।इस मार्ग पर पूरनपुर से लेकर शाहजंहापुर सीमा तक कई जगह निजी व परिषदीय स्कूल पडते हैं।रोजाना बडी संख्या मैं स्कूली बच्चों का आवागमन होता है।लेकिन स्पीड ब्रेकर न होने से उन्हें हादसे का डर सताता रहता है। इस समस्या से निजात पाने के लिए शासन से ग्रामीणों ने मुख्य चौहारों पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की।लेकिन इस और जिम्मेदारों का ध्यान नहीं है।

### कुत्ते को पीटकर किया अधमरा, पुलिस से की शिकायत

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** राष्ट्रीय बजरंग दल के शिवम भदौरिया ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायत पत्र में कहा है कि कोतवाली क्षेत्र के गांव सुआवोझ निवासी बहादुर ने दो अक्टूबर को शाम शराव पीकर ग्रामीणों के साथ गाली गलौज कर अभद्रता की। इसके बाद एक कुत्ते को लाठी डंडो से जमकर पीटा। जिससे कुत्ता गंभीर रुप से घायल हो गया। उसकी हालत गंभीर वनी हुई है। शिवम भदौरिया ने वताया कि सूचना पर बजरंग दल की टीम पहुंची तो कुत्ते के मुंह से और नाक से लगातार खून बह रहा था और पैर भी तोड़ दिया गया। रात में डॉक्टर अमरेश को बुलाकर उसको देख पूरा इलाज करवाया और अभी भी उसका इलाज चल रहा है। उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने वताया मामले की जांच की जा रही है। वंही इसको लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं में रोष देखा जा रहा है

### महिला फरार, किशोरी को ले जाने पर युवक पर केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** महिला घर से फरार हो गई। पति ने शिकायत पुलिस से की है। एक अन्य मामले में युवक किशोरी को बहला फुसलाकर कर ले गया। इस मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई है। तहसील क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक ने बताया कि उसकी पत्नी दो दिन पहले घर से लापता हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी कोई पता नहीं चल सका। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एक अन्य मामले में थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने बताया कि 29 सितंबर को उसकी पुत्री को गांव निवासी संतोष बहला फुसलाकर अपन ले गया। आरोप है कि घर में रखी बीस हजार रुपये की नकदी भी ले गई। काफी ढूंढने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। मामले की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने बताया महिला की तलाश की जा रही है।किशोरी के मामले में युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है।

# रसिया खानपुर में बुखार का कहर डेढ़ सप्ताह में चार मौतें, सैकड़ों लोग बीमार

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जिले का रसिया खानपुर गांव तेज बुखार की चपेट में है। डेढ़ सप्ताह से यह प्रकोप लगातार फैल रहा है। अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों लोग बीमार हैं। ग्रामीण स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता और खराब सफाई व्यवस्था को इसके लिए जिम्मेदार मान रहे हैं। 65 वर्षीय इज़रातुल्ला चिश्ती, 18 वर्षीय तसर्रुम, 20 दिन के नवजात और 45 वर्षीय सुनीता देवी की मौत ने पूरे गांव में डर और असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग को समय रहते सूचित किया गया, लेकिन विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए। ग्रामीणों ने बताया कि ढीली नालियाँ, गंदगी और जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ा, जिससे संक्रामक बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 152 मरीजों की जांच कर उन्हें दवाएं वितरित की। प्रारंभिक जांच में डेंगू, मलेरिया और टाइफाइड की रिपोर्ट निगेटिव आई, लेकिन ग्रामीण इसे केवल राहत की खबर मान रहे हैं।

**ग्रामीण प्रतिक्रिया और प्रशासन पर सवाल**

ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी व्यक्त की। उनका कहना है कि अगर विभाग समय पर सक्रिय होता, तो चार मौतों को रोका जा सकता था। पंचायत और स्थानीय प्रशासन की अनदेखी ने समस्या और बढ़ा दी। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल आकस्मिक उपचार पर्याप्त नहीं है। बुनियादी सफाई, नालियों की नियमित साफ-सफाई, जलभराव पर नियंत्रण और समय पर चिकित्सकीय जांच जैसी व्यवस्थाएं होना अत्यंत आवश्यक हैं। यह प्रकरण स्पष्ट संदेश देता है कि स्वास्थ्य सुरक्षा में छोटी-छोटी चूक भी बड़ी त्रासदी का रूप ले सकती है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से अपेक्षा की जाती है कि वे सतत निगरानी और उचित बुनियादी ढांचा सुनिश्चित करें ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## तेंदुआ ने गाभिन बकरी को बनाया शिकार, उतारा मौत के घाट वन विभाग को दी सूचना

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



बफरजोन संपूर्णानगर वन रेंज क्षेत्र की कबीरगंज वन चौकी के अंतर्गत गांव राणा प्रताप नगर निवासी लक्खू प्रसाद की गाभिन बकरी घर से कुछ ही दूरी पर गन्ने के किनारे राणा प्रताप नगर-नहरोसा पीडब्ल्यूडी मार्ग पर के किनारे घास चर रही थी तभी तेंदुआ गन्ने से निकल कर अचानक घास चर रही गाभिन बकरी को निशाना बनाते हुए झपट्टा मारकर मौत के घाट उतार दिया है।बकरी गाभिन थी तेंदुआ ने बकरी का पेट फाड़ दिया था जिस कारण अजन्मे तीन बकरी के बच्चों की भी मौत हो गया है।ग्रामीणों की सूचना पर बफरजोन संपूर्णानगर वन रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी ललित कुमार ने मौके पर वन विभाग की टीम को भेज कर मौक़ा मुआयना कराते हुए ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दिया है।पीड़ित एवं अन्य ग्रामीणों ने वन विभाग से मुआवजा दिलाने की मांग किया है।

## मां की ज्योति को फरुखाबाद लेकर जत्था रवाना

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

कबीरपुर कसगंजा में गुरुवार को हिमाचल प्रदेश के फरुखाबाद से आई ज्योति को ढोल नगाड़ों और माता के जयघोष के बीच आई पवित्र ज्योति को मां ज्वाला जी दरबार के लिए रवाना किया गया। मां ज्वाला जी जागरण सेवा समिति कवीरपुर कसगंजा की ओर से मां ज्वाला जी से पावन ज्योति लाई गई थी। दर्शन के लिए पूरे नौ दिनों तक ज्योति को बाजार प्रांगण में स्थित मंदिर में विराजमान किया गया था। मां ज्वाली जी से आई पवित्र अखंड ज्योति के समझ मां भगवती का 28 वां विशाल जागरण का आयोजन 30 सितंबर को किया गया था। गुरुवार को हिमाचल प्रदेश के फरुखाबाद से आई मां ज्वाला जी की अंखड ज्योति को ढोल नगाड़ों और माता के जयघोष के साथ ज्योति को शोभायात्रा के साथ मां ज्वाला जी दरबार के लिए विदाई दी गई। इस दौरान भक्तो ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान सिद्धार्थ शुक्ला,हरिपाल वैश्य,शशी शुक्ला,राघव मिश्रा, दीपक जैसबार, जदुबीर, पवन शुक्ला,नितिन शुक्ला,राम कृपाल, गुरुप्रसाद,रजनीश शुक्ला सहित कई मौजूद रहे।

### दुर्गा मूर्तियों का गाजे-बाजे के साथ हुआ विसर्जन

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** शारदीय नवरात्र के समापन के बाद ट्रांस शारदा क्षेत्र एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में पंडालों में स्थापित दुर्गा जी की मूर्तियों का विसर्जन पुलिस की निगरानी में किया गया है। ट्रांस शारदा क्षेत्र में दुर्गा पूजा समापन के बाद थाना क्षेत्र के गांव राणा प्रताप नगर,श्रीनगर,मुरैना गांधीनगर खीरी के मिलन बाजार व संपूर्णानगर की मूर्तियों का विसर्जन गुरुवार को किया गया था तो शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव रामनगर,चंदनगर,नेहरु नगर सहित अन्य मूर्तियों का विसर्जन शारदा नदी के पावन जल में कर दिया गया है।क्षेत्र में दुर्गा जी को समर्पित जगह-जगह विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया था।मूर्ति विसर्जन के दौरान हजारा थानाध्यक्ष शरद यादव उपनिरीक्षक अशोक कुमार व ऋषिपाल गिरी सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

## ट्रांस शारदा क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया गांधी-शास्त्री जयंती, फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री जयंती ट्रांस शारदा क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया साथ ही राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और मिष्ठान वितरण कर सफाई अभियान चलाया गया है। 2 अक्टूबर के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती पर हजारा थाना में थानाध्यक्ष शरद यादव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया है तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुरैना गांधीनगर में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ रश्मि श्रीवास्तव ने तो बफरजोन संपूर्णानगर वन रेंज में क्षेत्रीय वन अधिकारी ललित कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया साथ ही पूरा स्टाफ झाड़ू लेकर पूरे परिसर की साफ-सफाई किया है।इसके अलावा क्षेत्र के विद्यालयों कालेज बैंक शाखाओं आदि पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

# डीएम ने दिखाई रेड क्रॉस राहत वाहन को हरी झंडी,150 महिलाओं को मिला सहारा




**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

मिशन शक्ति के तहत जिला प्रशासन ने रेड क्रॉस सोसाइटी लखीमपुर खीरी के माध्यम से बाढ़ पीड़ित महिलाओं तक राहत सामग्री भेजी। शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट परिसर से इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के राहत सामग्री वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, रेडक्रॉस सोसाइटी के डॉ. रविंद्र शर्मा और डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर आरती श्रीवास्तव मौजूद रहीं। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि संकट की इस घड़ी में प्रशासन हर पीड़ित के साथ खड़ा है। जरूरतमंदों तक त्वरित और समुचित सहायता पहुँचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। रेड क्रॉस सोसाइटी की प्रतिबद्धता और सक्रिय योगदान सराहनीय है।यह राहत वाहन सीधे प्राथमिक विद्यालय ग्रट नंबर-12 पहुँचा, जहां रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियो ने करीब 150 बाढ़ प्रभावित महिलाओं को प्रशासन ने त्रिपाल, मच्छरदानी, भोजन पैकेट और फल बांटे।राहत सामग्री पाकर महिलाओं की आँखों में चमक और चेहरों पर मुस्कान आ गई। किसी ने कहा कि छत के लिए त्रिपाल मिल गया, अब बच्चे सुरक्षित रहेंगे÷, तो किसी ने भोजन पैकेट हाथ में लेते हुए आभार जताया।इस दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी पदाधिकारियों मौजूद रहे।

## भाकियू अराजनैतिक ने उपजिलाअधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की ओर से जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। जिसमे कहा गया है कि धान की फसल तैयार करने में किसानों की लागत बहुत अत्याधिक आ रही है। क्योंकि बिगत कुछ वर्षों से धान की फसल में विभिन्न प्रकार के कीटों व फंगस के तमाम रोगों में बहुत अधिक इजाफा हुआ है।रोग लगने से धान किसानों की लागत बहुत अधिक बढ़ गई है। बढ़ती मंहगाई में जैसे कि डीजल,खाद,जिंक,जैम पेस्टीसाइड्स,हरवीसाइडस , श्रमिकों की मजदूरी,कृषि यंत्रों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश का किसान पहले से ही कर्ज के बोझ से जुझ रहा है। धान किसानों की लागत को देखते हुए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य बहुत ही कम है। इस लिए उत्तर प्रदेश के किसानों की समस्याओं व धान किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए 200 रुपए प्रति कुंतल बोनस घोषित करने की मांग हमारा संगठन भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक उत्तर प्रदेश सरकार से करता है। ताकि धान किसानों को कुछ राहत मिल सके व अगली फसलों को और अच्छे उत्पादन करने में किसानों को मदद मिल सके। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह, कुलवंत सिंह सोनी, सर्वेश कुमार, बलजीत सिंह, रामगोपाल वर्मा,पवन कुमार वर्मा, कपिल यादव,ननकू यादव,हरेराम, जगपाल आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता से ही सशक्त होगी नारी : डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल

■ मिशन शक्ति 5.0 : जीजीआईसी में व्यक्तिगत स्वच्छता संवाद, 200 बालिकाओं को सेनेटरी पैड वितरित

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**




नारी सशक्तिकरण और स्वच्छता जागरूकता का संदेश लेकर मिशन शक्ति 5.0 अभियान अब बालिकाओं तक पहुँच रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, लखीमपुर में ÷व्यक्तिगत स्वच्छता संवाद कार्यक्रम÷ का आयोजन हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ. वाणी गुप्ता, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता व एसडीएम अर्चना ओझा, प्रधानाचार्य डॉ शालिनी दुबे के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कॉलेज की करीब 200 छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मासिक धर्म स्वच्छता एक ऐसा विषय है, जिस पर खुलकर बातचीत की जानी चाहिए। उन्होंने स्वयं छात्राओं को सेनेटरी पैड वितरित किए और इसके उपयोग से मिलने वाले लाभ बताए।कहा कि स्वस्थ समाज की नींव स्वच्छता पर टिकी होती है। बेटियाँ जब आत्मनिर्भर और जागरूक होंगी तभी परिवार और समाज सशक्त बनेगा।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि नारी स्वच्छता, स्वास्थ्य, सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना भी है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे इस संवाद को अपनी सहेलियों और परिवार तक पहुँचाएँ, ताकि जागरूकता का दायरा और व्यापक हो सके।प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे ने कहा कि मासिक धर्म स्वाभाविक प्रक्रिया है, इसे किसी भी प्रकार की झिझक या संकोच से नहीं जोड़ना चाहिए। स्वच्छता अपनाकर ही छात्राएँ स्वस्थ रह सकती हैं और अपने सपनों को पूरा कर सकती हैं। जागरूक बालिकाएँ ही कल की सशक्त नारी बनेंगी। एसडीएम अर्चना ओझा ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ आदत नहीं बल्कि जीवनशैली का हिस्सा होनी चाहिए। छात्राएँ यदि आज से ही व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखेंगी तो आने वाले समय में वे स्वस्थ, आत्मविश्वासी और समाज की प्रेरणा बनेंगी।

# रामलीला के अंत में रावण वध लीला का हुआ मंचन

जन एक्सप्रेस। जालौन



श्री रामलीला महोत्सव में 15 वे दिन रावण वध की लीला का मंचन किया गया तथा रावण दहन किया। कुंभकर्ण, मेघनाथ एवं अहिरावण के वध के बाद रावण के वंश के लगभग सभी योद्धा समाप्त हो चुके थे, जिससे रावण ने स्वयं युद्ध में जाने की घोषणा की, लेकिन राजदरबार के लोगों ने बताया कि वर्षों पहले रावण का एक पुत्र मूल नक्षत्र में हुआ था, उसे नदी में बहा दिया गया था। जिसे सभी नारांतक के नाम से जानते हैं। रावण ने जब नारांतक को संदेश भिजवाया तो नारांतक पूरी सेना लेकर लंका पहुंचा और अपने पिता रावण से कहा कि हे पिताश्री आपने भले ही मूल में पैदा होने से मुझे त्याग दिया था, लेकिन वंश की रक्षा के लिए वह राम-लक्ष्मण से युद्ध करेगा। भले ही उसे अपने प्राण क्यों न न्योछावर करना पड़े। इसके बाद नारांतक युद्ध में पहुंचा तथा राम-लक्ष्मण से घमासान युद्ध किया, लेकिन वरदान प्राप्त होने से राम-लक्ष्मण नारांतक का वध नहीं कर सके। तब श्रीराम की सेना में शामिल दधिबल ने नारांतक का वध किया। नारांतक के वध की खबर मिलते ही मानो रावण पर वज्राघात हुआ और क्रोध से तमतमाए रावण ने पूरी सेना के साथ राम लक्ष्मण के साथ युद्ध की घोषणा कर दी।

रण क्षेत्र में श्रीराम एवं रावण का घमासान युद्ध हुआ तथा रावण द्वारा शिवभक्ति एवं घोर तपस्या से प्राप्त एक से बढ़कर एक मारक शस्त्रों का प्रयोग किया।

जब श्रीराम एवं लक्ष्मण के तमाम प्रयासों के बावजूद रावण का वध नहीं हो सका तो श्रीराम निराश हो गए। ऐसे कठिन समय में रावण के भ्राता विभीषण ने श्रीराम को गोपनीय जानकारी दी कि रावण की नाभि में अमृत होने से वह मारा नहीं जा सकता। यदि बाण से नाभि पर प्रहार किया जाएगा तभी रावण का वध होगा। यह सुनकर श्रीराम ने रावण की नाभि पर बाण से प्रहार किया, जिससे रावण का वध हुआ। दशहरा के दिन आयोजन श्रीरामलीला महोत्सव का आयोजन उरई मार्ग विवेकानंद इंटर कालेज के पास आयोजन रावण दहन के कार्यक्रम के पंडाल में किया गया। रावण दहन कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य, पुलिस उपाधीक्षक शैलेन्द्र कुमार वाजपेयी, ब्लाक प्रमुख रामराजा निरंजन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, रामलीला समिति के अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी, राजसिंह सेंगर गौरीश द्विवेदी, डां अंकुर शुक्ला, डां ब्रजेन्द्र दुबे, उमेश दीक्षित, रामशरण विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के पूर्व श्रीरामलीला भवन से रामदरबार समेत झांकियों की शोभायात्रा निकाली गयी जो दशहरा मेला आयोजन स्थल पहुंची जहां पर रामलीला मंचन के साथ रावण दहन किया गया।

## मवेशियों के लिए चारा लेने गए किसान की नाले में गिरकर डूबने से मौत

**माधौगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सूपा में चारा लेने गए किसान की नाले में गिरकर डूबने से मौत हो गई।

नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव सूपा में सुरेश कुमार यादव 45 वर्ष पुत्र पहलाद यादव खेती किसानी के साथ साथ पालतू जानवरों को रख कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। बृहस्पतिवार की सुबह वह जानवरों के लिए चारा लेने के लिए खेत पर गए हुए थे। दोपहर में घर न पहुचने पर परिजनों ने इधर-उधर ढूढा और फोन द्वारा जान की लेकिन कोई जानकारी नहीं हो सकी। जानकारी न होने पर परिजनों ने कोतवाली में पहुंच कर गुमसुदी भी दर्ज कराई थी। लेकिन दो दिन से हो रही वरसात की वजह से नाला में अधिक पानी आने से शुक्रवार की सुबह गांव नाला में शव पड़ा हुआ था। खेतों पर काम करने गए ग्रामीणों ने शव को देख परिजनों व पुलिस को सूचना दी । सूचना पर सीओ अम्बुज यादव कोतवाल बिकेश बाबू पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के घर पत्नी रीता देवी पुत्र सुमित और अमित का रो-रोकर बुरा हाल है। सीओ अम्बुज यादव का कहना है कि पशुओं को चारा लेने गया था नाला में पानी अधिक आने से डूबकर मौत हो गई।

# सिद्धपीठ रक्तदंतिका के महंत ने संतो से साथ एसपी को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। उरई



शुक्रवार को सैदनगर स्थित तांत्रिक सिद्धपीठ रक्तदंतिका के महंत फलाहारी बाबा ने अनेकों संतों के साथ पुलिस अधीक्षक से भेंट कर उन्हें प्रार्थना पत्र सौंपा। जिसमें उक्त पीठ पर कथित रूप से अवैध कब्जे से पूजा पाठ में आ रही परेशानियों से अवगत कराते हुये सिद्धपीठ को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की मांग की। एसपी को संबोधित दिये गये प्रार्थना पत्र में महंत फलाहारी बाबा ने वह वर्ष 2012 में रजिस्टर्ड मोहतिम उप निबंधक उरई के यहां 31 मार्च 2012 को रजिस्टर्ड किया गया था। तभी से वह मंदिर में पूजा अर्चना करने के कार्य में लगा हुआ है। लेकिन इसी दौरान उक्त धार्मिक स्थल पर कूटरचित मोहतिम बद्रीदास पुत्र रामसजीवन मूल निवासी हरारा को बनवाया था। जिसका मुकदमा न्यायालय जिला जज के यहां मूल वाद संख्या 211/2012 श्री सिद्धपीठ मंदिर विराजमान रक्तदंतिका देवी आदि प्रति बद्रीदास आदि दाखिल हुआ। जिस पर प्रतिवादी उपस्थित हुये और जबाब दाखिल किया। उक्त वाद में कई अवसर दिये जाने के बाद भी बद्रीदास उपस्थित नहीं हुये तो दौरान सुनवाई उक्त वाद एकपक्षीय आदेश पारित कर कूटरचित दस्तावेज को निरस्त कर वादी संख्या एक को धार्मिक प्राण प्रतिष्ठा मूर्तिमान मंदिर एवं एबीसीडी में जो अनाधिकृत कब्जा है उसको हटाकर मंदिर में चल रही पूजा पाठ में विघ्न न डालें। इसके बाद भी विजय गुप्ता व अरविंद नगाइच जिन्हें मंदिर परिसर में किसी भी तरह का हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है, वह लगातार अवरोध उत्पन्न करते चले आ रहे हैं। उन्होंने एसपी से अनुरोध किया कि वह मंदिर परिसर को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर रक्तदंतिका पीठ में नियमिता पूजा अर्चना में बाधा डालने वालों पर कानूनी कार्यवाही अमल में लायी जाये। ताकि धार्मिक स्थल की पवित्रता बनी रहे। इस दौरान महा मंडलेश्वर सिद्धरामदास, नंदलाल दास, महंत राघवेंद्र दास, महंत गोपालदास, कोतवालदास, संतोष, राहुल महाराज, पुजारी राघवदास सहित अनेकों संत साथ में रहे।

## परिवहन विभाग द्वारा 254 छात्र छात्राओं एवं महिलाओं के बनाए गए ड्राइविंग लाइसेंस




जन एक्सप्रेस। महोबा

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देश पर एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी हर्षवर्धन नायक के निर्देशन में महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के तहत ड्राइविंग माय ड्रीम के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा वीरभूमि राजकीय महाविद्यालय में महिलाओं एवं बालिकाओं को निःशुल्क ड्राइविंग कोर्स एवं लायसेंस बनवाने हेतु जानकारी प्रदान की गई। साथ ही 254 छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं के ड्राइविंग लाइसेंस बनवाए गए। कार्यक्रम में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी दयाशंकर एवं उनकी टीम ने बालिकाओं को ड्राइविंग के नियम एवं लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया की जानकारी दी। महिला कल्याण विभाग से डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर प्रिया गुप्ता और जेंडर स्पेशलिस्ट सुनीता चौरसिया एवं रुचि दीक्षित उपस्थित रही।

# शांति एवं सौहार्द बनाए रखने हेतु जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने भ्रमण कर लिया जायजा

जन एक्सप्रेस। उरई

जुम्मे की नमाज़ के मद्देनज़र जनपद में सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था की पुख़्ता व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने हेतु डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने शुक्रवार को कालपी, जालौन व उरई का भ्रमण कर जायजा लिया। डीएम व एसपी ने संवेदनशील स्थलों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया तथा तैनात अधिकारियों व पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने साफ-सफाई, पेयजल, यातायात सुगमता तथा आमजन की सुविधा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और जनपद में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। वहीं, पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा की दृष्टि से गश्त तेज करने और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।



## अर्ह नागरिक अपना प्ररूप 18 भरकर सम्बन्धित मतदान स्थलों में करे प्रस्तुत

जन एक्सप्रेस। महोबा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश विधान परिषद के इलाहाबाद झाँसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की नामावलियाँ तैयार करने हेतु 30 सितंबर को अर्हता तिथि 1 नवंबर मानते हुये लोकसूचना का प्रकाशन करते हुये प्ररूप 18 पर आवेदन आगामी एक नवंबर तक जनपद में अवस्थित पदाभिहित स्थलों पर कर सकते हैं।

ऐसे अर्ह नागरिक जिनके द्वारा 6 नवंबर 2025 से कम से कम 3 वर्ष पूर्व या तो भारत के राज्य क्षेत्र में किसी विश्वविद्यालय का स्नातक है अथवा समतुल्य अर्हता रखता है तो वह निर्वाचक नामावली में शामिल होने का पात्र है। 3 वर्ष की अवधि का परिकलन उस तारीख से किया जायेगा द्य जब से विश्वविद्यालय या अन्य संबंधित प्राधिकरण द्वारा अर्हक डिग्री परीक्षा का परिणाम घोषित और प्रकाशित किया गया हो। अतः जनपद के सम्मानित नागरिकों से अपील है कि अर्ह नागरिक अपना प्ररूप 18 भरकर सम्बन्धित मतदान स्थलों यथा 205 तहसील भवन महोबा, 206 नगर पालिका परिषद भवन महोबा, 207 राजकीय इण्टर कालेज, श्रीनगर, 208 नगर पंचायत कार्यालय कबरई, 209 पू0मा0वि0 खन्ना, 210 तहसील भवन कुलपहाड़, 211विकास खण्ड पनवाड़ी तथा 212 तहसील भवन चरखारी में उपस्थित पदाभिहीत अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

# नगर में देवी प्रतिमाओं का धूमधाम से बैंड बाजों के साथ किया गया विसर्जन

जन एक्सप्रेस। जालौन




नगर तथा क्षेत्र में स्थापित सभी देवी प्रतिमाओं को द्वारिकाधीश मंदिर के प्रांगण में एकत्रित कर नगर के विभिन्न रास्तों से निकाला गया। जिससे पूरा नगर जय माता दी के जयकारों से गूंज रहा था। बारिश होने के बाद भी महिलाऐं और नव युवक बैंड बाजों की धुनों पर सड़कों पर थिरकते हुए निकल रहे थे।

समाजसेवीजनों ने जगह-जगह पानी, शर्बत पिलाकर शोभा यात्रा में चल रहे भक्तों का गला तर किया। इसके अलावा भंडारे का भी आयोजन किया गया। इसके बाद देवी विसर्जन का जुलूस ग्राम नारायणपुरा के पास स्थित तालाब में विसर्जन के लिए रवाना हुआ।

नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित सभी मूर्तियों को सर्वप्रथम स्थानीय द्वारिकाधीश मंदिर के प्रांगण में एकत्रित किया गया।एकत्रित होने के बाद भव्य शोभायात्रा द्वारिकाधीश मंदिर से प्रारंभ हुई जो झंडा चौराहा, बस स्टैंड, तहसील रोड से कोतवाली रोड होते हुए देवनगर चौराहे से डाकघर, कांजी हाउस, पानी की टंकी, सब्जी मंडी, छोटी माता मंदिर होते हुए सहावनाका से सीधे ग्राम लौना के आगे नारायणपुरा में विसर्जन के लिए रवाना हुई। पूरे नगर में शोभा यात्रा के दौरान अबीर, गुलाल एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर जयमाता दी के जयकारों से पूरा नगर गूंज रहा था।

कई देवीभक्त डीजे पर बज रहे देवी गीतों पर जमकर ठुमके लगा रहे थे। एसडीएम विनय मौर्य, सीओ शैलेंद्र बाजपेई, कोतवाली प्रभारी अजय ब्रम्ह तिवारी , इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद दुबे चौकी प्रभारी जितेंद्र , उपनिरीक्षक रमेश कुमार, शिवम सिंह सेंगर, अमर सिंह आदि शांति व्यवस्था की कमान संभाले हुए थे। देवी प्रतिमाओं के विसर्जन में ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन, जालौन सेवा समिति के अध्यक्ष रामशरण विश्वकर्मा, पुनीत मित्तल,महेंद्र पाटकर, राजसिंह सेंगर आदि मौजूद रहे।नगर पालिका परिषद के गेट पर राजा सिंह सेंगर, कोतवाली के सामने इमरान अंसारी समेत कई स्थानों पर स्वागत किया गया है तथा प्रसाद वितरण किया गया। बारिश होने के बाद भी भक्तों का जोश कम नहीं हुआ भीगते हुए मां की मूर्तियों का विसर्जन किया गया वहीं सुरक्षाकर्मी भी सुरक्षा को लेकर मुस्तैद रहे तथा पानी में खड़े रहे तथा भीगते रहे।

## अवैध आतिशबाजी के साथ गिरफ्तार

**कालपी।** नगर के मोहल्ला मानीगंज निवासी शिवम निषाद 22 वर्ष पुत्र प्रेमशंकर निषाद दशहरा पर्व पर एक जनसेवा केंद्र से आतिशबाजी बेच रहा था। इस दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने युवक से आतिशबाजी बेचने संबंधी प्रपत्र मांगे तो वह कुछ भी नहीं दिखा सका। इसके बाद पुलिस ने उसके दुकान की तलाशी ली तो पांच बोरियों में देशी दीवार बम के पैकेट व दूसरे डिब्बों में भरी आतिशबाजी बरामद की। जिसकी कीमत करीब 75 हजार रुपये बताई गई। पुलिस ने युवक पर मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। मामले में सीओ एके सिंह ने कहा कि बगैर लाइसेंस के कोई बस्ती के बीच में आतिशबाजी नहीं बेच सकता है।

# बरेली बवाल के बाद जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन सतर्क

जन एक्सप्रेस। जालौन



बरेली में हुए बबाल के बाद जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन सतर्क नजर आया। डीएम व एसपी ने भी नगर में भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। कुछ दिन पूर्व बरेली में बबाल हुआ था। बबाल के बाद मौलाना तौकीर रजा की गिरफ्तारी की गई थी। जिसके बाद से प्रशासन लगतार सतर्कता बरत रहा है। इसी को लेकर नगर में जुमे की नमाज को लेकर भी सतर्कता बरती गई। नगर में जगह जगह पुलिस फोर्स को तैनात किया गया। साथ ही लोगों से शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई थी। जिसके चलते नगर की सभी मस्जिदों में शांतिपूर्वक जुमे की नमाज अदा की गई। जुमे की नमाज को लेकर डीएम राजेश पांडेय, एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार भी नगर में पहुंचे। उन्होंने तकिया मैदान पर पहुंचकर वहां का जायजा लिया और लोगों से संवाद करते हुए कहा कि सभी लोग आपस में मिल जुलकर रहें। किसी भी प्रकार की अफवाह से स्वयं दूर रहें और दूसरों को भी अफवाह फैलाने का मौका न दें। कहा कि किसी भी प्रकार की कोई समस्या होने पर तत्काल पुलिस और प्रशसन की सहायता लें। किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था को भंग न होने दिया जाए। इस मौके पर एसडीएम विनय मौर्य, सीओ शैलेंद्र बाजपेई, कोतवाल अजय ब्रह्म तिवारी, इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद दुबे, चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह, उप निरीक्षक अमर सिंह आदि मौजूद रहे।

फोटो परिचय 5

## सर्प के काटने से किसान की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** गोहन थाना क्षेत्र के कुतुबपुर निवासी किसान को घर पर कमरे के फर्श में सोते समय जहरीले सर्प ने काट लिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

गोहन थाना क्षेत्र के कुतुबपुर निवासी 40 वर्षीय अरविंद प्रजापति दशहरा पर्व मनाने के बाद घर के कमरे में जमीन पर हो रहा था। इसी दौरान उसकी गर्दन में सर्प ने काट लिया। जिसके चिल्लाने पर पत्नी कृष्ण कुमार व पुत्र अंशुल, अनुराग जाग गए। इसके बाद अन्य स्वजन उसे सबसे पहले झाड़ फूंक कराने के लिए ले गए जब हालत में सुधार नहीं हुआ तो उसे इलाज के लिए सीएचसी जालौन ले जाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इससे पत्नी व बच्चों के साथ अन्य स्वजन में चीख पुकार मच गई। सूचना के बाद थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लोगों ने बताया कि तीन दिन पहले मृतक अरविंद के चचेरे भाई अभिषेक की पत्नी 32 वर्षीय आरती को भी सर्प ने काट लिया था। जिससे उसकी भी मौत हो गई थी। स्वजन ने पुलिस को बगैर सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया था।

## रिलायंस ज्वेल्स के नए फेस्टिव कलेक्शन का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। मथुरा

इस दिवाली, भारत के सबसे विश्वसनीय ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक रिलायंस ज्वेल्स ने अपने नए फेस्टिव कलेक्शन का शुभारंभ किया है, जो भारत के सबसे बड़े पर्व की जीवंत भावना को समर्पित एक चमकदार प्रस्तुति है।

यह एक महत्वपूर्ण अवसर है क्योंकि ब्रांड पहली बार बॉलीवुड आइकन रवीना टंडन और उनकी बेटी राशा थडानी का स्वागत अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में कर रहा है।

मां-बेटी की यह जोड़ी विरासत और आधुनिकता का अनूठा संगम है, जो दर्शाती है कि भारतीय अपने आभूषणों से कैसे बदलते रिश्ते साझा करते हैं। रिलायंस ज्वेल्स के साथ उनका यह जुड़ाव इस तथ्य का उत्सव है कि आभूषण पीढ़ियों से परे जाते हैं-परिवार की धरोहरों को दिल से जोड़े रखते हुए साथ ही आज की जीवनशैली के लिए समकालीन डिज़ाइनों को अपनाते हैं।

लॉन्च के अवसर पर गायत्री यादव, ग्रुप सीएमओ, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, ने कहा, हम भारतीयों का सोने के साथ हमेशा से एक गहरा भावनात्मक रिश्ता रहा है-यह हमारी परंपराओं, उपलब्धियों और पहचान का प्रतीक है। लेकिन समय के साथ शैलियाँ बदलती हैं और कई बार पुराने डिज़ाइन हमारी अभिव्यक्ति से मेल नहीं खाते।

हमारा नया दिवाली कलेक्शन इस बदलाव का उत्सव है-जहां कालातीत परंपराओं और आधुनिक पसंद का खूबसूरत संगम है। रवीना टंडन और उनकी बेटी राशा के इस अभियान के चेहरे के रूप में, हम उपभोक्ताओं की दो पीढ़ियों से जुड़ते हैं, परिवारों को अपने आभूषणों को ऐसे डिज़ाइनों से नया रूप देने के लिए प्रेरित करते हैं जो विरासत का सम्मान करते हुए आधुनिक शैली को अपनाते हैं।

# जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में गांधी जयंती पर आयोजित प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया हुनर

जन एक्सप्रेस। महोबा

सेवा पखवाडा, नशा मुक्ति अभियान के अन्तर्गत एवं गाँधी जयंती के शुभ अवसर पर जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रातः 7.30 बजे बालक वर्ग में 4 कि0मी0 पैदल चाल, रेस एवं बालिका वर्ग में 2 कि0मी की पैदल चाल, रेस प्रतियोगिता का उद्घाटन कुँवर पंकज अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण डिप्टी कलेक्टर आदेश सिंह एवं डिप्टी कलेक्टर सल्तनत परवीन के द्वारा विजेता, उपविजेता, तृतीय स्थान प्राप्त बालक एवं बालिका खिलाडियो को पुरस्कृत किया गया। उक्त प्रतियोगिता में 17 बालिका खिलाड़ी एवं 40 बालक खिलाडियो ने भाग लिया।



जिला कीडाधिकारी संदीप गुप्ता द्वारा सभी अतिथियो का बुके एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर रामजी गुप्ता, अध्यक्ष व्यापार मण्डल भाजपा, मयंक मिश्रा मण्डल उपाध्यक्ष, एथलेटिक्स प्रशिक्षक रवि पटेल बैडमिण्टन प्रशिक्षक कुणाल पाटकार, मो0 इरफान किकेट प्रशिक्षक, संजय सिंह यादव हॉकी प्रशिक्षक, वीरेन्द्र कुमार, शशिकान्त गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में कुमारी रूबी प्रथम स्थान, कुमारी कल्पना द्वितीय, कुमारी छवि तृतीय स्थान, सत्त्वना पुरस्कार कुमारी नीलम, कुमारी काजल, कुमारी साक्षी, बालक वर्ग में शिवकुमार प्रथम, पंकज द्वितीय, त्रिवेन्द्र तृतीय, सत्वना पुरस्कार राजकुमार, चन्द्रशेखर, यश ने प्राप्त किया।

## बायर ने भारतीय किसानों के लिए नई पीढ़ी का गेहूं खरपतवार नाशक मटेनो0 मोर किया लॉन्च

जन एक्सप्रेस। मथुरा/एटा

बायर, जो खेती और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाली एक बड़ी वैश्विक कंपनी है, ने भारत में गेहूँ किसानों के लिए माटेनो0 मोरनामक नया खरपतवारनाशक लॉन्च किया है। यह हर्बिसाइड खासतौर पर किसानों के खेतों में उगने वाले जिद्दी खरपतवारों पर बेहतर नियंत्रण के लिए तैयार किया गया है।

माटेनो0 मोर में तीन शक्तिशाली सक्रिय तत्व शामिल हैं, जो अलग-अलग तरीकों से खरपतवारों पर असर करते हैं। यह भारत में अपना तरह का पहलातीन-दवाओं का मिश्रण है औरफैलारिस माइनर, रुमेक्स और चेनोपोडियम जैसी मुश्किल खरपतवारों पर भी बेहतरीन प्रभाव दिखाता है।

भारत दुनिया में गेहूँ उत्पादन में दूसरा सबसे बड़ा देश है, लेकिन गेहूँ उगाने वाले मुख्य क्षेत्रों के किसान फलारिस खरपतवार के बढ़ते प्रकोप से परेशान हैं। यह खरपतवार कई पुराने हर्बिसाइड्स के असर को खत्म कर चुका है, जिससे किसानों के लिए फसल की पैदावार बनाए रखना मुश्किल हो गया है।

इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए माटेनो0 मोर को बाजार में मौजूद अन्य हर्बिसाइड्स से अलग तरीके से काम करने के लिए तैयार किया गया है। यह खास तौर पर भारतीय खेती की परिस्थितियों, विशेषकर पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे गेहूँ उत्पादक राज्यों के लिए बनाया गया है, जहाँ खरपतवारों में प्रतिरोध बढ़ना एक बड़ी चिंता का विषय है।

माटेनो0 मोरजड़ों और तने, दोनों से अवशोषित होकर लंबे समय तक खेत में रहता है, जिससे खेत लंबे समय तक साफ और हरे-भरे बने रहते हैं।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान विद्युत की चपेट में आए तीन लोग

जन एक्सप्रेस। पनियराध्महराजगंज



नगर पंचायत पनियरा में शुक्रवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पर रखी मूर्ति अचानक हाई टेंशन तार से टकरा गई, जिससे तीन लोग करंट की चपेट में आ गए।

घटना पनियरा थाना क्षेत्र के रजौड़ा शराब भट्ठी के पास हुई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को आनन-फानन अस्पताल भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार, धंगरहवा वार्ड नंबर पांच से मूर्ति विसर्जन के लिए निकली ट्रॉली जैसे ही रजौड़ा के पास पहुंची, तभी ऊपर से गुजर रहे बिजली की हाईटेंशन तार से मूर्ति टकरा गई। करंट लगते ही मूर्ति में आग लग गई और ट्रॉली पर सवार लोग बिजली के तेज झटके से घायल हो गए। इस हादसे में निखिलेश राय (16 वर्ष), शत्रुघ्न राय (27 वर्ष) और सात वर्षीय अमित गंभीर रूप से झुलस गए। वही स्थानीय पुलिस प्रशासन और ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद शत्रुघ्न राय की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं निखिलेश और अमित का इलाज पनियरा कस्बे के एक निजी अस्पताल में जारी है, जहां उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। पनियरा पुलिस प्रशासन ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू में जुट गई है। वही हादसे के बाद से क्षेत्र में मातम का माहौल है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने बताया कि मूर्ति विसर्जन के दौरान तीन युवक बिजली की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए है, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दो की हालत सामान्य है, जबकि एक गंभीर रूप से घायल युवक को मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

## पूर्व की सरकारों ने प्रदेश को विकास से भटकाया

जन एक्सप्रेस। देवरिया

हेतिमपुर नगर पंचायत की नवनिर्मित प्रशासकीय भवन का शनिवार को समारोहपूर्वक लोकार्पण किया गया। इसके अलावा 49 विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास भी हुआ। मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक और प्रदेश सरकार में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने हेतिमपुर की जनता का आभार जताते हुए हेतिमपुर आदर्श नगर पंचायत को प्रदेश में उत्कृष्ट नगर पंचायत बनाने की बात दोहराई। 1.79 करोड़ रुपये की लागत से बनी हेतिमपुर नव निर्मित प्रशासकीय भवन का शनिवार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर फीता काटकर लोकार्पण किया। 12 करोड़ रुपये से अधिक की 49 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। इसमें छह करोड़ रुपये जारी हो गए हैं। इस अवसर पर आयोजित भव्य सांस्कृतिक समारोह को संबोधित करते हुए सूर्य प्रताप शाही ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मौजूद महिला से सभासदों का सम्मान किया। नगर पंचायत भवन का रानी लक्ष्मी बाई के नाम पर नामकरण कराए जाने की बात कही।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला युवक गिरफ्तार

- मुस्लिम युवक ने सूबे के मुख्यमंत्री और हिंदू देवी-देवताओं पर किया था आपत्तिजनक टिप्पणी
- हिन्दू संगठनों के कड़े विरोध के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित के विरुद्ध केस दर्ज कर भेजा जेल

जन एक्सप्रेस। दूठीबारी/महराजगंज



भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे ठूठीबारी क्षेत्र में इंटरनेट के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मुस्लिम समुदाय के एक युवक द्वारा सूबे के मुख्यमंत्री और नवरात्रि पर्व व हिन्दू देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने की मामला प्रकाश में आया है। टिप्पणी के वायरल होते ही हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया। मामले में ठूठीबारी कोतवाली पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक, मुस्लिम समुदाय से जुड़े सैफिल्लाह पुत्र अजीमुल्लाह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नवरात्रि पर्व व हिंदू देवी देवताओं पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट की थी। इस पोस्ट को देखते ही स्थानीय लोगों और हिंदू संगठनों में रोष फैल गया और विरोध की स्थिति बनने लगी। स्थिति को नियंत्रित करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली पुलिस प्रशासन तत्काल हरकत में आया।

इस संबंध में ठूठीबारी कोतवाली प्रभारी महेंद्र मिश्रा ने बताया कि अभद्र टिप्पणी के मामले की जांच पड़ताल और प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर अभियुक्त सैफिल्लाह पुत्र अजीमुल्लाह निवासी धरमौली हिरासत में ले लिया गया। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। अभियुक्त को न्यायालय पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

वही पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी धर्म और समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, स्थानीय लोगों से अपील की गई है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

# विजयादशमी पर हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल, युवाओं ने कराया भंडारा

जन एक्सप्रेस। पनियराध्महराजगंज




हिन्दू धर्म का पवित्र त्यौहार नवरात्रि के बाद विजयादशमी के दिन नगर पंचायत पनियरा में गंगा-जमुनी तहजीब की अनोखी मिसाल देखने को मिली। यहां दो हिंदू और एक मुस्लिम युवक ने मिलकर दुर्गा मंदिर चौराहे पर भव्य भंडारे का आयोजन किया। माता रानी के नाम पर हुए इस प्रसाद वितरण में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और सभी ने इस पहल की सराहना की।

आयोजन करने वालों में सैफ अली, प्रशांत सिंह उर्फ विक्की और पंकज चौहान शामिल रहे। इस मौके नगर के भारत मेडिकल स्टोर के प्रोपराइटर सैफ अली, ने बताया कि शुरू से ही सभी धर्मों का सम्मान करते आए हैं और त्योहारों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना आपसी भाईचारे को मजबूत करता है। जल जीवन मिशन में इंजीनियर प्रशांत सिंह ने समाजसेवा और गरीबों की मदद की दिशा में कदम बताया। वहीं ठेकेदार पंकज चौहान, ने कहा कि वे हमेशा धार्मिक व सामाजिक आयोजनों में सहयोग करते हैं और आगे भी ऐसे प्रयास जारी रखेंगे। पनियरा नगर के लोगों का कहना है कि इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है और सभी धर्मों में समान भाव से शामिल होना ही असली संस्कृति है। विजयादशमी पर हिन्दू और मुस्लिम युवकों द्वारा भव्य प्रसाद वितरण न केवल श्रद्धालु को तृप्त करने वाला रहा बल्कि समाज को सौहार्द, भाईचारे और एकता का सशक्त संदेश भी दिया है। वैसे इस आयोजन से पनियरा कस्बे में चर्चा का विषय बना रहा।

## सामूहिक विवाह में 272 जोड़ों ने लिए सात फेरे

जन एक्सप्रेस। देवरिया

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद राजकीय आईटीआई परिसर में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 281 जोड़ों ने वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया, जिनमें 272 हिंदू एवं नौ मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर देवरिया सदर के विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, रामपुर कारखाना के विधायक सुरेंद्र चौरसिया, भाटपाररानी के विधायक सभाकुंवर, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर, मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय, सांसद सलेमपुर के प्रतिनिधि रामप्रकाश यादव, एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह के प्रतिनिधि राजू मणि आदि उपस्थित रहे।

# 'नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का संकल्प' सीएम ने जनता दर्शन में 200 लोगों की समस्याएं सुनीं

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन किया। लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का संकल्प है इसलिए जन समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता दें।

शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए संकल्पित है।

इस दौरान उन्होंने अफसरों को हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। यदि जमीन जायदाद से जुड़ा विवाद पारिवारिक हो तो, संबंधित पक्षों को बैठाकर आपसी संवाद से निस्तारण कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग किन्हीं कारणों से सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, उन्हें इसका लाभ दिलाएं।

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ आई थीं। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया और चॉकलेट गिफ्ट करते हुए प्यार व आशीर्वाद दिया।

# मझौलीराज ने बैतालपुर को 65 रन से हराया

जन एक्सप्रेस। देवरिया

जिला क्रिकेट लीग में शनिवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच देवांश क्रिकेट एकेडमी बगहा मठिया के ग्राउंड पर लायंस डेन क्रिकेट एकेडमी मझौली राज और पेस बॉलिंग क्रिकेट एकेडमी बैतालपुर के बीच खेला गया। इसमें मझौलीराज ने बैतालपुर को 65 रन से हराया। दूसरा मैच बीआरडी बीडी पीजी कालेज आश्रम बरहज के ग्राउंड पर खेला गया। इसमें देवरिया क्रिकेट एकेडमी ने सहोदरा देवी क्रिकेट एकेडमी ब्लू सलेमपुर को 336 रन से हराया।

शनिवार को सुबह पहला मैच बगहा मठिया के ग्राउंड पर सुबह में लायंस डेन क्रिकेट एकेडमी मझौली राज के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। 35 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मझौली राज की पूरी टीम 32.4 ओवर में 189 रनों पर ऑलआउट हो गई। इसमें मोहम्मद अयाज ने 48, उत्सव पाण्डेय ने 40, विशाल यादव ने 20, अभिनव शर्मा ने 18 तथा विकास यादव ने 11 रन का योगदान दिया। बैतालपुर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए शिवम यादव ने तीन, अमन यादव-आशुतोष मिश्रा एवं निखिल यादव ने क्रमशः दो दो विकेट तथा विपिन भारद्वाज ने एक विकेट प्राप्त किया। 190 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पेस बॉलिंग क्रिकेट एकेडमी बैतालपुर की टीम 29.3 ओवर में 124 रन पर ऑलआउट हो गई, जिसमें रत्नेश विश्वकर्मा ने 42, रतन ने 26 तथा विपिन भारद्वाज ने 15 रन का योगदान दिया। मझौली राज की तरफ से गेंदबाजी करते हुए मोहम्मद साहिल अली ने चार प्रिंस यादव ने तीन तथा अभिनव शर्मा एवं गरिमा ने एक-एक विकेट प्राप्त किया।

मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले लायंस डेन क्रिकेट एकेडमी मझौली राज के मोहम्मद साहिल अली को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस दौरान देवरिया क्रिकेट एसोसिएशन के वरिष्ठ संयुक्त सचिव कलाम खान, क्रिकेट प्रशिक्षक शाने हबीब, राहुल पटेल, सुनील त्रिपाठी, अंबिकेश द्विवेदी तथा अमित विश्वकर्मा सहित अन्य सीनियर खिलाड़ी उपस्थित रहे।

दूसरा मैच बीआरडी बीडी पीजी कॉलेज आश्रम बरहज के ग्राउंड पर देवरिया क्रिकेट एकेडमी रजला रोड और सहोदरा देवी क्रिकेट एकेडमी सलेमपुर के बीच खेला गया। देवरिया अकादमी के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 395 रन बनाए, जिसमें शेखर साहनी ने 45 गेंद पर 16 चौके और 5 छक्के की मदद से नाबाद 115, अभिजीत मिश्रा ने 106, दीपक कुमार ने 91, सुंदरम 15 तथा दिलीप राजभर ने 10 रन का योगदान दिया। सलेमपुर ब्लू की तरफ से गेंदबाजी करते हुए शेखर सिंह ने दो तथा गगन सिंह एवं चंद्र प्रकाश पाठक ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। 396 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी सहोदरा देवी क्रिकेट एकेडमी ब्लू सलेमपुर की टीम 19.3 ओवर में मात्र 59 रनों पर ऑल आउट हो गई, जिसमें अनुज सिंह ने 19, रिशु बरनवाल ने 13 तथा आकाश चौरसिया ने 10 रनों का योगदान दिया। देवरिया क्रिकेट एकेडमी रजला रोड की तरफ से गेंदबाजी करते हुए शेखर साहनी ने चार, वारिस ने दो तथा रोहित चौहान -अजय पासवान एवं नवनीत ने क्रमशः एक-एक विकेट प्राप्त किया। मैच में गेंद और बल्ले दोनों से शानदार प्रदर्शन करने वाले देवरिया के बाएं हाथ के खब्बू बल्लेबाज शेखर साहनी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस दौरान देवरिया क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष/प्रभारी सचिव नागेन्द्र त्रिपाठी, पंकज जयसवाल, हरिओम चौहान हरिओम चौहान, शैलेंद्र प्रताप सिंह, तारकेश्वर साहनी, रजत मद्धेशिया तथा राहुल प्रसाद सहित अन्य सीनियर खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## थानों में आईं 109 शिकायतें, 33 का हुआ निस्तारण

जन एक्सप्रेस। देवरिया

जिले के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहकर उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया। संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया। जिले में 109 मामले में आए। इसमें से 33 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देश पर जिले में बेहतर जनसुनवाई एवं पुलिस के उत्तरदायित्व निर्धारण करने, संवेदनशीलता बढ़ाने, एवं बेहतर पारदर्शिता बढ़ाने के लिए थाना दिवस पर डेस्क सिस्टम के तहत समस्त थानों पर हल्का प्रभारी व बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने-अपने हल्का, ग्राम, बीट की डेस्क लगाकर जनसमस्याओं को सुना गया और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण भी कराया गया।

# चार बहनों के इकलौते भाई की मौत: जर्जर मकान की छत का छज्जा गिरने से एक लड़के की गई जान, दूसरा घायल

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



मृतक गांव के पास ही कॉलेज में पढ़ाई करता है। उसके पिता नकहा स्टेशन पर मजदूरी का काम करता है, वह चार बहनों में एक अकेला भाई था।

चिलुआताल थाना क्षेत्र स्थित विशुनपुर गांव के सप्टहिया टोले में नगीना यादव के मकान का छज्जा गिर गया जिसकी चपेट में आकर नगीना का बेटा सागर चौहान व उसका चचेरा भाई सनी चौहान घायल हो गए जिसमे सनी की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, सुबह 11 बजे के आसपास सनी कुमार पुत्र जगदीश चौहान उम्र 19 वर्ष अपने चचेरे भाई सागर चौहान पुत्र नगिना चौहान के साथ उसके घर के सीढ़ी पर बैठा था कि तभी अचानक से घर का छज्जा टूटकर दोनों के ऊपर गिर गया। तेज आवाज सुनकर घर वाले और पड़ोस से जगदीश के परिवार के लोग पहुंचे देखा कि दोनों लड़के छज्जे के नीचे दबे थे।

ग्रामीणों की सहायता से दोनों को किसी तरह निकाल कर बालापार स्थिय महायोगी गुरु गोरखनाथ अस्पताल ले गए। जहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मेडिकल में डाक्टरों ने सनी कुमार को मृतक घोषित कर दिया और सागर को इलाज के लिए एडमिट करा दिया सागर का पैर टूट गया है और अन्य हिस्सों पर भी चोट लगा है।

मृतक गांव के पास ही वंसराज इंटर कॉलेज में पढ़ाई करता है। उसके पिता नकहा स्टेशन पर मजदूरी का काम करता है, वह चार बहनों में एक अकेला भाई था। मृतक भाई बहनों में तीसरे नंबर में था।

# शहर की भीड़ संभालेगी यातायात पुलिस, प्रतिमा विसर्जन पर होगा रूट डायवर्जन

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

शारदीय नवरात्र पर सोमवार को शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में रखी गईं दुर्गा प्रतिमाओं के पट खुल गए हैं। इसके बाद से ही श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है, लेकिन मेले में आए लोगों की सुविधा के लिए यातायात पुलिस की तरफ से अभी तक रूट डायवर्जन नहीं किया गया है। यातायात पुलिस की तरफ से शहर में प्रतिमा विसर्जन के दिन रूट डायवर्जन करने की तैयारी है। इससे मेले में कार और बाइक सवार भीड़ में चले जाते हैं, जिससे पैदल घूमने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ी है। हालांकि मेले में आए लोगों की सुरक्षा के लिए सभी पंडालों के पास पुलिसकर्मी तैनात हैं।

पडरौना शहर के सुभाष चौक, बावली चौक, तिलक चौक, धर्मशाला रोड, दरबार रोड और जटहां रोड पर सामान्य दिनों में भीड़ रहती है। मेला जैसे विशेष प्रयोजनों पर लोगों की भीड़ और बढ़ जाती है। ऐसे में यातायात पुलिस की तरफ से न तो रूट डायवर्जन किया गया है, न ही शहर में कहीं अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था की गई है। ऐसे में मेला घूमने आए शहर के अलावा आसपास गांव के लोग बाइक या कार लेकर सीधे मेला के भीड़भाड़ वाले इलाकों में पहुंच जाते हैं। यातायात पुलिस विभाग का कहना है कि शाम को लोगों की भीड़ देख वैसे भी बड़े वाहन जाने से परहेज करते हैं। हर चौक-चौराहों पर यातायात पुलिस और होमगार्ड के जवान तैनात हैं, जो भीड़ का आकलन कर उच्चाधिकारियों को सूचना देकर वाहनों को रोक देंगे। यही नहीं शहर में आने वाले लोगों की सहूलियत के लिए कहीं भी अस्थायी पार्किंग स्थल नहीं बनाया गया है, जिससे वाहन चोरी न हों। इसके लिए साथ लेकर मेला जाते हैं। पडरौना के अलावा कसया, हाटा, कप्तानगंज, खड्डा, तमकुहीराज, तमकुहीरोड, फाजिल नगर जैसे शहर और कस्बों में भी न तो रूट डायवर्जन है, और नहीं पार्किंग स्थल बने हैं। इसके चलते वहां भी मेला में लोगों की भीड़ बढ़ने के बाद इस तरह की समस्या हो सकती है। हालांकि पडरौना शहर में लोगों की सुरक्षा और मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी दुर्गा पंडाल के अलावा शहर के सुभाष चौक, बावली चौक, अंबे चौक, धर्मशाला रोड, बेलवा चुंगी, कोतवाली रोड, तिलक चौक, छावनी आदि मुख्य चौराहों पर पुलिस कर्मी तैनात दिखे, जो मेला में आने जाने वाले हर व्यक्ति पर निगरानी करते दिखे।

## ऑर्केस्ट्रा में बजाया अश्लील गाना, पुलिस ने कराया बंद

कुशीनगर। स्थानीय थाना क्षेत्र के रुदलापुर ग्राम सभा स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में बुधवार की देर रात ऑर्केस्ट्रा के दौरान अश्लील गाना बजाए जाने पर विवाद खड़ा हो गया। मामला सामने आते ही अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष विशाल पुष्कर ने कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचकर कड़ा विरोध जताया। उनका कहना था कि दुर्गा पूजा जैसे पवित्र पर्व पर अश्लील गानों का प्रसारण आस्था के साथ खिलवाड़ है। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विवाद बढ़ता देख किसी ने चौक पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही चौक थानाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ऑर्केस्ट्रा बंद करवाया और आयोजकों को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों में अश्लील गाना बजाने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

# गोरखनाथ मंदिर से निकली गोरक्षपीठाधीश्वर की परंपरागत शोभायात्रा, रथ पर सवार हुए योगी

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



महंत की पगड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शोभायात्रा के माध्यम से आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आर्य नगर रामलीला कमेटी से मानसरोवर रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला में पहुंच कर भगवान राम की आरती उतार कर राम का राज तिलक करेंगे।

सत्य, न्याय और धर्म की विजय प्रतिष्ठा के पावन महापर्व विजयदशमी के अवसर पर गुरुवार शाम गोरखनाथ मंदिर से गोरक्षपीठाधीश्वर की पारंपरिक विजय शोभायात्रा आस्था के उल्लास, उमंग-तरंग की लहरों पर सवार होकर निकली। शोभायात्रा के रास्ते में सर्वसमाज की तरफ से हुई अगवानी गोरक्षपीठ के मार्गदर्शन में सामाजिक ताने-बाने की मजबूती का संदेश दे रही थी।

गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली इस शोभायात्रा का अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने भी जबरदस्त उत्साह से स्वागत कर तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों को मुहतोड़ जवाब दिया। रथ रूपी विशेष वाहन में गोरखनाथ मंदिर के महंत के पारंपरिक परिधान में शोभायात्रा की अगुवाई कर रहे गोरक्षपीठाधीश्वर का मुस्लिम और सिंधी समाज के साथ ही सर्वसमाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया। पीठाधीश्वर योगी ने उन्हें आशीर्वाद दिया, मंगलमय जीवन की कामना की और शारदीय नवरात्र अनुष्ठान का प्रसाद दिया। नाथ संप्रदाय की विश्व प्रसिद्ध गोरक्षपीठ के कई अनुष्ठान अद्भुत और विहंगम हैं। इन्हीं में से एक प्रमुख अनुष्ठान है विजयदशमी की शोभायात्रा। गुरुवार को इस पावन पर्व पर शाम करीब सवा चार बजे से गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का पूजन कर और उनका आशीर्वाद लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ रथ रूपी विशेष वाहन में सवार हुए। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे।

## 'जय माता दी' के उद्घोष के बीच सम्पन्न हुआ दुर्गा प्रतिमाओं का भव्य विसर्जन

# श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जौनपुर दशहरा पर्व की पूर्णाहुति के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन गुरुवार से शुरू होकर शुक्रवार की सुबह तक भक्तिभाव और श्रद्धा के वातावरण में सम्पन्न हुआ। नगर के सद्भावना पुल स्थित विसर्जन कुंड पर लगभग 300 प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन से पहले जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ, सिटी मजिस्ट्रेट सहित अधिकारियों ने मां की प्रतिमा के समक्ष विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर नारियल फोड़कर और हरी झंडी दिखाकर विसर्जन यात्रा का शुभारंभ किया। सुबह जिले की ÷बड़ी महारानी÷ कही जाने वाली मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन हुआ। इससे पहले जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों ने मां को अक्षत और पुष्प अर्पित कर अंतिम विदाई दी। विसर्जन का यह अद्भुत दृश्य देखने के लिए लाखों श्रद्धालु जय माता दी के गगनभेदी नारों के बीच देर रात तक मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहा। शहर कोतवाल के नेतृत्व में पुलिस लगातार गश्त करती रही। भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पीएसी बल और पुलिस टुकड़ियां तैनात रहीं। श्रद्धालुओं की सेवा के लिए जगह-जगह लंगर लगे रहे, जहाँ भक्तों को हलवा, पूरी, चाय और प्रसाद वितरित किया गया। सामाजिक संगठनों ने भी मेले में आने-जाने वालों की सेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसी के साथ स्वास्थ्य विभाग की ओर से मोबाइल सचल टीम तैनात रही, जिससे किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जा सके। भक्तों के जयकारों और प्रशासन की मुस्तैदी के बीच मां दुर्गा की प्रतिमाओं का यह भव्य विसर्जन पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

## नहजुल बलाग़ा- धार्मिक, नैतिक, और सामाजिक मुद्दों पर व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करता है: मौलाना सै सफदर हुसैन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी स्वर्गीय सैय्यद अली शब्बर की आठवीं बरसी पर उनके निवास स्थान मुस्तफा हाउस, मोहल्ला अजमेरी में मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस की शुरुआत सोज़ख्वानी से हुई, जिसे सैय्यद आमिर मेहंदी कजगांवी ने अपने साथियों के साथ पेश किया।
मजलिस को संबोधित करते हुए धर्मगुरु मौलाना सैय्यद सफदर हुसैन ज़ैदी ने कहा कि नहजुल बलाग़ा हज़रत इमाम अली अलैहिस्सलाम के खुत्बों, हिकमतों और मकतूबात का अमूल्य संग्रह है, जो इंसान को धार्मिक, नैतिक और सामाजिक जीवन के हर पहलू पर मार्गदर्शन देता है। उन्होंने कहा कि इस किताब का मुख्य उद्देश्य इंसान को अल्लाह के आदेशों का पालन करने, न्यायपूर्ण शासन स्थापित करने, सामाजिक न्याय कायम रखने और नैतिक उत्थान की राह दिखाना है। मौलाना ने आगे कहा कि नहजुल बलाग़ा इंसान को सत्य की ओर ले जाने और दूसरों में दोष ढूँढने से बचने की शिक्षा देती है। इसमें शासकों के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे जनता के अधिकारों की रक्षा करें और गरीब वर्ग के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें। इमाम अली अलैहिस्सलाम का जीवन अत्याचार के खिलाफ खड़े होने और पीड़ितों की मदद करने का प्रतीक है, और नहजुल बलाग़ा इसी भावना को प्रतिबिंबित करती है। उन्होंने इसे कुरआन के बाद सबसे महत्वपूर्ण ग्रंथ बताया। इस अवसर पर मरहूम के बड़े पुत्र सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। मजलिस में सैय्यद हैदर हुसैन, कैफी मोहम्मदाबादी, हसन मुस्तफा, वजीह आब्दी, नजमुल हसन, रेयाज, हुसैन अहमद, मोहम्मद अब्बास दानिश, अनवारुल हसन, हाजी ताहिर खान, असद हैदर, मुफ्ती आबिश, ऐमन मिन्टो, अहमद अब्बास, तालिब जौनपुरी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## प्रधान ने पत्रकार के घर पर की तोड़फोड़

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के बड़उर गांव में बीती रात एक पत्रकार के घर पर हमला किया गया। आरोप है कि ग्राम प्रधान, उसके भाई और 10 अज्ञात बदमाशों ने मिलकर इस घटना को अंजाम दिया। हमलावरों ने पत्रकार के घर पे तोड़फोड़ भी की।
घटना के तुरंत बाद पत्रकार ने पुलिस हेल्पलाइन 112 पर कॉल किया और स्थानीय थाना प्रभारी को भी सूचना दी। हालांकि, घटना के 48 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित पत्रकार और स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस जानबूझकर इस मामले में कार्रवाई करने से बच रही है। अब



तक न तो कोई मुकदमा दर्ज किया गया है और न ही प्रधान या उसके भाई के खिलाफ कोई जांच शुरू की गई है। पत्रकार ने इस संबंध में थाना प्रभारी से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उनका फोन नहीं उठा।

## ग्राम प्रधान के भ्रष्टाचार के विरोध में डीएम कार्यालय के सामने आमरण अनशन

जन एक्सप्रेस। बस्ती




पोखरनी ग्राम पंचायत निवासी सुरेश कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार से जिला प्रशासन के समक्ष ग्राम प्रधान के भ्रष्टाचार के खिलाफ आमरण अनशन शुरू कर दिया। सुरेश कुमार का कहना है कि ग्राम प्रधान प्रर्मीला देवी और उनके पति प्रेमनाथ विकास कार्यों में लगातार मनमानी कर रहे हैं और शिकायत करने पर उन्हें धमकियां दी जाती हैं। सुरेश कुमार ने मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को कई पत्र और शपथ पत्र के साथ आवेदन देकर न्याय की मांग की है। उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधान पति के प्रभाव के कारण अब तक प्रशासन ने कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया। इसके चलते उन्होंने शांतिपूर्ण अनशन शुरू किया है और न्याय न मिलने तक इसे जारी रखने का संकल्प लिया है।
सुरेश कुमार ने विशेष रूप से मनरेगा योजना में जेसीबी के दुरुपयोग, फर्जी हाजिरी, संविदाकर्मियों के नाम से मस्टररोल, तालाब की मिट्टी की अवैध बिक्री और अधूरे तालाब की खुदाई में व्यापक भ्रष्टाचार की जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण ग्राम पंचायत में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और जनता का हित नुकसान में है।
आमरण अनशन के दौरान सुरेश कुमार ने अधिकारियों से आग्रह किया कि भ्रष्टाचार के मामलों की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि उनका यह कदम सिर्फ व्यक्तिगत विरोध नहीं बल्कि पूरे ग्राम पंचायत और ग्रामीणों के हित में है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि न्याय मिलने तक उनके शांतिपूर्ण संघर्ष को गंभीरता से लिया जाए।
स्थानीय लोग और ग्रामीण सुरेश कुमार के साहसिक कदम की सराहना कर रहे हैं। उनका कहना है कि ग्राम प्रधान के प्रभाव के बावजूद आम आदमी का न्याय दिलाने के लिए ऐसे कदम जरूरी हैं। प्रशासन ने भी इस मामले में संज्ञान लेने और आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। यह अनशन यह संदेश देता है कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन के लिए ग्रामीण सजग और सक्रिय हैं। उनका मानना है कि केवल शिकायत करने से न्याय नहीं मिलता, बल्कि दृढ़ता और संघर्ष की जरूरत होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक भ्रष्टाचार के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं होती, उनका यह शांतिपूर्ण अनशन जारी रहेगा।

## डीआईजी संजीव त्यागी ने मेले और विसर्जन की सुरक्षा का निरीक्षण किया

जन एक्सप्रेस। बस्ती



दशहरा मेला और मूर्ति विसर्जन के मद्देनजर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए आज डीआईजी संजीव त्यागी ने मण्डलायुक्त अखिलेश कुमार सिंह, जिलाधिकारी रवीश कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के साथ पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का पैदल निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य मेले और विसर्जन को सुरक्षित, व्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना था। अधिकारियों ने दक्षिण दरवाजा से शुरुआत कर मंगल बाजार होते हुए करुआ बाबा मंदिर तक भ्रमण किया और लोगों से संवाद कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया।
डीआईजी संजीव त्यागी ने निरीक्षण के दौरान मेले में भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक डायवर्जन, पार्किंग व्यवस्था और पुलिस बल की तैनाती का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सुनिश्चित किया कि महिला पुलिस की उपस्थिति, पेट्रोलिंग और सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जाए। अधिकारियों ने यह भी कहा कि जनता के सहयोग और सतर्कता से ही त्योहार को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया जा सकता है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती श्यामकान्त, क्षेत्राधिकारी सदर सत्येन्द्र भूषण त्रिपाठी, थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती महेश सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मीगण मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने जनता से अपील की कि वे निर्धारित मार्गों का पालन करें, सुरक्षा नियमों का ध्यान रखें और मेले तथा विसर्जन समारोह में प्रशासन का सहयोग करें। डीआईजी संजीव त्यागी ने कहा कि सुरक्षा का भरोसा दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है और त्योहार के अवसर पर किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए सभी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस और प्रशासन की टीम लगातार पैदल गश्त और निगरानी करेगी, ताकि आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो। डीआईजी के निरीक्षण से क्षेत्रवासियों को सुरक्षा का भरोसा मिला और प्रशासन ने यह स्पष्ट किया कि शांति, सुरक्षा और सुचारू व्यवस्थापन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इस कदम से यह संदेश गया कि बस्ती में मेले और विसर्जन जैसी सांस्कृतिक गतिविधियों को सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराना प्रशासन के लिए हमेशा प्राथमिकता होगी।

## खेत की मेड़ काटने के विवाद में डायल 112 के पुलिसकर्मियों पर हमला

जन एक्सप्रेस। बरेली

ग्राम पीराताल में मेड काटने के विवाद की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी लाठी-डंडे लेकर पुलिस टीम को घेर लिया। गाली-गलौज कर सरकारी पिस्टल छीनने का प्रयास किया। हमले में पुलिस कर्मियों की वर्दी फट गई। किसी तरह पुलिस टीम जान बचाकर निकली और अतिरिक्त फोर्स बुलाकर स्थिति पर काबू पाया गया। पिस्टल छीनने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। डायल 112 पर तैनात हेड कांस्टेबल दीपक शर्मा ने थाना न्यूरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई। इसमें कहा गया कि दो अक्तूबर की दोपहर लगभग 1ः58 बजे उन्हें गांव पीराताल निवासी कमलेश पुत्र वीरेंद्र की ओर से मेड काटने को लेकर विवाद की सूचना मिली थी। इसपर वह हेड कांस्टेबल संतोष कुमारी, निर्मला और चालक जितेंद्र यादव के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। तभी दूसरे पक्ष के रामकुमार, तेजप्रकाश, नरेंद्र पुत्र गोकरन प्रसाद और



उनके परिवार की महिलाएं लाठी-डंडा लेकर आ गईं। आरोप है कि सभी ने एकजुट होकर पुलिस टीम पर हमला कर दिया और सरकारी कार्य में बाधा डाली। पुलिस कर्मियों की वर्दी फाड़ दी। पिस्टल छीनने का प्रयास भी किया गया। पुलिस टीम जैसे-तैसे बचकर वहां से निकली। सूचना न्यूरिया थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना न्यूरिया पुलिस मौके पर पहुंची और हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ा। इसके बाद आरोपियों को थाने लाकर पूछताछ की गई। प्रभारी थानाध्यक्ष प्रशिक्षु सीओ गायत्री यादव ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है।

## कुतूपुर तिराहे के घनघनवा में विसर्जन के दौरान करंट की चपेट में आने से दर्जन भर झुलसे

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर शहर क्षेत्र से सटे कुतूपुर तिराहे के पास स्थित घनघनवा क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन को लेकर आ रही एक ट्रैक्टर 11 हजार वोल्टेज तार की चपेट में आ गई। घटना में दर्जन भर लोग झुलस गए जिन्हें आननफानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आपको बता दें कि घनघनवा से मूर्ति विसर्जन के लिए सुबह से ट्रैक्टर तैयार किया जा रहा था। गुरुवार की दोपहर ट्रैक्टर जब विसर्जनघाट के लिए रवाना हुआ तभी अचानक 11 हजार वोल्टेज के तार से छू गया और ट्रैक्टर ट्रॉली में अर्थिंग उतरने लगा। हादसे में दर्जन भर लोग झुलस गए। आननफानन में स्थानीय लोगों की मदद से अमरजीत बिंद, सुमिता, बीना, रीना, बच्चन, राम अवध बिंद, मोनू और अनीता सोनकर समेत लगभग दर्जन भर लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## मीरगंज पुलिस की बड़ी सफलता: दो चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर मीरगंज थाना पुलिस टीम ने चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से घर-गृहस्थी के कई सामान बरामद किए गए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को संबंधित धाराओं में चालान कर माननीय न्यायालय भेज दिया।
गिरफ्तार अभियुक्तों के नामः गोलू उर्फ अजय पुत्र मनोज कुमार निवासी ग्राम गुरगुजी कसेरवा थाना मीरगंज, जौनपुर। श्रीनाथ गौतम पुत्र स्व. भगेलू निवासी ग्राम गुरगुजी कसेरवा थाना मीरगंज, जौनपुर।
**बरामद सामान:** पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से एक फ्रिज, वाशिंग मशीन, कूलर, एलईडी टीवी, कूकर, पीतल के बर्तन, थालियाँ, लोटा, कटोरा, कल्छूल, तीन छोटे स्टील के ड्रम, एक टब, बाल्टी, जग, डस्टबिन, स्टूल, सूटकेस, साड़ी, कपड़े, साउंड बॉक्स और एक पुराना बक्सा बरामद किया है।
**पुलिस टीम:** इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष विनोद कुमार अंचल, उपनिरीक्षक शेषनाथ सिंह, उपनिरीक्षक राजनाथ, हेड कांस्टेबल जितेंद्र यादव, कांस्टेबल रघुराज सिंह, कांस्टेबल रणजीत सिंह तथा महिला कांस्टेबल प्रीतिमा मौर्या शामिल रहे

## रामजानकी मंदिर मार्ग पर छिड़ा विवाद, भुअनचन्द और जोगेश पर खड़न्जा उखाड़ने का आरोप

- ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, सैकड़ों वर्ष पुराने मंदिर की आस्था पर संकट
- 2002 से बना मार्ग विवादों में घिरा, शान्ति व्यवस्था भंग होने की आशंका
- रामजानकी मंदिर मार्ग पर विवाद, खड़न्जा उखाड़ने की कोशिश से आक्रोश



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर लाइनबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम रामदासपुर नेवादा में स्थित सैकड़ों वर्ष पुराने रामजानकी मंदिर तक जाने वाले खड़न्जा मार्ग पर विवाद गहराने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2002 में यह मार्ग तैयार हुआ था ताकि श्रद्धालुओं को मंदिर तक आने-जाने में सहूलियत मिले। ग्रामवासी रामधनी पुत्र बाबूराम ने जिलाधिकारी को पत्र देकर आरोप लगाया कि भुअनचन्द मिश्रा पुत्र राकेश मिश्रा और जोगेश पुत्र हरि मिश्रा बीते 2 अक्टूबर को एकजुट होकर मंदिर जाने वाले इस खड़न्जे को जबरन उखाड़ने लगे। विरोध करने पर भी वे नहीं माने, जिसके बाद पुलिस कंट्रोल 112 को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर शान्ति बनाए रखने की हिदायत दी। इस प्रकरण को लेकर रामधनी, विनोद कुमार यादव, सूबेदार प्रजापति, पिंटू यादव, सुनील प्रजापति, मनोज मौर्य, धर्मेंद्र समेत कई ग्रामवासी एकजुट हुए और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग वर्षों से धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा है और इसके साथ छेड़छाड़ अस्वीकार्य है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि खड़न्जे को सुरक्षित रखा जाए और उपद्रव करने वालों पर कड़ी कार्रवाई हो

## टीईटी समस्या का शीघ्र निकलेगा प्रभावी समाधान: जगदम्बिका पाल



जन एक्सप्रेस। बस्ती

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और सिद्धार्थनगर के सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा है कि टेट की अनिवार्यता के सम्बन्ध में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद उत्पन्न स्थिति को लेकर सरकार गंभीर है और इसका प्रभावी समाधान शीघ्र सामने आयेगा। वे एक निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेने बस्ती आये थे। इस दौरान उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने आनन्दनगर कटरा स्थित कार्यक्रम के दौरान सांसद जगदम्बिका पाल के समक्ष शिक्षकों की समस्याओं को रखा, कहा कि केन्द्र सरकार नियमों में संशोधन करा दे तो समस्या का स्वतः समाधान हो जायेगा। सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि वे स्वयं इस दिशा में गंभीर है और सम्बंधित मंत्रियों तक शिक्षकों का संदेश पहुंचायेंगे। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से वे शिक्षक समस्याआं के समधान हेतु निरन्तर सम्पर्क में हैं। संघ के जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल ने विस्तार से जगदम्बिका पाल को टेट की अनिवार्यता के सम्बन्ध में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद उत्पन्न स्थिति को लेकर समस्याओं से अवगत कराया।
सांसद जगदम्बिका पाल से शिक्षक समस्याओं के समाधान को लेकर हुई वार्ता के दौरान मुख्य रूप से
इस दौरान मुख्य रूप से अमित मिश्र, स्नेहा शुक्ला, सुशीला शुक्ला, सतीशशंकर शुक्ल, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, शैल कुमार शुक्ल, अभय सिंह यादव, मिथलेश श्रीवास्तव, अभिषेक उपाध्याय, चन्द्रभान चौरसिया, ओम प्रकाश पाण्डेय, विजय प्रताप वर्मा, अवध किशोरी शुक्ल, अमित शुक्ल, देवेन्द्र वर्मा, दिनेश वर्मा, उपेन्द्र पाण्डेय, राजू पाण्डेय, अरूण कुमार शुक्ल, प्रभाकर शुक्ल, राजकुमार बरनवाल, मो. सलाम, कंचनमाला त्रिपाठी, ओम प्रकाश उपाध्याय, विवेकानन्द चौरसिया, बुद्धिराम के साथ ही अनेक शिक्षक और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी और भाजपा नेता कृष्णचन्द्र सिंह, दिनेश पाल आदि शामिल रहे।

## बदलापुर पुलिस और एएनटीएफ बाराबंकी की संयुक्त कार्रवाई, एमडीएमए तस्करी करने वाले चार गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर थाना बदलापुर पुलिस ने ए.एन.टी.एफ. एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स बाराबंकी की टीम के साथ संयुक्त अभियान चलाकर नशे के कारोबार पर बड़ी चोट की है। पुलिस ने गुरुवार की रात्रि में की शातिर तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 01 किलो 30 ग्राम एमडीएमए अवैध मादक पदार्थ, 05 एंड्रॉयड मोबाइल और 02 मोटरसाइकिलें बरामद कीं। पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉ कौस्तुभ के निर्देशन में जनपद भर में अपराधियों और वारंटियों की धरपकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) आतिश कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी बदलापुर गोल्डी गुप्ता के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक बदलापुर शेष कुमार शुक्ला ने एएनटीएफ टीम बाराबंकी के सहयोग से मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की। बीती रात मिरशादपुर ओवरब्रिज सर्विस लेन पर चेकिंग के दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार युवकों को रोका गया। तलाशी में उनके पास से बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ एमडीएमए बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने तत्काल कब्जे



में ले लिया। अमन सिंह पुत्र सत्येन्द्र सिंह निवासी खिजिरपुर, थाना करण्ड़ा, जनपद गाजीपुर कौस्तुभ मणि दुबे पुत्र रामदरश दुबे निवासी बसन्त पट्टी, थाना करण्ड़ा, जनपद गाजीपुर रितेश यादव पुत्र राजकुमार यादव निवासी चांदपुर, थाना लाइनबाजार, जनपद जौनपुर अभिषेक सिंह उर्फ प्रीतम सिंह पुत्र राजन सिंह निवासी बसन्त पट्टी, थाना करण्ड़ा, जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ थाना बदलापुर पर मुकदमा संख्या 428/25, धारा 8/22/29/60 हृछक्र-ष्ह्ल दर्ज कर विधिक कार्रवाई प्रारंभ की गई है। सभी आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई पूरी कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में बदलापुर प्रभारी निरीक्षक शेष कुमार शुक्ला के साथ हे0का0 राममिलन सिंह, का0 अशोक यादव, का0 अभिषेक, म0का0 पूजा वर्मा शामिल रहे। वहीं एएनटीएफ बाराबंकी टीम से उ0नि0 कुलदीप शर्मा, उ0नि0 पुरुषोत्तम विश्वकर्मा, उ0नि0 मनीष दुबे, हे0का0 आदिल हाशमी, हे0का0 दीपक, हे0का0 आलोक, हे0का0 वेद प्रकाश, हे0का0 मकसूद आलम और का0 अभिषेक सिंह शामिल रहे। जिले के पुलिस कप्तान ने कहा कि नशे के कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। समाज को नशे के जाल से बचाने के लिए पुलिस पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।



# प्रियंका चोपड़ा ने मुंबई को कहा अलविदा

**भारतीय** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने मुंबई को अलविदा कह दिया है। वह दो दिनों तक मुंबई में रहने के बाद अमेरिका लौट गई हैं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मुंबई में बिताए अच्छे पलों को याद किया है। फैंस को दुर्गा पंडाल में प्रियंका चोपड़ा का लुक काफी पसंद आया। प्रियंका चोपड़ा बनारसी पैटर्न के साथ पर्पल कलर के सूट में दिखीं। एक्ट्रेस ने माथे पर बिंदी और मांग में सिंदूर लगा रखा था। एक्ट्रेस का देसी लुक फैंस के दिल को भा गया। प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक मुंबई टूर वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में एक्ट्रेस पहले अपने स्किनकेयर और मेकअप के बारे में बात कर रही है, वहीं कई स्थानों के साथ वह मां दुर्गा के पंडाल में भी नजर आईं। वीडियो में उन्होंने मुंबई में बिताए दो दिनों की यादें कैमरे में कैद कीं। एक्ट्रेस ने वीडियो के कैप्शन में लिखा,अलविदा मुंबई! वापस आना हमेशा बहुत अद्भुत होता है, भले ही यह एक मिनट के लिए ही क्यों न हो। उत्सव मना रहे सभी लोगों को दशहरा की शुभकामनाएं। दोबारा आने का वेट करें..।

प्रियंका ने एक्ट्रेस नीलम उपाध्याय को भी दिल से शुक्रिया कहा। उन्होंने लिखा, जब पति मदद के लिए आसपास नहीं थे तो आप थे। वर्क फ्रंट की बात करें तो प्रियंका को हॉलीवुड एक्शन-कॉमेडी हेड्स ऑफ स्टेट में देखा गया था। फिल्म अमेजन प्राइम पर मौजूद है। एक्ट्रेस एक साथ कई फिल्मों की शूटिंग कर रही है, जो हॉलीवुड और बॉलीवुड दोनों हैं। एक्ट्रेस सिटाडेल-2, द ब्लफ, जजमेंट डे, एसएसएमबी 29 और कृष 4 में भी दिख सकती हैं।



## Simi Garewal की दशहरा पोस्ट पर बवाल एक्ट्रेस ने रावण को बताया आज के सांसदों से बेहतर

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस सिमी ग्रेवाल ने दशहरा के मौके पर एक ऐसी पोस्ट कर दी कि उनके फैंस हैरान रह गए. एक्ट्रेस ने रावण को आज के सांसदों से बेहतर बताया. 2 अक्टूबर दशहरा के मौके पर बॉलीवुड की हसीन अदाकारा एक्ट्रेस सिमी ग्रेवाल ने अपने एक्स हैंडल पर रावण की तारीफ करते हुए एक लंबा नोट लिखा है. एक्ट्रेस ने अपने नोट में रावण की खूब तारीफ की है, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर उन्हें जमकर ट्रोल किया जा रहा है. बॉलीवुड एक्ट्रेस सिमी ग्रेवाल ने रावण के लिए एक लंबा-चौडा नोट लिखा है. जिसमें वो रावण की अच्छाइयां गिनाते नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस की इस पोस्ट ने सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी है. अपनी पोस्ट में एक्ट्रेस ने लिखा- हर साल इस दिन हम अच्छाई की बुराई पर जीत का जश्न मनाते हैं. लेकिन सच कहूं तो, तुम्हारे व्यवहार को 'बुराई' की बजाय 'थोड़ी शरारत' कहा जाना चाहिए. आखिर तुमने किया ही क्या था? मानती हूं कि तुमने जल्दीबाजी में एक महिला का अपहरण कर लिया, लेकिन उसके बाद तुमने उसे वो सम्मान दिया जो आज की दुनिया में औरतों को शायद ही कभी मिलता हो. तुमने उसे अच्छा खाना दिया, रहने की जगह दी और यहां तक कि महिला सुरक्षा-गॉर्ड्स भी दिए (हालांकि वह बहुत सुंदर नहीं थीं). तुम्हारा विवाह का प्रस्ताव भी बड़े विनम्र ढंग से था और जब उसे ठुकरा दिया गया, तब भी तुमने एसिड नहीं फेंका. यहां तक कि जब भगवान राम ने तुम्हें मार डाला, तब भी तुमने उनसे माफी मांगने की बुद्धिमानी दिखाई.



### रियल-लाइफ हीरो सोनू सूद का पंजाब से आशा भरा संदेश

# हर परिवार की ज़रूरतें पूरी होनी चाहिए

**पंजाब** में आई विनाशकारी बाढ़ को एक महीने से ज़्यादा समय बीत चुका है, लेकिन गांवों में लोगों की तकलीफें अब भी जारी हैं। अभिनेता और समाजसेवी सोनू सूद, जो संकट के समय में लगातार आशा की किरण बनकर उभरे हैं, उन्होंने हाल ही में गाँव का दौरा किया और हालात का जायज़ा लिया। वहां उन्होंने जो देखा, उससे मदद जारी रखने का उनका संकल्प और मज़बूत हुआ। पंजाब में बाढ़ प्रभावित गांवों के पीड़ितों के साथ खड़े होकर, सोनू सूद ने कहा- आप देख रहे हो कि अभी भी जो बाढ़ के कारण तकलीफें हैं, वो बहुत ज़्यादा हैं और क़रीब 40-45 दिन हो चुके हैं बाढ़ को। और मैं हमेशा कहता आया हूँ ङ्क असली ज़रूरत अब पड़ेगी, क्योंकि पानी का स्तर अभी भी कई जगहों पर बहुत ज़्यादा है। और जो लोग मदद कर रहे हैं ङ्क बचा रहे हैं ङ्क उन्हें इसे जारी रखना चाहिए। गांवों में असली मुश्किलें अब आने वाली हैं, और हर परिवार को जो भी ज़रूरतें हैं, उन्हें हमें पूरा करना है। पंजाब के बाढ़ प्रभावित गाँवों की ज़मीनी हकीकत को बयां करते हुए उन्होंने लिखा, दिन- 45 आइए, ज़रूरतमंदों के लिए एकजुट हों। पंजाब और पूरे देश के लोगों के लिए यह शब्द एक चेतावनी भी हैं और एक आह्वान भी। राहत केवल एक बार की प्रक्रिया नहीं होती ङ्क यह एक निरंतर दायित्व है। सोनू सूद की पंजाब में उपस्थिति केवल मदद पहुंचाने के लिए नहीं है, बल्कि उन आवाज़ों को बुलंद करने के लिए भी है जो मूलभूत सुविधाओं से कटे हुए हैं ङ्क यह याद दिलाने के लिए कि संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में सोनू सूद संकट के समय में उम्मीद का पर्याय बन गए हैं ङ्क चाहे वो महामारी के दौरान प्रवासी मज़दूरों की मदद हो या अब बाढ़ पीड़ितों की सहायता। उन्होंने बार-बार दिखाया है कि ज़िम्मेदारी और ईमानदारी के साथ प्रभावशाली होना क्या मायने रखता है। पंजाब की इस कठिन घड़ी में उनका काम यह साबित करता है कि राहत केवल दान नहीं ङ्क बल्कि निरंतर करुणा और समर्थन से भरा एक लंबा सफ़र है।



## 12 की उम्र में श्वेता तिवारी ने की थी सिर्फ 500 रुपये के लिए नौकरी, मेहनत से बनीं घर-घर की प्रेरणा

**टीवी** से अपने करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस ने टीवी पर तो छाप छोड़ी ही, लेकिन अब सीरीज और फिल्मों में अपना दबदबा बना रही हैं। शनिवार को एक्ट्रेस अपना 45वां जन्मदिन मना रही हैं। एक्ट्रेस की पर्सनल से लेकर प्रोफेशनल लाइफ सुर्खियों में रही है। एक्ट्रेस ने 500 रुपये से कमाना शुरू किया और आज लाखों कमा रही हैं। श्वेता तिवारी को सबसे पहले 1999 में आए शो कलीरे में देखा गया था, जिसके बाद सीरियल कसौटी जिंदगी की ने एक्ट्रेस की दुनिया बदल दी, क्योंकि एक्ट्रेस प्रेरणा बनकर घर-घर छा गईं। प्रेरणा और अनुराग की जोड़ी आज भी याद की जाती है।

श्वेता तिवारी ने खुद इस बात का खुलासा किया था कि पहले सीरियल की शूटिंग लगातार 72-72 घंटे होती थी। घर जाने का समय नहीं मिलता था और पे चेक भी 30 का नहीं, बल्कि 45 दिन का मिलता था। श्वेता तिवारी ने 12 साल की उम्र से कमाना शुरू कर दिया था, क्योंकि उनका परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। अपने परिवार की मदद करने के लिए एक्ट्रेस ने 12 साल की उम्र में ट्रैवल एजेंसी में काम किया। उस वक्त एक्ट्रेस की पहली कमाई 500 रुपये थी, लेकिन आज एक्ट्रेस एक एपिसोड का लगभग 3 लाख रुपये चार्ज करती हैं और अकेले अपने दोनों बच्चों को पाल रही हैं। एक्ट्रेस ने 15 साल की उम्र में टीवी पर कदम रखा और दूसरे ही सीरियल से छा गई, लेकिन इसके साथ ही श्वेता की पर्सनल लाइफ काफी उतार-चढ़ाव भरी रही।

### ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस मंथ 2025

## एंजेलिना जोली इफेक्ट के साथ 'हर यात्रा मायने रखती है'



2013 में हॉलीवुड अभिनेत्री एंजेलिना जोली ने दुनिया को एक बड़े फैसले से सबको चौंका दिया। उनकी मां (मार्शलीन बर्ट्रेंड) की मृत्यु ओवरी कैंसर से हुई थी। जोली ने टेस्ट कराया और पाया कि उनमें बीआरसीए1 जीन म्यूटेशन है, जो उनके ब्रेस्ट कैंसर के चांस को 87 फीसदी तक बढ़ा रहा था। एंजेलिना ने प्रिवेंटिव डबल मास्टेक्टॉमी (दोनों स्तनों को सर्जरी से हटवाना) करवा लिया। उस समय कइयों ने उनके फैसले पर सवाल उठाए, लेकिन बाद में हजारों महिलाएं अस्पताल पहुंचीं और टेस्ट कराए। डॉक्टरों का कहना है कि एंजेलिना की इस पहल से जोलि इफेक्ट नाम की एक अवेयरनेस लहर उठी, जिसने अनगिनत जिंदगियां बचाईं। रिसर्च बताती है कि उनके बयान के बाद लाखों महिलाओं ने बीआरसीए टेस्ट करवाने शुरू कर दिए। जोली ने अपने शरीर से जुड़ी बेहद निजी बात का खुलासा न्यूयॉर्क टाइम्स के ओप-एड लेख में किया था। 2013 के इस लेख में उन्होंने एक मां के डर को जाहिर करते हुए लिखा, मैं यह नहीं चाहती थी कि मेरे बच्चों को बार-बार वही डर महसूस हो जो मैंने अपनी मां के लिए महसूस किया था। मैंने तय किया कि मैं इस डर को कम करने की पूरी कोशिश करूंगी। जोली की इस ईमानदार कोशिश की दुनिया कायल हो गई। उन्होंने अपने इसी लेख में आगे लिखा, मेरे लिए यह लिखना आसान नहीं था। लेकिन अगर यह किसी एक महिला को भी टेस्ट करवाने और अपना जीवन बचाने के लिए प्रेरित कर सके, तो मैं अपने इस कदम को सही मानूंगी। स्तन कैंसर का हर निदान व्यक्तिगत होता है। हर निदान के पीछे एक कहानी होती है—साहस, दृढ़ता और आशा की। और जब इससे किसी मशहूर हस्ती का नाम जुड़ जाता है तो आम जन को भी इसकी गंभीरता और भयावहता का एहसास सहज ही हो जाता है। एंजेलिना जोली की ब्रेस्ट कैंसर स्टोरी केवल हॉलीवुड की ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की महिलाओं के लिए एक बड़ा संदेश बन गई।

## रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम लेकर आ रहे तीरंदाजी का नया जोश, एपीएल में हिस्सा लेगी पृथ्वीराज योद्धा



**भारत** में खेलों का जादू हमेशा से लोगों के दिलों में खास रहा है। हरियाणा की मिट्टी से लेकर देश के कोने-कोने तक, खेलों ने कई युवाओं को प्रेरित किया है। इस कड़ी में तीरंदाजी यानी आर्चरी के प्रति लोगों का उत्साह बढ़ाने के लिए बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता रणदीप हुड्डा और उनकी पत्नी व पूर्व राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाज लिन लैशराम की टीम पृथ्वीराज योद्धा आगामी आर्चरी प्रीमियर लीग (एपीएल) में हिस्सा लेंगी। बता दें कि लिन लैशराम पृथ्वीराज योद्धा टीम की सह-मालिक हैं। एपीएल 2 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2025 तक यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी। रणदीप और लिन की यह साझेदारी न केवल खेल को बढ़ावा देगी, बल्कि युवाओं को भी तीरंदाजी जैसे खेल की तरफ आकर्षित करेगी। रणदीप हुड्डा ने कहा, खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। हरियाणा में बचपन से ही खेलों की संस्कृति रही है, जहां कुश्ती, हॉकी, और बॉक्सिंग जैसे खेलों ने देश का नाम रोशन किया है। मेरे लिए तीरंदाजी जैसे खेल से जुड़ना एक गर्व की बात है। तीरंदाजी में कई खासियतें होती हैं, जैसे कि ध्यान केंद्रित करना, धैर्य बनाए रखना, और मुश्किल हालात में टिके रहना; ये सभी गुण हरियाणा की खेल संस्कृति से मेल खाते हैं। मेरी पत्नी लिन का इस खेल के साथ गहरा लगाव है, जो हमारी टीम को और मजबूत बनाता है। लिन लैशराम के लिए तीरंदाजी केवल एक खेल नहीं, बल्कि एक जीवन की यात्रा है। उनके पिता मणिपुर आर्चरी एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके हैं, जिन्होंने उन्हें बचपन से ही तीरंदाजी की दुनिया की ओर आगे बढ़ाया। लिन ने महज दस साल की उम्र में तीरंदाजी शुरू की और जल्द ही राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने लगीं। टाटा आर्चरी अकादमी में प्रशिक्षण लेने के बाद उन्होंने कई पदक जीते और 1998 में जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप भी अपने नाम की। हालांकि, चोट के कारण उन्हें प्रतियोगिता से दूरी बनानी पड़ी, लेकिन उनका खेल के प्रति जुनून कभी कम नहीं हुआ। अब आर्चरी प्रीमियर लीग में उनका फिर से लौटना उनके लिए एक नई शुरुआत है।


## पायरेसी को बढ़ावा न दें, कांतारा चैप्टर 1 के निर्माताओं ने दर्शकों से की खास अपील



ऋषभ शेट्टी की बहुचर्चित फिल्म कांतारा चैप्टर 1 के निर्माताओं ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म को पायरेसी से बचाने ने के लिए दर्शकों से एक खास अपील की है। साथ ही फिल्म को सिनेमाघरों में देखने का अनुरोध भी किया है।

कांतारा चैप्टर 1 2 अक्तूबर, 2025 को गुरुवार के दिन सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म ने पहले दिन 60 करोड़ रुपये का धांसू कलेक्शन किया। आज फिल्म की रिलीज के बाद फिल्म निर्माताओं ने अपने दर्शकों से फिल्म को पायरेसी से बचाने के लिए एक खास अपील की है। होम्बले फिल्म्स ने आज एक्स पर एक खास नोट शेयर करते हुए लिखा, प्रिय कांतारा परिवार और सिनेमा प्रेमियों, कांतारा चैप्टर 1 जितना हमारा है, उतना ही आपका भी है। आपके प्यार ने इसे सचमुच अविस्मरणीय बना दिया है। हम आपसे विनम्र निवेदन करते हैं कि फिल्म के वीडियो शेयर और रिकॉर्ड न करें और पायरेसी को बढ़ावा न दें। आइए, सिनेमाघरों में कांतारा का जादू बरकरार रखें, ताकि हर कोई इसे उसी तरह महसूस कर सके जैसा इसका होना चाहिए। कांतारा चैप्टर 1 भारतीय कन्नड़ भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह फिल्म ऋषभ शेट्टी द्वारा लिखित और निर्देशित है। होम्बले फिल्म्स के तहत विजय किरागांदुर द्वारा निर्मित यह फिल्म 2022 की कांतारा का प्रीक्वल है। फिल्म में ऋषभ शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं।

## शरवरी वाघ ने दशहरे पर शुरू की इम्तियाज अली की फिल्म की शूटिंग



**बॉलीवुड** अभिनेत्री शरवरी वाघ ने अपनी अगली बड़ी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर की। इस फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली कर रहे हैं। इस फिल्म में वेदांग रैना उनके अपोजिट दिखाई देंगे। दशहरे के शुभ अवसर पर अभिनेत्री शरवरी वाघ ने यह खुशखबरी फैंस के साथ साझा की। उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने बताया कि वह पूजा के लिए घर पर नहीं आ सकीं। इसके बजाय उन्होंने अपने कमरे में फिल्म की स्क्रिप्ट के साथ एक छोटी सी पूजा की और फिल्म की शुरुआत की। इस तस्वीर में एक नोटबुक भी रखी है, जिस पर उन्होंने कुछ लिखा था और जिसे ताजा गुड़हल के फूलों से सजाया गया था। इसे शेयर करते हुए शरवरी ने लिखा, आज पूजा के लिए घर पर नहीं आ सकी, इसलिए मैंने अपने कमरे में स्क्रिप्ट के साथ अपनी छोटी सी पूजा की। दशहरा की शुभकामनाएं। एक बेहद खास निर्देशक और टीम के साथ एक बेहद खास फिल्म की शूटिंग शुरू कर रही हूं। जून में इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा की गई थी। उस समय शरवरी ने उत्साह और आभार व्यक्त करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा था, मेरे जन्मदिन पर यह घोषणा देखकर मुझे बहुत आश्चर्य हुआ। अब तक का सबसे अच्छा जन्मदिन। इम्तियाज अली सर, जब से मैंने एक अभिनेत्री बनने का सपना देखा है, तब से मैं आपके निर्देशन में काम करने के लिए तत्पर थी। यह मेरे लिए सीखने का सबसे अद्भुत अनुभव होगा। आपके विजन का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। मुझे चुनने के लिए धन्यवाद। इस ड्रीम टीम का हिस्सा बनकर बहुत अच्छा लग रहा है। इस नए सफर के लिए बेहद उत्साहित हूं। शरवरी वाघ ने 2021 में यशराज की फिल्म बंटी और बबली 2 से करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में रानी मुखर्जी, सैफ अली खान और सिद्धांत चतुर्वेदी जैसे कलाकार भी थे

# बिहार चुनाव की अधिसूचना से पहले कैबिनेट की अंतिम बैठक
# सीएम नीतीश ने 129 प्रस्तावों पर लगाई मुहर

- कैबिनेट की बैठक में सीएम नीतीश कुमार कुल 129 एजेंडों पर मुहर लगा दी
- आचार संहिता लागू होने और चुनाव की तारीख का एलान होने में कुछ ही दिन शेष बच गए हैं
- नीतीश सरकार ने कृषि विभाग में 218 नए पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना**

दुर्गापूजा का समापन हो गया। इसी महीने में दीवाली और छठ महापर्व है। आचार संहिता लागू होने और चुनाव की तारीख का एलान होने में कुछ ही दिन शेष बच गए हैं। इन सब के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज कैबिनेट की बैठक बुलाई थी। आचार संहिता लागू होने से पहले यह आखिर कैबिनेट की बैठक में सीएम नीतीश कुमार कुल 129 एजेंडों पर मुहर लगा दी। बैठक में सीएम नीतीश कुमार के महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर स्वीकृति दे दी है। इनमें शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, सड़क, पुलिस, जल संसाधन, शहरी विकास और सामाजिक कल्याण से जुड़े अहम फैसले लिए गए। कैबिनेट की बैठक में राज्य में बिहार फिल्म एवं नाट्य संस्थान की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। वहीं विद्यालयी शिक्षा में छात्रवृत्ति योजनाओं का विस्तार। कक्षा पहली से दसवीं तक पढ़ने वाले छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति राशि को दोगुना किया गया। 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति राशि को 1800 रुपये से बढ़ाकर 3600 रुपये वार्षिक कर दिया गया। यानी अब एक से चार तक के छात्रों को 1200 रुपये छात्रवृति मिलेगी। वहीं पांच से छह के छात्रों को 2400 रुपये छात्रवृति मिलेगी। इसके अलावा सरकारी स्कूलों और विभागीय कार्यालयों में 40 कंप्यूटर ऑपरेटर और 40 बटलरूम कंप्यूटर ऑपरेटर के पद सृजित किए गए।

### कृषि विभाग में 218 नए पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई

नीतीश सरकार ने कृषि विभाग में 218 नए पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। वहीं फसल बीमा, बीज वितरण, सब्सिडी योजनाओं और गेहूं-धान के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए हजारों करोड़ रुपये की स्वीकृति दे दी है। प्रधानमंत्री कृषि विकास योजना और राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत कई परियोजनाओं को हरी झंडी दे दी गई है। इसके अलावा ग्रामीण विकास विभाग के तहत गंडक कमांड एरिया और सिंचाई योजनाओं पर भारी किया गया है। वहीं पथ निर्माण विभाग के अंतर्गत अलग-अलग जिलों में 12,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से सड़कों का चौड़ीकरण और नई सड़कों का निर्माण होगा। कई पुलों और बाइपास परियोजनाओं को भी हरी झंडी दी गई।

### पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति राशि बढ़ाई गई

विधवा पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के दायरे का विस्तार किया गया। अल्पसंख्यक, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति राशि बढ़ाई गई। वहीं औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए बिहार क्लस्टर आधारित उद्योग अधिनियम, 2025 को मंजूरी दे दी गई। पटना में पावर म्यूजियम की स्थापना का फैसला लिया गया। पर्यटन स्थलों और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और विकास के लिए विशेषज्ञ परामर्श एजेंसियों की नियुक्ति के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई। पटना के बांकीपुर बस स्टैंड परिसर में जन-निजी भागीदारी से पांच सितारा होटल बनाने के लिए लेटर ऑफ अवार्ड निर्गत करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। वहीं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के पेंशनधारियों का आधार आधारित जीवन प्रमाणीकरण के लिए नामांकन पर गैर-परामर्शी सेवाओं की अधिप्राप्ति हेतु कॉमन सर्विस सेंटर ई-गर्वनेंस सर्विसेस इंडिया लिमिटेड के चयन की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### किस विभाग ने कितने पदों के सृजन के प्रस्ताव को मिली मंजूरी

वहीं बिहार वानिकी महाविद्यालय एवं शोध संस्थान, मुंगेर के स्थायी स्थापना अंतर्गत पूर्व से सृजित विभिन्न कोटि के 204 पदों में से 145 पदों को प्रत्यार्पित करते हुए आवश्यकता आधारित विभिन्न कोटि के 26 अतिरिक्त पदों के सृजन के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी गई। इसके अलावा पर्यावरण, वन एवं जलवायु विभाग में विभिन्न कार्यालय में 1491 अतिरिक्त पदों के सृजन के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। राष्ट्रीय डॉल्फिन शोध केंद्र केंद्र के सुचारू रूप से संचालन के लिए विभिन्न कोटि के कुल 45 पदों के सृजन को स्वीकृति दी गई। इसके अलावा संजय गांधी जैविक उद्यान के सुचारू संचालन के लिए स्थायी स्थापना अंतर्गत विभिन्न कोटि के कुल 172 अतिरिक्त पदों के सृजन को स्वीकृति प्रदान की गई। बिहार के वन प्रमंडलों के पुनर्गठन के साथ-साथ नौ नए वन प्रमंडल के सृजन और विभिन्न कोटि के कुल 927 पदों के सृजन के प्रस्ताव पर मंजूरी दी गई। परिवर्तन विभाग में सचिवालय एवं संलग्न कार्यालय के सुदृढ़ीकरण के लिए विभिन्न कोटि के कुल 78 अतिरिक्त पदों के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।

### नए अस्पताल भवन और मेडिकल कॉलेज बनाने का निर्णय

कैबिनेट की बैठक में कई जिलों में नए अस्पताल भवन और मेडिकल कॉलेज बनाने का निर्णय लिया गया। राज्य के सरकारी मेडिकल कॉलेजों से एमबीबीएस और पीजी डॉक्टरों को तीन वर्ष की अनिवार्य सेवा का प्रावधान करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और 'मिशन निरोगी बिहार' के तहत टीकाकरण अभियान को और सशक्त बनाने का फैसला लिया गया। सड़क निर्माण विभाग की कई बड़ी योजनाओं को मंजूरी दी गई। पटना समेत कई नगर निकायों का क्षेत्र विस्तार किया जाएगा। गंगा जल आपूर्ति, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स के लिए हजारों करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई। पटना मेट्रो रेल परियोजना के तहत कार्यान्वयन के लिए अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत की गई। वहीं स्अस्त्र मुख्यालय भवन के निर्माण को मंजूरी दी गई। पुलिस बल में नई भर्तियों का रास्ता साफ हो गया। बिहार सिविल कोर्ट मैनेजर्स (सेलेक्शन, अप्वॉइंटमेंट एंड सर्विस कंडीशन्स) नियमावली, 2025 को स्वीकृति प्रदान की गई। बिहार उच्च न्यायालय सेवा नियमावली और अन्य विधिक नियमों में संशोधन को मंजूरी दे दी गई।

# दुनिया के नक्शे में रहना है तो रोकें आतंकवाद: सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जयपुर/श्रीगंगानगर**

राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ में शुक्रवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे अपनी धरती पर आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा। जनरल द्विवेदी ने सैनिकों को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट किया कि भारत अब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए गए संयम को दोहराएगा नहीं।

### भारत की दृढ़ कार्रवाई

जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पूरी दुनिया को पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों के सबूत दिए। उन्होंने बताया कि यदि भारत ने ये सबूत उजागर नहीं किए होते, तो पाकिस्तान इन तथ्यों को छिपा लेता। इस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के भीतर नौ लक्ष्यों पर हमला किया, जिनमें से सात सेना ने और दो वायुसेना ने नष्ट किए। जनरल द्विवेदी ने स्पष्ट किया कि भारत का उद्देश्य केवल आतंकियों को निशाना बनाना था, न कि आम पाकिस्तानी नागरिकों को नुकसान पहुंचाना।

### भविष्य के लिए सैनिकों को तैयार रहने का आह्वान

सेना प्रमुख ने सैनिकों से पूरी तरह तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा कि अब अपने आप को पूरी तरह तैयार रखें, यदि भगवान ने चाहा, तो मौका जल्द आएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत इस बार पहले जैसा संयम नहीं दिखाएगा और ऐसी कार्रवाई करेगा, जो पाकिस्तान को अपनी स्थिति पर विचार करने के लिए मजबूर कर दे।

### सीमा पर बसे लोगों को सैनिकों का दर्जा

सीमा के पास रहने वाले लोगों के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारत इन लोगों को आम नागरिकों के बजाय सैनिकों के रूप में देखता है। उन्होंने कहा कि वे हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर युद्ध में खड़े हैं। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि आने वाला संघर्ष सिर्फ सेना का नहीं, बल्कि पूरे देश का है। उन्होंने 1965 और 1971 के युद्धों का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय भी आम नागरिकों ने सैनिकों का साथ दिया था।

### जनता का उत्साह बढ़ाता है सैनिकों का मनोबल

सेना प्रमुख ने सीमा पर रहने वाली जनता के उत्साह की सराहना की और कहा कि उनका जोश सैनिकों का मनोबल बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि वे आगे भी हमारे साथ खड़े रहें। मैं उनकी भावना के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं।

### वैश्विक समर्थन और भारत की स्थिति

जनरल द्विवेदी ने बताया कि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरी दुनिया ने भारत का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भारत ने केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, क्योंकि पाकिस्तान द्वारा आतंकियों को प्रायोजित किया जा रहा था।

# रेस्तरां-थिएटर्स को 24 घंटे खोलने की मंजूरी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार ने राज्यभर में दुकानों, होटलों, रेस्तरां, थिएटर और मनोरंजन स्थलों को 24 घंटे खुले रखने की अनुमति दे दी है। सरकार का दावा है कि इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और व्यवसाय को नई रफ्तार मिलेगी। हालांकि, शराब बेचने और परोसने वाले प्रतिष्ठानों को इस सूची से बाहर रखा गया है। सरकार द्वारा जारी सरकारी आदेश (जीआर) के अनुसार, रेस्तरां , भोजनालय, थिएटर, पब्लिक एंटरटेनमेंट सेंटर और होटल अब दिन-रात खुले रह सकेंगे। नियम के तहत, प्रत्येक कर्मचारी को सप्ताह में 24 घंटे का विश्राम देना अनिवार्य होगा। हालांकि, ऐसे प्रतिष्ठानों पर यह छूट नहीं मिलेगी जहां शराब की बिक्री या आपूर्ति होती है। जीआर में स्पष्ट किया गया है कि वाइन शॉप, बीयर बार, डांस बार, हुक्का पार्लर, डिस्कोथेक और परमिट रूम्स को 24 घंटे संचालन की अनुमति नहीं होगी। इन पर पहले से लागू समयबद्ध नियम जारी रहेंगे।

### आदित्य ठाकरे का भाजपा पर हमला

शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने इस फैसले पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि मुंबई 24/7 की नीति पहले से लागू थी और तब भाजपा ने इसका विरोध किया था। ठाकरे ने सवाल उठाया कि भाजपा अब उसी नीति को लागू कर रही है, जिस पर पहले संस्कृति और सुरक्षा के नाम पर हंगामा किया गया था।

# राहुल गांधी को जन से मारने की धमकी देने वाले के खिलाफ कांग्रेसियों ने दिया तहरीर

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

महानगर कांग्रेस पार्टी ने भाजपा प्रवक्ता पिंटू महादेवन द्वारा कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी दिए जाने के मामले में कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। थाना टीला मोड़ में एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह और थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह को उत्तर प्रदेश महासचिव (अल्पसंख्यक कांग्रेस) अकबर चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने प्रार्थना पत्र सौंपा और कानूनी कार्यवाही करने की मांग किया है। अकबर चौधरी ने आरोप लगाया कि पिंटू महादेवन ने एक लाइव टीवी डिबेट के दौरान राहुल गांधी के सीने पर गोली मारने जैसी आपत्तिजनक और जानलेवा धमकी दी। उन्होंने कहा कि यह महज टिप्पणी नहीं, बल्कि विपक्ष के नेता को चुप कराने की सोची-समझी रणनीति है, जो भाजपा की संकीर्ण मानसिकता को दर्शाती है। उन्होंने मांग की कि इस मामले में है सख्त धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि पिंटू महादेवन पर कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेसजन सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेंगे। प्रार्थना पत्र देने के दौरान गाजियाबाद कांग्रेस सेवादल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष, महानगर कमेटी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

## राहुल-प्रियंका के बाद अब बिहार के हर जिलों में नजर आएंगे दिग्गज कांग्रेसी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के पहले ही प्रदेश में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो चली है। सभी दलों के नेताओं का बिहार आना-जाना का सिलसिला शुरू हो गया हैं। भाजपा जहां कांग्रेस और आरजेडी पर हमलावर है। जबकि दूसरी ओर विपक्षी दल भी जेडीयू और भाजपा पर निशाना साध रहे है। इस बीच महागठबंधन में सीट बंटवारे से पहले कांग्रेस पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरने की तैयारी कर रही है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की एंट्री से पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरने के बाद अब रणनीति के अगले चरण पर काम शुरू हो चुका है। चुनावी अभियान के तहत कांग्रेस आलाकमान ने तय किया है कि प्रदेश के हर जिले में बड़े नेताओं की सभाएं आयोजित होंगी। इसका खाका लगभग तैयार है। छह अक्टूबर के बाद से दिग्गज कांग्रेसियों की जिलेवार तैनाती की तैयारी है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस की योजना है कि सभी जिलों में राज्यसभा सांसद, पूर्व मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष और राष्ट्रीय प्रवक्ता के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया स्वामी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के वसंत कुंज में 17 छात्रों के यौन शोषण के मामले में दिल्ली पुलिस आरोपी स्वामी चैतन्यानंद को आज कोर्ट में पेश किया। आरोपी की पांच दिन की पुलिस रिमांड आज यानी शुक्रवार को खत्म हो रही थी। पुलिस ने उसकी 14 दिन की न्यायिक हिरासत मांगी जिस पर कोर्ट ने मंजूरी दे दी। आरोपी स्वामी के खिलाफ जालसाजी और फर्जी नंबर प्लेट लगाने के दो अलग-अलग मामले दर्ज हैं। फिलहाल दिल्ली पुलिस आरोपी स्वामी से पूछताछ कर रही है।

### आगरा से गया था पकड़ा

बता दें कि दिल्ली के वसंत कुंज स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट-रिसर्च में 17 छात्राओं के साथ छेड़छाड़ के आरोपीस्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी को दिल्ली पुलिस ने 27 सितंबर की रात आगरा से गिरफ्तार किया। आरोपी स्वामी चैतन्यानंद को आगरा, यूपी के होटल फर्स्ट ताजगं से गिरफ्तार किया गया था। चैतन्यानंद पर कई छात्राओं के यौन उत्पीड़न का गंभीर आरोप हैं।



### छात्राओं को योग करती तस्वीरें डालने का बनाया था दबाव

दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी ने छात्राओं के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया हुआ था। इस ग्रुप पर छात्राओं को योग करते हुए तस्वीर डालना अनिवार्य था। इसके पीछे उसका तर्क सेहतमंद शरीर और बेहतर दिमाग था लेकिन मंशा बेहद कुत्सित थी। योग करती हुई छात्राओं की फोटो पर अनुचित और अश्लील टिप्पणी करता था। कोई छात्रा विरोध करती उसकी आवाजा को संस्थान में कार्य करने वाली वार्डन दबा देती थीं। पुलिस को इन तस्वीरों पर चैतन्यानंद की अनुचित टिप्पणी की चैट मिल गई है।

### छात्राओं संग अल्मोड़ा में रुका था स्वामी

आरोपी स्वामी चैतन्यानंद उर्फ पार्थ सारथी अल्मोड़ा के एक होटल में छात्राओं के साथ रुका था। इसकी पुष्टि बाबा के खिलाफ सबूत जुटाने के लिए उत्तराखंड पहुंची पुलिस टीम ने की है। टीम वहां के स्टाफ से बाबा के बारे में और पड़ताल करने की कोशिश कर रही है। संस्थान में बाबा की हरकतों पर पर्दा डालने वाली और छात्राओं के विरोध को दबाने वाली तीन वार्डन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### 'मेरे पास सोने नहीं आई'

दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी के एक मोबाइल को रिट्रीव कराया गया था। उस मोबाइल से छात्राओं के साथ अश्लील चैट की 1000 से ज्यादा चैट मिली हैं। एक चैट में वह पीड़ित छात्रा से पूछ रहा है कि... वह उससे क्यों नाराज है। आरोपी छात्राओं को हर रोज गुड मॉर्निंग के मैसेज भेजता था। एक चैट में वह एक छात्रा को बेटी भी कह रहा है। एक चैट में वह एक छात्रा को कहता है कि वह उसके पास सोने नहीं आई।

### दुबई का शेख जिस्मानी संबंध बनाना चाहता है

एक अन्य चैट में वह पीड़िता को कह रहा है कि वह डिस्को कर रहा है। वह छात्रा को डिस्को डांस में आकर ज्वाइन करने के लिए पूछता है। पुलिस का काफी ऐसी चैट मिली हैं कि उसमें बहुत ज्यादा अश्लील बातें कर रखी हैं। उसने एक छात्रा से पूछा कि दुबई का शेख जिस्मानी संबंध बनाना चाहता है, उसके कोई दोस्त या जूनियर है। इस पर पीड़िता बिल्कुल मना कर देती है।

### छात्राओं को महंगे गिफ्ट देता था

पुलिस की जांच में ये बात सामने आई है कि आरोपी छात्राओं को महंगे गिफ्ट भी देता था। उसने छात्राओं को महंगे कपड़े व गहने दिलवाए हैं। वह परफ्यूम भी गिफ्ट में देता था। पुलिस की जांच में ये पता लगा है कि आरोपी छात्राओं के साथ अश्लील हरकतें आश्रम से बाहर करता था। वह छात्राओं को उत्तराखंड व दिल्ली से बाहर ले जाता था। पुलिस को जांच में ये भी पता लगा है कि वह कुछ छात्राओं को भारत से बाहर भी ले गया है। पुलिस टीमें पुष्टि के लिए बागेश्वर, अल्मोड़ा और अन्य उन जगहों पर गई, जहां फरारी के दौरान वह रुका था।

# ट्रिपल इंजन सरकार अपने दोनों इंजनों की तरह फेल साबित हो रही: सतीश शर्मा

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

भारतीय जनता पार्टी की सरकार जन विरोधी नीतियों के कारण स्वयं अपना अस्तित्व जनता में खोती जा रही है। जनपद में ट्रिपल इंजन सरकार अपने दोनों इंजनों की तरह फेल साबित हो रही है। यह बातें जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय सेंट्रल मार्केट गाजियाबाद पर आयोजित मासिक बैठक में जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने कही। जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में भारी संख्या अन्य राजनीतिक पार्टियों से कार्यकर्ता पार्टी मे शामिल हुए। बैठक में संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि वह समय दूर नहीं जब 2027 में कांग्रेस का परचम पूरे प्रदेश और देश में लहराएगा हर दिन कांग्रेस करवा आगे बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस में अन्य पार्टियों से राहुल गांधी की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी का दामन थाम रहे है । वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान जो राहुल गांधी के द्वारा चलाया गया उसमे सच्चाई नजर आने के कारण अन्य पार्टियों से बहुत से लोग कांग्रेस पार्टी में अपनी निष्ठा जाता रहे हैं । उसी के तहत आज जिला कांग्रेस में विभिन्न पार्टियों को छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया है। कांग्रेस पार्टी में पूर्व महिला जिला पदाधिकारी आम आदमी पार्टी पुष्पलता, अजय कुमार बी एस पी, आर बी श्रीवास्तव बीजेपी, सुनील कुमार पुर्वांचल प्रकोष्ठ एवं आरएसएस, शबनम सैफी मुस्तकीम सहित भारी संख्या में कार्यकताओं ने अन्य पार्टियों पर से भरोसा छोड़कर कांग्रेस पार्टी पर भरोसा किया है। जिनका कांग्रेस मे स्वागत किया गया। सभी ने अपना हृदय



परिवर्तन करण के बारे में सभी कांग्रेस जन को बताया सभी ने तालियां बजाकर कांग्रेस पार्टी के परिवार में शामिल होने पर स्वागत किया मासिक बैठक में सभी विधानसभाओं के प्रभारी मौजूद रहे और सभी ने जिला अध्यक्ष की कार्यशाली की प्रशंसा किया। जिला कॉर्डिनेटर राजकुमार शर्मा ने कहा कि गाजियाबाद ए प्लस श्रेणी में पीसीसी कार्यालय में चल रहा है। बूथ तक पार्टी अपनी स्कीथिति मजबूत करने में लगी है। जिसके लिए बूथवार लिस्ट तैयार हो रही है। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष द्वारा सभी से गाजियाबाद में हाउस टैक्स वृद्धि के ऊपर ज्ञापन तैयार किया गया। जिला मुख्यालय पर सामूहिक रूप से जाकर डीएम कार्यालय में सौंपा गया। सभी ने जिला मुख्यालय अधिकारी को ज्ञापन देने के लिए पहुंचे जिसमें उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रस्तावित हाउस टैक्स प्रति के खिलाफ ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में सतीश शर्मा जिला अध्यक्ष, पूर्व महानगर अध्यक्ष पूर्व पार्षद सुनील चौधरी , जयवीर सिंह, सुरेंद्र शर्मा, चौधरी वीरेंद्र सिंह, आशुतोष गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी आशीष शर्मा, नीरज प्रजापति, रफीक कुरैशी, राजेश गुप्ता, सुशील शर्मा, सविता गौतम, बबलू, मंडल अध्यक्ष डॉक्टर शोएब,अमित ठेकेदार इस्लाम बंजारा, अजय शर्मा, सलीम इदरीसी महिला अध्यक्ष डॉली सविता गौतम, विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनोज कुमार राय अपनी टीम के साथ ज्ञापन देने में उपस्थित रहे और अन्य सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विजयदशमी और दुर्गापूजा का पर्व धूमधाम से हुआ सम्पन्न, बेमौसम बरसात ने बदरंग किया

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

जनपद में हर्षोल्लास के साथ विजयादशमी और दुर्गापूजा का त्यौहार शांति और सद्भाव के साथ मनाया गया । भारी बारिश और जल जमाव से नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा लेकिन आस्था एवं विश्वास के आगे कठिनाइयों से जनता बेपरवाह रही । भारी भीड़ और प्रशासनिक व्यवस्थाओं के इंतजाम ध्वस्त होने केबाद भी कोई अप्रिय घटना नहीं घटना प्रशासनिक हल्के को सकून दिया । वैशाली, वसुंधरा , इंदिरापुरम,खोड़ा , गाजियाबाद के इलाके कविनगर ,संजय नगर , राजनगर ,साहिबाबाद सहित अन्य



इलाकों में दुर्गा पूजन और रामलीला मंचन के साथ रावण दहन के साथ मेला सम्पन्न हुआ। इसी क्रम में 8वीं वाहिनी एनडीआरएफ गाज़ियाबाद परिसर में विजयादशमी पर्व अत्यंत श्रद्धा, गरिमा और उत्साह के साथ मनाया गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि राष्ट्रीय सेवा, कर्तव्यबोध और सांस्कृतिक मूल्यों की जीवंत अभिव्यक्ति भी बना। पूरे नवरात्रि काल में वाहिनी परिसर में माँ दुर्गा के विविध रूपों की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। प्रत्येक दिन की आराधना में माँ के एक-एक स्वरूप को समर्पित भाव से नमन किया गया, जिससे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा और सामूहिक श्रद्धा की अनूठी छटा बिखरी रही। नवमी के दिन माँ दुर्गा की विशेष पूजा के उपरांत विधिविधान से हवन सम्पन्न हुआ, जिसमें वाहिनी के अधिकारीगण, रेस्क्यूर्स एवं उनके परिवारजनों ने भाग लिया। इसके पश्चात परंपरागत बल परंपरा के अनुसार शस्त्र पूजन सम्पन्न हुआ, जिसमें प्रत्येक शस्त्र को नमन करते हुए रेस्क्यूर्स ने अपने कर्तव्य, साहस और समर्पण को पुनः स्मरण किया। इस गरिमामयी आयोजन के मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार तिवारी, उप महानिरीक्षक, 8वीं वाहिनी एवं नावा अध्यक्ष डॉ. अनुपमा गौतम रहीं। दोनों अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। उनके नेतृत्व में माँ दुर्गा की प्रतिमा का भावपूर्ण विसर्जन विधिविधान से सम्पन्न हुआ, जिसमें वाहिनी परिवारों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों ने भी भावनात्मक सहभागिता निभाई।